या कोई झांकती हुई चिड़िया

एक झीना सा आवरण
हमारी चेतना के खूंटे से टंगा हुआ
एक मनुष्य को दूसरे से अलग करता हुआ
आवरण खिंच जाए तो अपनी नग्नता में
सिर्फ एक मनुष्यता परदे के इस तरफ से
उस तरफ तक सिर्फ एक संसार

मैं अकसर परदा खींच देता हूं
अपनी खिड़कियों से
आसमान को विस्तार देने के लिए,
सड़क को विश्राम देने के लिए,
या बस इतने के लिए
कि मेरा कमरा
एक चिड़िया की नजर में आ जाए।

**-शशांक कुमार, दरभंगा, बिहार**
(मूल कविता के सम्पादित अंश

पूरी कविता को पढ़ने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

**भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित**

## पाठकों के पत्र

### ई20 से पहले तकनीकी बदलाव जरूरी थे

देश में ई20 पेट्रोल का विरोध हो रहा है। सरकार को पहले एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल से वाहनों में संभावित खराबी का संज्ञान लेकर ऑटोमोबाइल कंपनियों को ई20 के अनुरूप तकनीकी परिवर्तन का आदेश देना चाहिए था। उसके बाद ही ऐसे पेट्रोल को बाजार में लाना था। **-संजय कुमार आर्य, नागपुर, महाराष्ट्र**

### आधार केंद्रों की संख्या बढ़े

आधार कार्ड शुरू हुए इतना समय बीत गया, लेकिन आज भी लोगों की लाइन खत्म नहीं हुई है। बड़े शहरों में भी एक-दो जगह ही आधार सेवा केंद्र हैं। सरकार को अधिक संख्या में केंद्र खोलने चाहिए, जो घर से 1-2 किलोमीटर के दायरे में ही हों।
**-समर्थ कछावा, कोटा, राजस्थान**

**आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं**

## क्या आप जानते हैं

### पीछे उड़ने वाला इकलौता पक्षी है हमिंगबर्ड

**हमिंगबर्ड** दुनिया का एकमात्र पक्षी है, जो पीछे की ओर उड़ सकता है। साधारण पक्षी जहां अपने पंख ऊपर-नीचे ही हिला सकते हैं, वहीं हमिंगबर्ड पंखों को '8' के आकार में एक सेकंड में 80 बार तक असाधारण गति से हिला सकता है। इसी खासियत से वह पीछे की ओर उड़ पाता है।

**1200 धड़कन प्रति मिनट की रफ्तार से धड़कता है हमिंगबर्ड का दिल।**

---

## दूरदृष्टि • कम लागत में अधिक उत्पादन की क्षमता कंपनियों को कीमतें घटाने में भी सक्षम बनाएगी...

# बहुत सारे नए रोजगार भी क्रिएट करेगा एआई

## नया दौर

रघुराम राजन
आरबीआई के पूर्व गवर्नर



**तो** क्या एआई हमारी नौकरियां खाने जा रहा है? अभी तो कोई नहीं जानता कि यह कितनी तेजी से होगा, कितना व्यापक होगा और इसका सबसे अधिक असर किन सेक्टर्स पर पड़ेगा। बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि अलग-अलग कंपनियां इस तकनीक को अपने कामकाज में कितनी तेजी से लागू करती हैं। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के हालिया बिजनेस ट्रेंड्स एंड आउटलुक सर्वे के अनुसार, 20 से कम कर्मचारियों वाली केवल 20% कंपनियां ही वर्तमान में एआई का इस्तेमाल करती हैं, जबकि कम से कम 250 कर्मचारियों वाले 37% बिजनेसों में एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। यानी बड़ी कंपनियां इस तकनीक का अधिक उपयोग कर रही हैं, लेकिन 37% का आंकड़ा भी कम ही है।

फिलहाल, एआई को अपनाने की राह में एक बड़ी बाधा यह है कि पहले से ही असाधारण क्षमताओं वाली इस तकनीक को मौजूदा वर्कफ्लो में इस तरह से कैसे समायोजित करें कि कंपनियां उसका पूरा लाभ उठा सकें। इसके लिए ऐसे मॉडल जरूरी हैं, जो न केवल मौजूदा डेटा पर प्रशिक्षित हों, बल्कि रोजमर्रा के इस्तेमाल से पैदा होने वाले नए डेटा के प्रति एडाप्टिव भी हों। एआई को अपनाने में बाधा डालने वाला एक अन्य फैक्टर लागतों को लेकर अनिश्चितता है। कई बड़ी कंपनियां अभी भी पायलट प्रोजेक्ट चला रही हैं और नियुक्ति या छंटनी के फैसले टाल रही हैं, क्योंकि वे स्थिति के और स्पष्ट होने का इंतजार कर रही हैं। लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक दबाव उन्हें इस तकनीक को अपनाने के लिए मजबूर करेगा ही।

इसके बावजूद, रोजगार के लिहाज से भविष्य पूरी तरह निराशाजनक नहीं है। अगर कंपनियां वही वस्तुएं बनाती और वही सेवाएं उपलब्ध कराती रहती हैं- जो वे अभी करती हैं- तो एआई को अपनाने का प्रभाव वही होगा, जो किसी भी नई तकनीक का होता है। हां, कुछ नौकरियां जरूर गैर-जरूरी हो जाएंगी, लेकिन कुछ अधिक प्रोडक्टिव और दिलचस्प भी होंगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि एआई ऊबाऊ और दोहराव वाले कामों को कम करेगा और उन कामों में मदद करेगा, जिन्हें इंसान ज्यादा अच्छी तरह से नहीं कर पाते हैं। साथ ही, नई नौकरियां भी पैदा होंगी- जैसे एआई इंजीनियरों की, जो इस तकनीक के इंप्लीमेंटेशन की निगरानी करेंगे।

इसके अलावा, अगर एआई को अपनाने की वजह प्रोडक्टिविटी में वृद्धि है (यह नहीं कि यह मानव-श्रम की तुलना में सस्ता पड़ता है), तो कंपनियों की कम लागत में अधिक उत्पादन करने की क्षमता उन्हें कीमतें घटाने और बिक्री बढ़ाने में सक्षम बनाएगी। यह प्रसिद्ध जेवन्स-इफेक्ट है और इससे रोजगार भी बढ़ने चाहिए।

आशावादी होने का एक और कारण यह है कि एआई नए बिजनेस खड़े करने में मदद कर सकता है। मान लीजिए कि कोई व्यक्ति फर्नीचर बनाने का कारोबार शुरू करना चाहता है, लेकिन वह इसलिए हिचकिचाता है क्योंकि इसके लिए उसे एक वेब-प्रोग्रामर और अकाउंटेंट की जरूरत है। अगर एआई ये दोनों भूमिकाएं निभा सके, तो शायद वह काफी कम लागत में एकल स्वामित्व वाला व्यवसाय शुरू कर सकता है। महामारी के दौरान





**भविष्य निराशाजनक नहीं है...**
**रोजगार के लिहाज से भविष्य पूरी तरह निराशाजनक नहीं है। एआई को अपनाने का प्रभाव वही होगा, जो किसी भी नई तकनीक का होता है। कुछ नौकरियां जरूर गैर-जरूरी हो जाएंगी, लेकिन कुछ अधिक प्रोडक्टिव भी होंगी। नई नौकरियां भी पैदा होंगी- जैसे एआई इंजीनियरों की।**

स्टार्टअप की संख्या पहले ही काफी बढ़ गई थी और हाल की तिमाहियों में इसमें और वृद्धि हुई है।

अर्थशास्त्री डेविड ऑटर बताते हैं कि एआई मध्यम कौशल वाले कामगारों को हाई-स्किल्स से लैस कर सकता है। इसका उदाहरण कोई नर्स प्रैक्टिशनर है, जो मेडिकल एआई की मदद से कहीं अधिक बीमारियों की पहचान और इलाज कर सकती है। दुनिया भर में चिकित्सा-सेवाओं की भारी मांग को देखते हुए इस क्षेत्र में नए रोजगार पैदा करने की काफी गुंजाइश है।

यह समझते हुए कि एआई के कारण नौकरियों के संकट का पहला दौर आखिरी नहीं होगा, कंपनियों को समय-समय पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने और जहां तक संभव हो, उन्हें नौकरी पर बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत होगी। सरकारें कर्मचारियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त प्रशिक्षण के लिए टैक्स-क्रेडिट पर विचार कर सकती हैं, जिसमें कर्मचारी के काम पर बने रहने पर हर साल प्रशिक्षण की लागत का एक-तिहाई इस्तेमाल किया जा सके। अगर सरकार ऐसी नीति एआई अपनाने वाली कंपनियों पर लागू करना चाहती है, तो वो यह भी कर सकती है कि इस क्रेडिट का इस्तेमाल केवल टोकन टैक्स की भरपाई के लिए हो।

हालांकि, कर-प्रोत्साहनों से भी अधिक महत्वपूर्ण यह होगा कि कंपनियां स्वीकारें वे अपने कर्मचारियों को अनिश्चित भविष्य से निपटने में मदद करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जैसे-जैसे रोजगार को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी, सबसे योग्य और प्रतिभाशाली लोग भी ऐसे एम्प्लॉयर के यहां नौकरी स्वीकार करने को लेकर चिंतित हो सकते हैं, जो जब चाहे उन्हें नौकरी से निकाल सकता है। जो एम्प्लॉयर अपने कर्मचारियों को सहयोग देने का वादा करेंगे, उन्हें अंततः एक अतिरिक्त लाभ भी मिल सकता है : उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी तो उनके पास चुनने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उम्मीदवारों का एक बड़ा पूल होगा। **(@ प्रोजेक्ट सिंडिकेट)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

---

## स्पीक-अप • नेता, अफसर, ठेकेदार गठजोड़ को समझें

# शहरों को 'स्मार्ट' बनाना है तो उनके लिए जवाबदेही तय करें

## डेवलपमेंट

मिन्हाज मर्चेंट
लेखक, प्रकाशक और सम्पादक
mmleditorial@gmail.com



**सरकार** ने 2015 में जब 100 स्मार्ट सिटी विकसित करने की योजना घोषित की थी तो उससे जनता की अपेक्षाएं बहुत अधिक थीं। लोग दशकों से जर्जर बुनियादी ढांचे, गड्ढों से भरी सड़कों, ट्रैफिक जाम और भ्रष्टाचार झेलते आ रहे थे। स्मार्ट सिटीज मिशन ने हालात बदलने का वादा किया था। लेकिन अब तक तो ऐसा नहीं हो पाया है। ये सच है कि एक्सप्रेस-वे, मेट्रो, पुल, सुरंगें और सी-लिंक जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए गए हैं, लेकिन इनमें खामियां भी सामने आ रही हैं। नए पुल ढह जाते हैं, एक्सप्रेस-वे में दरारें पड़ जाती हैं और सुरंगों में पानी भर जाता है। स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, सार्वजनिक सेवाओं में विश्वस्तरीय सुविधाएं देने और समस्याओं पर डिजिटल माध्यम से कार्रवाई के प्रावधान थे। 2020-2021 में कोविड ने इसके कामकाज को बेपटरी कर दिया। 2023-2024 में सरकार का ध्यान चुनावों पर चला गया।

2025 में मिशन की दसवीं वर्षगांठ पर सरकार ने अपना बचाव करते हुए कहा था कि 'शहरों का विकास अब एरिया-बेस्ड डेवलपमेंट (एबीडी) के नजरिए से किया जा रहा है, जिसमें सभी 100 शहरों ने टारगेटेड तरीके से विकास कार्यों के लिए कुछ तयशुदा क्षेत्रों का चयन किया है। जनभागीदारी से चुने गए एबीडी क्षेत्रों को ऐसे मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जिसे शहर के बाकी हिस्सों में भी लागू किया जा सके। इसके अलावा, हर शहर में पैन-सिटी प्रोजेक्ट भी शामिल किए गए हैं, जिनमें बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए तकनीक आधारित समाधान अपनाए जा रहे हैं।' कागज पर यह सब प्रभावी लगता है। धरातल पर कई क्षेत्रों में प्रगति भी दिखती है। मिशन के 100 में से 28 शहरों में पेयजल सप्लाई बेहतर हुई और नल के जरिए जलापूर्ति वाले घरों की संख्या भी 2014 के 17% से बढ़कर 2026 में 80% हो गई। इंदौर जैसे शहर बेहद साफ-सुथरे हैं और मिशन की रैंकिंग में लगातार पहले स्थान पर रहे हैं। लेकिन दर्जनों शहर ऐसे भी हैं, जहां अब भी खराब आवास-व्यवस्था, बदहाल सड़कें, कूड़ा-करकट और भ्रष्टाचार बड़ी समस्या बना हुआ है।

भले ही स्मार्ट सिटीज मिशन भारत की शहरी समस्याओं से निपटने की अच्छी शुरुआत हो, लेकिन असल सुधारों की जरूरत राजनीतिक स्तर पर है। जब तक शहरों और कस्बों को राज्य सरकारों की निगरानी से आजाद करके उन्हें स्वायत्तता और जवाबदेही नहीं दी जाती, तब तक भारत के शहर बदहाल ही रहेंगे। मसलन, मुंबई की मेयर के पास नगरीय प्रशासन की कोई शक्तियां नहीं हैं। मेयर का निर्वाचन भी वहां की जनता नहीं करती, बल्कि राज्य में सत्तारूढ़ दल ही उसे चुनते हैं। भारत के सबसे अमीर नगरीय निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के कमिश्नर नौकरशाह होते हैं। इनमें कई अधिकारी तो बहुत अच्छा काम भी करते हैं, लेकिन उनका कार्यकाल दो साल से भी कम का होता है। तबादला हुआ तो पीछे छूट गई व्यवस्था में स्थायी सुधार करने का उनका प्रोत्साहन भी जाता रहता है।

राजनेताओं, नौकरशाहों और ठेकेदारों की मिलीभगत से ऐसी सड़कें बनाई जाती हैं, जो जल्द खराब हो जाएं। इनमें जानबूझकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि उन्हें हर साल मरम्मत की जरूरत पड़े। फिर रिश्वतखोरी का खेल चलता है। मुंबई-गोवा और नासिक की सड़कों की हालत इस बात का प्रमाण है कि राजनेता-नौकरशाह-ठेकेदार गठजोड़ ने भारत के बुनियादी ढांचा विकास को कैसे कमजोर किया है।

**असल सुधारों की जरूरत राजनीतिक स्तर पर है। जब तक शहरों के नेतृत्व को राज्य सरकारों की निगरानी से आजाद करके लंदन और न्यूयॉर्क के मेयरों जैसी स्वायत्तता और जवाबदेही नहीं दी जाती, तब तक वे बदहाल ही बने रहेंगे।**

लंदन और न्यूयॉर्क में मेयर का चुनाव जनता के वोट से होता है। ये मेयर नागरिकों के प्रति जवाबदेह होते हैं। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी उन बहुत-से मेयरों में से एक हैं, जिन्होंने न्यूयॉर्क को बदला है। 1970 और 1980 के दशक में न्यूयॉर्क की छवि एक खस्ताहाल शहर की थी। टाइम्स स्क्वायर अपराध और फूहड़पन का अड्डा बन गया था। इसके बाद रूडी जूलियानी, माइकल ब्लूमबर्ग, बिल डी ब्लासियो और अब ममदानी जैसे मेयरों ने शहर को स्वच्छ बनाया, अपराध कम किया और रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों को आकर्षित किया। जबकि मुंबई में रितु तावड़े निर्वाचित नहीं हुईं, उनका चयन किया गया है। शहर की गड्ढों भरी सड़कों या जर्जर इमारतों के प्रति उनकी सीधी जिम्मेदारी नहीं है। यही वजह है कि मुंबई 100 स्मार्ट शहरों की सूची में निचले पायदान पर है। इस स्थिति को बदलने के लिए भारत के हर शहर में निर्वाचित मेयर होने चाहिए, जो उन्हें वोट देने वाले नागरिकों के प्रति जवाबदेह हों।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

## विश्लेषण • सामरिक महत्व के बूते टिका हुआ है

# अलग-अलग वजहों से कई देश पाकिस्तान में दिलचस्पी रखते हैं

## भू-राजनीति

सैयद अता हसनैन
बिहार के राज्यपाल और कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर



**पाकिस्तान** गंभीर संकटों से घिरा है। आर्थिक स्थिति कमजोर है, राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है, बलूचिस्तान में अलगाववाद बढ़ रहा है, खैबर पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले तेज हो गए हैं और पीओके में भी असंतोष सामने आने लगा है। तो क्या पाकिस्तान अब टूटने के कगार पर है?

पाकिस्तान के सामने असल चुनौती उसकी संघीय व्यवस्था की है। वह अनेक भाषाओं, जातीय समूहों और क्षेत्रीय पहचानों से मिलकर बना है। इतने विविध समाज को एक सूत्र में बांधने का काम वहां लोकतांत्रिक संस्थाओं से अधिक सेना ने किया है। लेकिन किसी भी राष्ट्र की स्थायी एकता ताकत नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और राजनीतिक सहमति पर टिकी होती है।

आज बलूचिस्तान में लोग राजनीतिक अधिकारों की मांग कर रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा आतंकवाद और सुरक्षा अभियानों के बीच लगातार अशांत है। सिंध में समय-समय पर क्षेत्रीय पहचान का प्रश्न उभरता रहता है, जबकि मुहाजिर समुदाय भी अपने राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर असंतुष्ट रहा है। अब पीओके में भी आर्थिक मुद्दों से शुरू हुआ जन-आंदोलन शासन व्यवस्था और इस्लामाबाद के नियंत्रण पर सवाल उठाने लगा है। इनमें से कोई भी अकेले पाकिस्तान की अखंडता के लिए तत्काल खतरा नहीं है। लेकिन जब इतने मोर्चों पर असंतोष एक साथ दिखाई दे, तो यह स्पष्ट संकेत होता है कि संघीय ढांचे के भीतर गंभीर दरारें मौजूद हैं।

फिर भी पाकिस्तान आज तक कैसे टिका है? इसका सबसे बड़ा कारण उसकी आंतरिक मजबूती नहीं, बल्कि सामरिक महत्व है। पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति उसे दक्षिण एशिया, मध्य एशिया, पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनाती है। उसके पास परमाणु हथियार हैं और उसकी सीमाएं संवेदनशील क्षेत्रों से जुड़ी हैं। यही कारण है कि बड़ी ताकतें पाकिस्तान के पूर्ण पतन का जोखिम उठाना नहीं चाहतीं।

शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने उसे अपना सहयोगी बनाया था। अफगान युद्ध और उसके बाद आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान में भी पाकिस्तान की उपयोगिता बनी रही। आर्थिक संकटों के बावजूद आईएमएफ सहित कई संस्थाओं ने बार-बार उसकी आर्थिक सहायता की। पाकिस्तान को अब तक आईएमएफ से अनेक राहत पैकेज मिल चुके हैं। यह आर्थिक ही नहीं, भू-राजनीतिक निर्णय भी रहे हैं।

आज चीन पाकिस्तान का सबसे बड़ा रणनीतिक साझेदार है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपेक) केवल एक आर्थिक परियोजना नहीं, बल्कि चीन की दीर्घकालिक सामरिक योजना का हिस्सा है। इसके माध्यम से चीन अरब सागर तक पहुंच बनाना चाहता है और भारत पर रणनीतिक दबाव बनाए रखना भी उसके हित में है। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि बाहरी निवेश किसी देश की अर्थव्यवस्था को सहारा दे सकता है, उसकी राष्ट्रीय एकता नहीं बना सकता।

अमेरिका की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं, फिर भी वह पाकिस्तान को पूरी तरह अस्थिर नहीं देखना चाहता। उसकी चिंता परमाणु हथियारों की सुरक्षा, आतंकवाद और क्षेत्रीय स्थिरता से जुड़ी है। वहीं सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों के लिए भी पाकिस्तान एक महत्वपूर्ण सुरक्षा साझेदार बना हुआ है। अलग-अलग कारणों से कई देश पाकिस्तान में रुचि रखते हैं।

लेकिन बाहरी सहयोग पाकिस्तान की आंतरिक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं है। पाकिस्तान का नेतृत्व अकसर अपनी आंतरिक विफलताओं का दोष

**क्या पाकिस्तान सेना और विदेशी सहयोग के सहारे चलने के बजाय अपने नागरिकों के विश्वास पर आधारित देश बन पाएगा? जब तक इसका उत्तर नहीं मिलता, उसकी आंतरिक कमजोरी और सामरिक उपयोगिता- दोनों बनी रहेंगी।**

बाहरी शक्तियों- विशेषकर भारत पर डालने का प्रयास करता है। इससे कुछ समय के लिए घरेलू राजनीति में लाभ मिल सकता है, लेकिन शासन, अर्थव्यवस्था और जनता की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं होता।

भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वह न तो पाकिस्तान की कमजोरियों पर अत्यधिक उत्साहित हो और न ही उसे कमतर आंके। एक अस्थिर पाकिस्तान भारत के लिए भी नई चुनौतियां पैदा कर सकता है। परमाणु सुरक्षा, सीमापार आतंकवाद, शरणार्थियों का दबाव और चीन की बढ़ती भूमिका जैसे अनेक जोखिम हमारे सामने आ सकते हैं। इसलिए भारत की नीति भावनाओं के बजाय यथार्थवादी रणनीति पर आधारित होनी चाहिए। हमें पाकिस्तान के टूटने की भविष्यवाणियों में उलझने के बजाय इस संभावना के लिए तैयार रहना चाहिए कि वह भीतर से कमजोर होते हुए भी बाहरी शक्तियों के कारण लंबे समय तक बना रह सकता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

## डिफ्रेंट एंगल • मरीज अस्पताल में इस भरोसे से प्रवेश करे कि उसे उतना ही इलाज मिलेगा, जितना जरूरी है

# मुनाफा तय न करे कि कौन-सी जांच हो और कौन-सी दवा दें

## हेल्थ

डॉ. चन्द्रकांत लहारिया
जाने माने चिकित्सक
c.lahariya@gmail.com



**भारत** में निजी अस्पताल में दाखिले के साथ ही मरीज और परिवार के सामने दुविधाएं आ खड़ी होती हैं। अंतिम बिल कितना होगा, यह अकसर इलाज पूरा होने तक स्पष्ट नहीं होता। संसद में 7 अगस्त 2026 को पेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति की 176वीं रिपोर्ट ने इसी चिंता को सामने रखा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार निजी अस्पताल में भर्ती होने का औसत खर्च 50,508 रुपये है, जबकि सरकारी अस्पताल में यह 6,631 रुपये है। प्रसव पर निजी संस्थान में औसत जेब खर्च 37,630 रुपये है, जबकि सरकारी संस्थान में केवल 2,299 रुपये।

समिति ने कुल 368 सिफारिशें की हैं। इनमें इलाज शुरू होने से पहले संभावित खर्च बताना, मानकीकृत पैकेज दरें तय करना और अस्पतालों के शुल्क में पारदर्शिता बढ़ाना शामिल है। एक सुझाव यह भी है कि महानगरों में निजी अस्पतालों के सामान्य कमरों का शुल्क आसपास के तीन सितारा होटलों के औसत किराये से अधिक न हो। बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों से अपेक्षा की गई है कि मेडिकल टूरिज्म, विदेशी मरीजों और संपन्न वर्ग से होने वाली आय का कुछ लाभ गरीबों तक पहुंचे।

लेकिन भारत को स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए निजी और विदेशी पूंजी की जरूरत भी है। अस्पताल बनाना महंगा है। जमीन, आधुनिक उपकरण, आईसीयू, प्रयोगशालाएं, डिजिटल तकनीक और प्रशिक्षित कर्मचारी- सबके लिए बड़ा निवेश चाहिए। सरकारी अस्पताल अभी अकेले देश की सारी जरूरत पूरी नहीं कर सकते। इसलिए निजी अस्पतालों और विदेशी निवेश को खलनायक मानना सही नहीं होगा। समस्या पूंजी नहीं, यह है कि पूंजी से मिलने वाले लाभ की अपेक्षा कहीं चिकित्सा निर्णयों को प्रभावित न करने लगे।

स्वास्थ्य-सेवा सामान्य बाजार नहीं है। बीमार व्यक्ति कार या मोबाइल खरीदने वाले ग्राहक की तरह अलग-अलग दुकानों में कीमतों की तुलना नहीं कर सकता। अस्पताल ही काफी हद तक तय करता है कि मरीज का क्या इलाज करना है। एमआरआई जरूरी है या नहीं, भर्ती दो दिन और चले या नहीं, एंजियोप्लास्टी की आवश्यकता है या दवाओं से इलाज हो सकता है- इन फैसलों में डॉक्टर और अस्पताल के पास मरीज से कहीं अधिक जानकारी होती है। यह स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी इन्फॉर्मेशन एसीमेट्री या ज्ञान-असमानता है, जिसके बारे में अर्थशास्त्री लम्बे समय से बताते रहे हैं।

कॉर्पोरेट अस्पतालों में महंगी तकनीक, नामी विशेषज्ञ और बेहतर सुविधाएं गुणवत्ता बढ़ा सकती हैं। लेकिन इनकी लागत भी वसूलनी होती है। संस्थानों पर लगातार बेड भरने, प्रति मरीज आय बढ़ाने या अधिक जांचें कराने का दबाव होता है। अधिकांश डॉक्टर मरीज का हित ही चाहते हैं, लेकिन संस्थागत प्रोत्साहन चिकित्सकीय व्यवहार को प्रभावित करते हैं। यहीं से 'ओवर-मेडिकलाइजेशन' की समस्या शुरू होती है। अधिक जांचें ऐसी छोटी असामान्यताएं पकड़ सकती हैं जिनसे मरीज को जीवनभर कोई नुकसान नहीं होता। फिर उनके पीछे नई जांचें होती हैं। सामान्य सीमा के आसपास की स्थिति बीमारी घोषित हो सकती है। जिसे घर पर दवाओं व निगरानी से संभाला जा सकता था, वह अस्पताल में भर्ती हो सकता है। जहां इंतजार और निगरानी उचित थी, वहां प्रक्रिया की सलाह दी जा सकती है।

सीजेरियन ऑपरेशन, एंजियोप्लास्टी, आईसीयू भर्ती, डायग्नोस्टिक पैकेज और लंबी दवा-सूचियों पर इसलिए केवल व्यक्तिगत चिकित्सकीय फैसलों के रूप में नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य-तंत्र के प्रोत्साहनों के संदर्भ में भी विचार होना चाहिए। हमें स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश चाहिए। मुनाफा कमाना भी अपराध नहीं है। सीमा वहां खिंचनी चाहिए, जहां मुनाफे की अपेक्षा यह तय करने लगे कि कौन-सी जांच होगी, कौन-सी दवा लिखी जाएगी और कौन-सी प्रक्रिया की जाएगी। स्वास्थ्य-व्यवस्था की सफलता अस्पतालों में आए निवेश या मेडिकल टूरिज्म की वृद्धि से नहीं मापी जानी चाहिए। असली कसौटी यह है कि मरीज अस्पताल में इस भरोसे से प्रवेश कर सके कि उसे उतना ही इलाज मिलेगा, जितना जरूरी है- न उससे कम, न अधिक। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## बिजनेस ब्रीफ

### एसबीआई ने एफडी की दरें 0.25% तक घटाई

**मुंबई|** एसबीआई ने 3 करोड़ या उससे अधिक की बल्क एफडी की ब्याज दरों में कटौती की है। बैंक ने 7 से 179 दिनों की एफडी की दरें 0.25% घटाई हैं। वहीं, 180 से 210 दिनों की एफडी पर 0.10% कटौती की गई है। यह बदलाव आम और सीनियर सिटीजंस, दोनों के लिए है। अब 7-14 दिनों की जमा पर आम नागरिकों को 4.25% और सीनियर सिटीजंस को 4.75% ब्याज मिलेगा। 211 दिन से 10 वर्ष तक के डिपॉजिट की दरें अपरिवर्तित हैं।

### लिस्टिंगः रोबोट कंपनी के शेयर 629% उछले

**शंघाई|** चीन की रोबोट कंपनी 'यूनिट्री' के शेयर शंघाई स्टॉक एक्सचेंज में बुधवार को लिस्टिंग के दिन 629% तक उछल गए। शेयर 150.8 युआन (₹2,142) की शुरुआती कीमत के मुकाबले 1,100 युआन (₹15,637) पर पहुंच गए। वांग शिंगशिंग द्वारा 2016 में स्थापित इस कंपनी ने लिस्टिंग (आईपीओ) से ₹8,671 करोड़) जुटाए। बीते वर्ष दुनिया में बिके 15 हजार ह्यूमनॉइड रोबोट में से 5 हजार से ज्यादा अकेले यूनिट्री ने बेचे थे।

### इंडियाबुल्सः लोन गड़बड़ी की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली|** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की स्वतंत्र जांच करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सीबीआई दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू रिपोर्ट के निष्कर्षों से प्रभावित न हो। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ईओडब्ल्यू को 1,574 करोड़ रुपए के सौदे से जुड़ी लंबित जांच पूरी कर नई स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

### बुकमायशो में हिस्सेदारी खरीदेगी केकेआर, करार

**मुंबई|** वैश्विक इन्वेस्टमेंट कंपनी केकेआर ने एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म बुकमायशो में माइनोरिटी (छोटी) हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बुकमायशो इस निवेश का इस्तेमाल अपने लाइव इवेंट्स बिजनेस के विस्तार और देशभर में सेवाएं बढ़ाने के लिए करेगी। 2007 में लॉन्च हुई यह कंपनी बिगट्री एंटरटेनमेंट की सहायक है और 700 से अधिक शहरों में सक्रिय है। इस सौदे में अवेंडस कैपिटल ने वित्तीय सलाहकार की भूमिका निभाई है।

---

**भास्कर एनालिसिस** त्योहारों का सीजन शुरू होने से पहले सराफा बाजार में दिलचस्प ट्रेंड

# इस साल अब तक सोने का रिटर्न 15%, पर चांदी से नहीं हुई कमाई; आगे दोनों चमकेंगे

भास्कर न्यूज | मुंबई

इस साल अब तक सोने ने निवेशकों को करीब 15 फीसदी रिटर्न दिया, लेकिन चांदी अब भी करीब-करीब वहीं खड़ी है जहां साल की शुरुआत में थी। जनवरी में रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद से चांदी की कीमत 40 फीसदी से ज्यादा घट चुकी है। इसके चलते इस एसेट क्लास पर निवेशक भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक, 2026 में अब तक सोने की कीमत 15.5 फीसदी बढ़ चुकी है, जबकि चांदी के दाम 0.52 फीसदी घटे हैं। सोना अब अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर 1,75,340 रुपए प्रति 10 ग्राम से सिर्फ 12.25 फीसदी दूर 1,53,868 रुपए पर है। दूसरी तरफ चांदी अब भी अपने ऑल टाइम हाई 3,79,988 रुपए प्रति किलो से करीब 39.7 फीसदी नीचे 2,29,225 रुपए पर है।

बहरहाल, बुधवार को जहां देशभर में सोने की औसत कीमत ₹212 रुपए घटी, वहीं चांदी के भाव में ₹3,939 की गिरावट आई। हालांकि अगस्त में अब तक दोनों में तेजी रही है। सोने की कीमत 7.7 फीसदी और चांदी के दाम 5 फीसदी बढ़े हैं। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के साथ त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ये अच्छे संकेत हैं।



**सोने की कीमत अब भी रिकॉर्ड स्तर से 12%, चांदी की 40% कम**

| तारीख/अवधि | सोना | चांदी |
|---|---|---|
| 19 अगस्त 2026 | ▼0.14% | ▼1.69% |
| अगस्त में अब तक | ▲7.71% | ▲5.01% |
| इस साल अब तक | ▲15.52% | ▼0.52% |
| साल के निचले स्तर से | ▲10.25% | ▲6.38% |
| रिकॉर्ड ऊंचे स्तर से | ▼12.25% | ▼39.68% |

स्रोतः आईबीजेए

### नए फेड चेयरमैन ने पलटा सोने का ट्रेंड, स्थिर रखीं ब्याज दरें

जनवरी में ट्रम्प ने केविन वॉर्श को फेड का नया चेयरमैन नामित किया था। वॉर्श को सख्त रुख वाला माना जाता है। बुलियन एक्सपर्ट वीरेंद्र व्यास ने बताया कि बाजार को आशंका थी कि वे ब्याज दरें बढ़ाएंगे, जिससे सोने पर दबाव बना रहा। लेकिन, मई में पद संभालने के बाद वॉर्श ने अब तक दरें स्थिर ही रखी हैं, बढ़ाई नहीं हैं। अगस्त में महंगाई के आंकड़े कम आने के बाद बाजार को अब उम्मीद है कि 2026 में दरें नहीं बढ़ेंगी। इसी से सोने की तेजी लौटी। अब इस बाजार में पश्चिम एशिया में हलचल का भी असर नहीं हो रहा है।

### उतार-चढ़ाव से चांदी पर निवेशकों का भरोसा घटा

भारत में चांदी ने बीते दो साल भारी उतार-चढ़ाव झेला है। 2025 में इसकी कीमत करीब 174% बढ़कर 31 दिसंबर को ₹2.30 लाख प्रति किलो पर पहुंची, फिर जनवरी 2026 में सिर्फ एक महीने में 74% और उछलकर 29 जनवरी को ₹4.20 लाख (एमसीएक्स पर) के रिकॉर्ड स्तर तक जा पहुंची। इसके बाद भारी बिकवाली शुरू हुई और चांदी रिकॉर्ड हाई से करीब 40% टूट गई। अब भाव उसी स्तर पर है, जहां साल की शुरुआत में थे। इस भारी उतार-चढ़ाव ने निवेशकों ने भरोसा हिला दिया, पर सोने में ऐसी अस्थिरता नहीं दिखी।

### दिसंबर तक सोना ₹1.70 लाख, चांदी 3 लाख रुपए तक पहुंच सकती है

**भास्कर एक्सपर्ट**



**अनिंद्य बनर्जी**
सीनियर वीपी एंड कमोडिटी रिसर्च हेड, कोटक सिक्युरिटीज

**सोना करेंसी हैः** सोने को आम निवेशकों के साथ ही दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों (जैसे आरबीआई) का भी सपोर्ट हासिल है, जो लगातार सोना खरीद रहे हैं। चांदी को ऐसा सपोर्ट नहीं है। अच्छी बात ये है कि चांदी में सट्टा निवेश बंद हो चुका है। इसी के चलते अब इसमें सोने जैसी तेजी नहीं दिख रही। आगे मुश्किल हालात में भी सोने में तेजी बनी रहेगी। यदि हालात सुधरे तो चांदी में भी उछाल दिख सकता है।

**सोने के साथ चांदी भी बढ़ेगीः** हमें जो भावी हालात नजर आ रहे हैं, उसके मुताबिक दिंसबर तक सोने की कीमत ₹1.70 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। चांदी की कीमत भी 3 लाख रुपए तक जा सकती है।

**क्रूड के दाम तय करेंगे चालः** आगे यदि कच्चे तेल (क्रूड) के दाम बढ़े तो हालात से निपटने के लिए सरकारों को ज्यादा करेंसी छापनी पड़ेगी। ऐसे में सोना चढ़ेगा। क्रूड के दाम यदि 150 डॉलर तक पहुंचते हैं तो शेयर बाजार में भारी गिरावट आएगी। ऐसे में चांदी की औद्योगिक मांग घटेगी और इसके दाम कम होंगे। लेकिन यदि क्रूड 80 डॉलर से नीचे रहता है तो शेयर बाजार, सोना और चांदी-सभी में तेजी आएगी।

---

**मार्केट ट्रेंड्स** • आईपीओ में शिफ्ट हो रही नकदी

# मुनाफा सुधरा, फिर भी बाजार नहीं चढ़ा; निफ्टी 7वें दिन टूटा

भास्कर न्यूज | मुंबई

अच्छी तिमाही कमाई के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में रौनक नहीं लौट रही। बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी के लिए यह (लगातार 7वें दिन) सितंबर 2025 के बाद सबसे लंबी गिरावट है। सेंसेक्स 326 अंक यानी 0.42% गिरकर 76,909.68 पर बंद हुआ। निफ्टी 76.60 अंक (0.32%) टूटकर 24,078 पर आ गया। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी क्रमशः 0.21% और 0.51% गिरावट आई।

विश्लेषकों के मुताबिक, पहली तिमाही का मुनाफा उम्मीद से बेहतर रहे, लेकिन पश्चिम एशिया संकट से कच्चे तेल की ऊंची कीमतों (90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास) से महंगाई बढ़ने की आशंका, एचडीएफसी बैंक जैसे ज्यादा वेटेज वाले शेयरों में सुस्ती और आईपीओ की बाढ़ के चलते बाजार में कैश की कमी के बीच निवेशक अब भी सतर्क बने हुए हैं।

**भास्कर नॉलेज**

### क्यों नहीं चढ़ पा रहे सेंसेक्स-निफ्टी?

**1. एचडीएफसी बैंक जैसे शेयरों ने सेंसेक्स को गिराया**
आईएनवी एसेट पीएमएस के बिजनेस हेड हर्षल दसानी के मुताबिक, कमाई सिर्फ उम्मीदों पर खरी उतरी, उन्हें पार नहीं किया। चूंकि बाजार पहले से ही रिकवरी की उम्मीद कर रहा था, लिहाजा उसका असर पहले ही दिख चुका। इस बीच एचडीएफसी बैंक लगातार सात सत्रों से फिसल रहा है। ऐसे में बड़े शेयरों का दबाव पूरे इंडेक्स पर पड़ रहा है, जबकि नीचे के 1,000 शेयर चार महीने से बढ़त में हैं।

**2. 4.72 लाख करोड़ के आईपीओ नकदी सोख रहे**
करीब 4.72 लाख करोड़ रुपए की आईपीओ (प्राइमरी मार्केट) पाइपलाइन और एलआईसी के 31,000 करोड़ रुपए के ओएफएस (ऑफर फोर सेल) जैसे बड़े इश्यू बाजार की वह नकदी सोख रहे हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो ये पैसा सेकंडरी मार्केट में नई ऊंचाइयां बनाने में इस्तेमाल होती।

### घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुझान किन हालात में लौट सकता है?

**स्टॉक्सकार्ट के मुताबिक, बड़ी तेजी के लिए 3 चीजें जरूरीः**
1. कच्चा तेल 80 डॉलर से नीचे टिकना
2. विदेशी निवेशकों की बिकवाली थमना, और
3. फेड की तरफ से ब्याज दरों पर साफ संकेत।

### छोटी कंपनियों के शेयर चढ़ने का नया ट्रेंड शुरू होने के संकेत

एंबिट एसेट मैनेजमेंट की रिपोर्ट स्मॉलकैप शेयरों को लेकर उम्मीद जगा रही है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 इंडेक्स 2025 में 6% गिरा था, पर यह गिरावट सिर्फ वैल्युएशन में सुधार से हुई, किसी वित्तीय संकट से नहीं। जून, 2026 तक स्मॉलकैप कंपनियों का मुनाफा सालाना 27% बढ़ा, जबकि पश्चिम एशिया युद्धविराम के बाद 4 मई को कच्चा तेल 114.44 डॉलर से गिरकर 1 जुलाई तक 71.5 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को यह 92.5 डॉलर का रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, रिस्क-रिटर्न संतुलन 2025 की शुरुआत के बाद सबसे बेहतर स्थिति में है।

---

**चुनौती** • महंगे क्रूड, एआई पर बढ़ते खर्च का असर

## अमेरिका-ब्रिटेन समेत 7 देशों में ब्याज दरें रिकॉर्ड स्तर पर

भास्कर न्यूज | लंदन

महंगाई, सरकारी कर्ज और एआई पर भारी खर्च से दुनिया की 7 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में लंबी अवधि की ब्याज दरें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। अमेरिका में 30 साल के सरकारी कर्ज पर ब्याज दर बढ़कर 5.33% हो गई है, जो जून 2007 के बाद सबसे ज्यादा है। ब्रिटेन में यह दर 5.85% और भारत में 7.05% है। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के मुताबिक, बीते 10 साल अमेरिका में 30 साल के कर्ज की औसत दर 2.95% और ब्रिटेन में 2.40% ही रही है। जर्मनी, जापान, फ्रांस और इटली में भी ऐसे ही हालात हैं। इसके उलट भारत में 10 साल का औसत 7.20% रहा है।

**कारणः एआई, डेटा सेंटर के लिए रिकॉर्ड कर्ज उठे**

ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के अनुसार एआई और डेटा सेंटर के विकास के लिए कंपनियों ने रिकॉर्ड कर्ज लिया है। बोकेह कैपिटल का कहना है कि एआई निवेश पर रिटर्न का समय अनिश्चित होने से निवेशक ज्यादा ब्याज मांग रहे हैं। ब्रिटेन में पीएम एंडी बर्नहैम द्वारा फिस्कल रूल्स के पालन का आश्वासन दिए जाने के बावजूद उधारी महंगी हुई है।

**जोखिमः आम लोगों के लिए होम लोन और कार लोन महंगे होंगे**...कैपिटल इकोनॉमिक्स के मुताबिक, अब होम लोन, कार लोन और क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरें बढ़ सकती हैं।

---

**महंगाई बढ़ने की आशंका**

## आगामी महीनों में ब्याज दरें बढ़ा सकता है RBI

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पिछली बैठक का ब्योरा (मिनट्स) जारी हो गया है। इसके मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर तक रिटेल महंगाई दर बढ़कर 5.9% तक पहुंचने का अंदेशा है। इसे देखते हुए आरबीआई आगामी महीनों में नीतिगत दरें (जैसे रेपो) बढ़ा सकता है। एमपीसी ने पिछली बैठक में रेपो रेट 5.25% पर स्थिर रखा था। हालांकि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा और डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने दरें बढ़ाने के संकेत दिए हैं। मल्होत्रा के मुताबिक, खाने-पीने की चीजों, ईंधन और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ सकती है। पिछले साल औसत महंगाई दर केवल 2% थी, जो इस साल बढ़कर 3.93% हो चुकी है।

---

**नई सुविधा** • 2027 में ट्रायल, 2028 से भारत समेत 3 देशों में लॉन्चिंग

## टाटा ग्रुप की नेल्को शुरू करेगी सैटकॉम सर्विस, अब बिना टावर फोन में सीधे सैटेलाइट से नेटवर्क

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

टाटा ग्रुप की सैटेलाइट कम्युनिकेशन कंपनी नेल्को 2028 की शुरुआत में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में डायरेक्ट-टू-डिवाइस (डी2डी) सैटेलाइट सर्विस शुरू करेगी। यह तकनीक बिना किसी टावर या विशेष सैटेलाइट फोन के सामान्य मोबाइल फोन को सीधे अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट से जोड़ेगी। इसके तहत स्मार्टफोन, गाड़ियों, समुद्री सेवाओं और स्मार्ट डिवाइस में सीधे सैटेलाइट से नेटवर्क मिलेगा। कंपनी सबसे पहले इस बाजार में पैठ बनाना चाहती है। इसके लिए लूनर होल्डको में 2 करोड़ डॉलर (₹191 करोड़) में छोटी हिस्सेदारी खरीदी गई है। यह फर्म एलवियो मोबाइल ब्रांड नाम से सॉल्यूशन देती है। नेल्को सीईओ पीजे नाथ के अनुसार यह रणनीतिक भागीदारी यूटेलसैट वनवेब के साथ साझेदारी से अलग है। सेवा के ट्रायल 2027 के अंत तक शुरू करने की योजना है, हालांकि कमर्शियल शुरुआत रेगुलेटरी मंजूरियों पर निर्भर करेगी।

**टेक्नोलॉजीः सीधे लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट से सिग्नल**
- टेलीकॉम सिग्नल जमीनी टावर के बजाय सीधे लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट तक पहुंचता है।
- विशेष स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल होने से सामान्य स्मार्टफोन में बिना हार्डवेयर बदले नेटवर्क आ जाता है।
- सैटेलाइट इस सिग्नल को जमीन पर मौजूद नेटवर्क स्टेशन को भेजकर कॉल या मैसेज पूरा कराता है।

**राहतः बिना नेटवर्क वाले इलाकों में भी कनेक्टिविटी**
- जंगल, पहाड़, समुद्र या आपदा में टावर ध्वस्त होने पर भी कनेक्टिविटी बनी रहेगी।
- इसके लिए अतिरिक्त भारी-भरकम डिवाइस या एंटीना की आवश्यकता नहीं होगी।
- आपात स्थिति में एसओएस मैसेज और लोकेशन भेजने में यह तकनीक मददगार साबित होगी।

---

**चीन से शिफ्टिंग का प्लान**

## गूगल भारत में बढ़ाएगी पिक्सल का प्रोडक्शन

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

गूगल पिक्सल स्मार्टफोन का उत्पादन चीन से भारत और वियतनाम में शिफ्ट कर सकती है। कंपनी ने इसकी आधिकारिक पुष्टि तो नहीं की है, लेकिन विश्लेषक इसे भारत के लिए बड़ा मौका मान रहे हैं। गूगल अभी अपनी दो साझेदार कंपनियों के जरिए भारत में फोन असेंबल करती है। इनमें तमिलनाडु में फॉक्सकॉन का प्लांट और नोएडा में पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स का प्लांट शामिल है। यह कदम देश के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को आकर्षक बनाएगा और ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत की स्थिति मजबूत करेगा। चालू तिमाही (जुलाई-सितंबर) में पिक्सल भारत के प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में सबसे तेजी से बढ़ने वाला ब्रांड है।

---

**भास्कर एक्सप्लेनर**

जानिए सेबी कैसे नियम ला रहा

## एआई पढ़ेगा हजारों रिपोर्ट, इससे निवेश होगा आसान

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में निवेश से पहले कंपनियों के नतीजे, बैलेंस शीट, फाइनेंशियल रिपोर्ट और बड़ी खबरों का विश्लेषण आम निवेशक के लिए आसान नहीं होता। अब बाजार नियामक सेबी एआई और मशीन लर्निंग को औपचारिक जगह देने की तैयारी कर रहा है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने बुधवार को मुंबई में एक कॉन्फ्रेंस में इसके लिए जल्द गाइडलाइंस लाने की बात कही। इससे निवेश रिसर्च तेज होगी, पर बड़े फैसलों में इंसानी निगरानी बनी रहेगी।



**प्रस्तावित नियम क्या हैं?**
कोई भी कंपनी खुद एआई टूल बनाए या बाहर से ले, उसकी पूरी जिम्मेदारी उसी की होगी। जोखिम के स्तर के आधार पर निगरानी और जवाबदेही तय होगी।

**निवेश का तरीका कैसे बदलेगा?**
एआई लंबी बैलेंस शीट, अर्निंग रिपोर्ट, बॉन्ड दस्तावेज और खबरों जैसी जानकारियां कम समय में पढ़कर उसका सार निकाल सकेगा। इससे रिसर्च, फोरकास्टिंग, शेयर की सही कीमत तय करने की प्रक्रिया तेज हो सकती है।

**क्या एआई खुद शेयर चुनकर निवेश करेगा?**
नहीं। एआई सुझाव और विश्लेषण दे सकता है, पर बड़े और अहम फैसलों पर अंतिम अधिकार इंसान का रहेगा। इसे ही 'ह्यूमन-इन-द-लूप' कहा जा रहा है।

**'किल-स्विच' क्या है?**
यह एआई सिस्टम के लिए इमरजेंसी बटन जैसा है। किसी जोखिम या गड़बड़ी की स्थिति में सिस्टम को बंद किया जा सकेगा।

**क्या सेबी पहली बार नियम ला रहा?**
नहीं। सेबी जून 2025 में एआई/एमएल के इस्तेमाल पर कंसल्टेशन पेपर जारी कर चुका है। उस पर काम पूरा नहीं हुआ था। अब नई परिस्थितियों और सामने आई बातों को भी प्रस्तावित नियमों में शामिल किया जा रहा है।

**आम निवेशक को क्या लाभ होगा?**
भारत में निवेशकों की संख्या और बाजार का आकार तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2025-26 में इक्विटी इश्यू से ₹4.5 लाख करोड़ से ज्यादा जुटाए गए, जिनमें करीब ₹1.9 लाख करोड़ 366 आईपीओ से आए। यूनीक इन्वेस्टर्स की संख्या करीब 14.9 करोड़ और मार्केट कैप जीडीपी के करीब 132% तक पहुंच चुका है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का पैसा करीब ₹86 लाख करोड़ है। ऐसे में एआई यदि रिसर्च और डेटा एनालिसिस को तेज और सस्ता करे तो इसका फायदा ट्रेडिंग, रिसर्च, रिस्क मैनेजमेंट और निवेशकों को मिलने वाली सेवाओं में भी दिख सकता है।

**क्या एआई से खतरा भी है?**
हां। आईएमएफ चेतावनी दे चुका है कि एआई आधारित ट्रेडिंग सामान्य समय में बाजार को तेज कर सकती है, लेकिन खराब दौर में उतार-चढ़ाव बढ़ा सकती है।

---

18 लाख पेटेंट की स्टडी रिपोर्ट

## एआई से जुड़े इनोवेशन, आम इनोवेशन से 9.6% महंगे

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

बिजली और इंटरनेट जैसी बड़ी टेक्नोलॉजी को कंपनियों के मुनाफे में बदलने में दशकों लगे, लेकिन एआई के साथ ऐसा नहीं हो रहा। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर सूरज श्रीनिवासन के 18 लाख पेटेंट के विश्लेषण के मुताबिक, एआई से जुड़े इनोवेशन की कीमत सामान्य इनोवेशन से औसतन 9.6% ज्यादा आंकी जा रही है। श्रीनिवासन के इस वर्किंग पेपर के मुताबिक, अमेरिकी पेटेंट कार्यालय के 2001 से 2023 तक के आंकड़ों में लिस्टेड कंपनियों को मिले एआई पेटेंट की हिस्सेदारी 9% से बढ़कर 30% हो गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक औसत एआई पेटेंट की कीमत 1.67 करोड़ डॉलर (₹159.5 करोड़) आंकी गई, जबकि गैर-एआई पेटेंट सिर्फ 1.13 करोड़ डॉलर (₹108 करोड़) के थे यानी 48% प्रीमियम। इंडस्ट्री और टेक्नोलॉजी के हिसाब से तुलना करने पर भी यह अंतर 9.6% है। 31% एआई पेटेंट को बड़े इनोवेशन (ब्रेकथ्रू) की श्रेणी में रखा गया, जबकि गैर-एआई पेटेंट में यह आंकड़ा सिर्फ 12% रहा।

---

## डर के साये में रूसी बैंकः पैसे जब्त होने की आशंका से लोगों ने 2 हफ्तों में ही निकाल ली 32,500 करोड़ की जमा रकम



**मास्को |** रूस में आम लोग बैंक खातों से बड़े पैमाने पर नकदी निकाल रहे हैं। उन्हें डर है कि यूक्रेन युद्ध के खर्च के लिए सरकार उनकी जमा राशि जब्त कर सकती है। रूसी सेंट्रल बैंक के मुताबिक, सिर्फ अगस्त के पहले दो हफ्तों में ही 286.4 अरब रूबल (करीब ₹32,500 करोड़) बैंकिंग सिस्टम से निकाले गए। लगातार सातवें महीने ऐसा हो रहा है। यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूसी रिफाइनरियों को नुकसान, आर्थिक अनिश्चितता और सरकार द्वारा निजी संपत्तियां जब्त किए जाने की हालिया घटनाओं ने यह डर और गहरा कर दिया है।

---

शुद्धता के दावे पर FSSAI की सख्ती

## एमवे समेत 6 कंपनियों को हटाने पड़े '100%' लेबल

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

खाने-पीने के सामान पर '100% शुद्ध' जैसे दावे करने वाली बड़ी कंपनियों पर अब खाद्य नियामक की सख्ती का असर दिखने लगा है। एफएसएसएआई की कार्रवाई के बाद एमवे इंडिया, इमामी, बॉन बिस्किट्स समेत 6 कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट लेबल, पैकेजिंग और विज्ञापनों से '100%' का दावा हटा लिया है। एफएसएसएआई के मुताबिक, ऐसे दावे उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकते थे, इसलिए इन कंपनियों के खिलाफ नियामक कार्रवाई शुरू की गई थी। एमवे इंडिया ने अपने प्रोडक्ट से '100% प्योर कोकोनट ऑयल' का दावा हटाया और पुराने स्टॉक को बाजार से वापस लेने की पुष्टि की। इमामी ने अपने झंडू हनी प्रोडक्ट से, जबकि एपिस इंडिया ने भी अपने शहद प्रोडक्ट्स से 100% का दावा हटाया। बॉन बिस्किट्स ने अपनी जीरा बाइट बिस्किट की वेबसाइट विज्ञापन से यह दावा हटाया, वहीं केरल की जूजा फूड्स ने बेबी फूड प्रोडक्ट्स और मास्टरशॉ फूड्स ने रेमन नूडल से यह दावा वापस लिया।

---

**बिजनेस एंकर** अब हर 18 विदेशी पर्यटकों में से एक घूमने नहीं, बल्कि इलाज के लिए भारत आ रहा

# दिल की सर्जरी से योग तक, मेडिकल टूरिज्म हब बना भारत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

जब इलाज महंगा हो और अस्पताल में नंबर आने के लिए महीनों इंतजार करना पड़े, तो मरीज सिर्फ अस्पताल नहीं, दूसरा देश भी तलाशने लगता है। भारत अब ऐसे मरीजों की पसंद बन रहा है। 2025 में 5.07 लाख विदेशी मरीज इलाज के लिए भारत आए। यानी हर 18 विदेशी पर्यटकों में करीब एक ऐसा था, जो घूमने नहीं बल्कि इलाज कराने पहुंचा था। यही बढ़ती मांग भारत के मेडिकल टूरिज्म को बड़े कारोबार में बदल रही है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत का मेडिकल टूरिज्म बाजार 2025 में ₹83,285 करोड़ का हो चुका है और 2030 तक इसके ₹1.55 लाख करोड़ पहुंचने का अनुमान है। वैश्विक मेडिकल वैल्यू ट्रैवल इंडस्ट्री भी 2022 के ₹11.07 लाख करोड़ से बढ़कर 2030 में ₹27.4 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है। 2025 में भारत आने वाले 91.5 लाख विदेशी पर्यटकों में 5,07,244 सिर्फ इलाज के लिए आए। इनमें सबसे ज्यादा 3,25,127 मरीज बांग्लादेश से थे। इसके बाद इराक, उज्बेकिस्तान, सोमालिया, तुर्कमेनिस्तान, ओमान और केन्या के मरीज आए। इनकी जरूरतें भी सिर्फ एक तरह की नहीं हैं। कार्डियक सर्जरी, ऑर्थोपेडिक प्रोसीजर, कैंसर उपचार, ऑर्गन ट्रांसप्लांट, न्यूरोलॉजिकल इंटरवेंशन, कॉस्मेटिक सर्जरी, डेंटल केयर और फर्टिलिटी ट्रीटमेंट से लेकर आयुर्वेद और योग आधारित आयुष थेरेपी तक के लिए विदेशी मरीज भारत चुन रहे हैं। भारत की खासियत यह है कि यहां आधुनिक मेडिकल ट्रीटमेंट और पारंपरिक वेलनेस, दोनों एक ही बाजार में मौजूद हैं। मेडिकल टूरिज्म इंडेक्स 2020-21 में भारत 46 प्रमुख मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन्स में 10वें स्थान पर है। वेलनेस टूरिज्म में भी भारत दुनिया के टॉप 20 में 12वें और एशिया-पैसिफिक के टॉप 10 में पांचवें स्थान पर है। इसका आधार बड़ा हेल्थकेयर नेटवर्क है। देश में 69,364 अस्पताल हैं, जिनमें 43,486 निजी और 25,778 सरकारी हैं। करीब 12 लाख रजिस्टर्ड डॉक्टर हैं। अंग्रेजी में मेडिकल शिक्षा और प्रैक्टिस होने से विदेशी मरीजों के साथ संवाद भी आसान होता है। एनएबीएच ने 2026 तक 1,299 से ज्यादा अस्पतालों को 600 से अधिक सुरक्षा मानकों पर मान्यता दी है। कई अस्पतालों के पास जेसीआई एक्रेडिटेशन भी है। भारत का आकर्षण विकसित देशों की तुलना में इलाज की कम लागत और इंतजार से राहत है। अब इसके साथ क्वालिटी, मान्यता प्राप्त अस्पताल और आधुनिक सुविधाएं भी जुड़ रही हैं।

### अब वन-स्टॉप मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पोर्टल अपग्रेड करने की चल रही तैयारी




बजट 2026-27 के मुताबिक देश में पांच रीजनल मेडिकल हब बनाने का प्रस्ताव है। इनमें मेडिकल, एजुकेशनल और रिसर्च सुविधाओं के साथ आयुष सेंटर और मेडिकल वैल्यू ट्रैवल फैसिलिटेशन सेंटर होंगे। विदेशी मरीजों के लिए ई-मेडिकल और ई-मेडिकल अटेंडेंट वीसा 172 देशों के नागरिकों को उपलब्ध हैं। ई-आयुष वीसा भी शुरू हो चुके हैं। वन-स्टॉप मेडिकल वैल्यू ट्रैवल पोर्टल को अपग्रेड करने और बड़े एयरपोर्ट्स पर कॉन्सियर्ज व लाउंज बनाने की योजना है।

---

## अपोलो में रविवार को भी नियमित स्वास्थ्य सेवाएं

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

अपोलो हॉस्पिटल्स ने रविवार को भी कई नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शुरू कर दीं हैं। 'ऑलवेज ओपन, ऑलवेज हेयर' पहल के तहत मरीज अब रविवार को विशेषज्ञ परामर्श, प्रिवेंटिव हेल्थ चेक, डायग्नोस्टिक जांच, फॉलो-अप कंसल्टेशन और पहले से तय प्रक्रियाओं का लाभ ले सकेंगे। अपोलो हॉस्पिटल्स की एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ. प्रीथा रेड्डी ने कहा कि व्यस्त पेशेवरों, देखभाल करने वालों और परिवारों की जरूरतें ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के सातों दिन सुविधाएं उपलब्ध कराकर मरीजों को समय पर और उनकी सुविधा के अनुसार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना अपोलो हॉस्पिटल्स की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

स्वतंत्रता के बिना किसी भी इन्सान की अभिव्यक्ति बेहतर नहीं हो सकती। -अल्बेयर कामू

**झारखंड सरकार ने कई भर्ती परीक्षाओं को रद्द कर छात्रों के आंदोलन को बेशक फिलहाल शांत कर दिया है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना भी जरूरी है कि निर्धारित नियमों से इन परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर चुके अभ्यर्थियों को केवल इसलिए दंड न भुगतना पड़े कि व्यवस्था के किसी दूसरे हिस्से में गड़बड़ी हुई थी।**

# परीक्षा रद्द, सवाल बाकी




झारखंड सरकार ने जेएसएससी, जेपीएससी समेत 44 भर्ती परीक्षाओं को रद्द कर रांची में लंबे समय से आंदोलनरत युवाओं को फिलहाल भले ही शांत कर दिया हो, लेकिन इस फैसले ने भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता के साथ-साथ इन परीक्षाओं में पहले से चयनित और नियुक्ति प्राप्त कर चुके युवाओं के भविष्य से जुड़े ऐसे जटिल सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब महज परीक्षा रद्द करके नहीं दिया जा सकता। उल्लेखनीय है कि झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर छात्रों के 26 दिन तक चले विरोध-प्रदर्शन के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की अगुवाई वाली सरकार ने कई अधिसूचनाएं जारी करते हुए स्पष्ट किया कि रद्द की गई परीक्षाओं में वे भी शामिल हैं, जो आउटसोर्स एजेंसी द्वारा आयोजित की गई थीं। दोषपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया को बचाने के बजाय उसकी निष्पक्ष जांच करना निस्संदेह सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन, समस्या तब पैदा होती है, जब पूरी प्रक्रिया में हुई कथित गड़बड़ी का खामियाजा उन अभ्यर्थियों को भी भुगतना पड़े, जिनकी इसमें कोई भूमिका नहीं थी। यही वजह है कि सरकार के इस कदम से उन उम्मीदवारों में घबराहट है, जिन्होंने ये परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थीं और विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति भी पा ली थी। दरअसल, झारखंड का मौजूदा संकट केवल कुछ परीक्षाओं के रद्द होने का मामला नहीं है। यह तो उस गहरे अविश्वास का परिणाम है, जो पिछले कुछ वर्षों में भर्ती परीक्षाओं को लेकर युवाओं के मन में पैदा हुआ है। लाखों युवा वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, परीक्षा देते हैं, नतीजों की प्रतीक्षा करते हैं और फिर नियुक्ति की उम्मीद करते हैं। लेकिन, यह पूरी प्रक्रिया किसी अनियमितता के चलते अचानक रद्द हो जाए, तो उनके सामने केवल एक नई परीक्षा देने की चुनौती भर नहीं होती, बल्कि बढ़ती उम्र, आर्थिक दबाव और वर्षों की मेहनत व्यर्थ जाने का भय भी होता है। ऐसे में, सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षाएं रद्द करने के बाद नई परीक्षाओं की प्रक्रिया अनिश्चितकाल तक न खिंचे, बल्कि समयबद्ध हो। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित नियमों के तहत परीक्षा उत्तीर्ण की है और जिनकी नियुक्ति हो चुकी है, उनके मामलों में कानून व न्याय के स्थापित सिद्धांतों के अनुरूप सावधानीपूर्वक निर्णय लिया जाना चाहिए। किसी निर्दोष छात्र को केवल इसलिए दंडित नहीं किया जा सकता कि व्यवस्था के किसी दूसरे हिस्से में गड़बड़ी हुई थी। लिहाजा, सरकार को उन अभ्यर्थियों के साथ संवाद करना चाहिए, जिनकी नियुक्तियां हो चुकी हैं। इस मामले में जल्दबाजी में कोई ऐसा फैसला नहीं होना चाहिए, जिससे बाद में नई कानूनी और प्रशासनिक जटिलताएं पैदा हों।

# उन्नीस साल बाद कोलकाता लौटना

**लगभग दो दशक तक किसी जगह में निषिद्ध कर दिए जाने के बाद उसके दरवाजे का खुलना मेरे लिए महज जाना नहीं, बल्कि लौटना है। उन्नीस साल बाद कोलकाता की जमीन पर खड़े होकर मुझे महसूस हो रहा है कि मैं सिर्फ एक शहर में नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जीवन के एक जरूरी अध्याय में वापस लौटी हूं।**



मेरा कोलकाता लौटना हुआ। इसे मैं कोलकाता जाना नहीं कहूंगी, कोलकाता लौटना कहूंगी। लगभग दो दशक तक किसी जगह में निषिद्ध कर दिए जाने के बाद उस प्रतिबंधित दरवाजे का खुलना मेरे लिए लौटना ही है, जाना नहीं। कभी कोलकाता में रहने के लिए मैं दौड़ी चली आई थी। कोलकाता छोड़ने के लिए बाध्य कर दिए जाने के बाद मैं यूरोप और अमेरिका गई, लेकिन आखिरकार मैं भारत में ही रह गई। पर, एक देश में रहते हुए अपनी भाषा के इलाके में मेरा जाना प्रतिबंधित था, इससे अजूबा निर्वासन और क्या हो सकता था!

उस्मान गनी मल्लिक कई वर्षों से मुझे कोलकाता बुला रहे थे। वह एक प्रगतिशील मुस्लिम हैं। पहले भी उन्होंने मुझे कोलकाता आमंत्रित किया था, पर सुरक्षा कारणों के चलते यह संभव नहीं हो पाया था। इस बार जब उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार से इस बारे में गुजारिश की, तो सरकार मेरी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने को तैयार हो गई। कोलकाता के रवींद्र सदन में मेरे स्वागत का प्रबंध भी उस्मान और उनके साथियों ने किया था। मेरी इच्छा थी कि मंच पर सिर्फ कवि-लेखकों की ही मौजूदगी रहे। मेरे शुभाकांक्षी कवि-लेखकों की सूची भी मैंने आयोजक को दे दी थी। अंत में जब मंच पर मौजूद लोगों की सूची बनी, तो उसमें लेखक शीर्षेंदु मुखोपाध्याय को छोड़कर ज्यादातर दूसरे लोग मौजूदा सरकार या उनकी राजनीति से ही जुड़े हुए थे। उनमें से ज्यादातर लंबे समय से मेरे शुभचिंतक थे और कोलकाता में मेरे लौटने के पक्ष में थे।



**तस्लीमा नसरीन**
*जानी-मानी लेखिका*

अपने भाषण में मैंने कहा, 'आज मैं कोलकाता लौट आई हूं। यह वाक्य बोलते हुए मुझे उन्नीस साल लग गए। लंबी प्रतीक्षा के बाद कोलकाता की जमीन पर खड़े होकर मुझे महसूस हो रहा है कि मैं सिर्फ एक शहर में नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जीवन के एक अध्याय में लौट आई हूं। अपने प्रिय और श्रद्धेय साहित्यकार शीर्षेंदु मुखोपाध्याय को मैं विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहती हूं। मेरी तरह उनकी जन्मभूमि भी मैमनसिंह (बांग्लादेश) है। मानचित्र ने हमारी जन्मभूमि को दो हिस्सों में बांट जरूर दिया, पर हमारी साझा स्मृतियों और भाषा को वह नहीं बांट पाया। एक लेखक को अपनी भाषा के शहर में लौटने के लिए अगर पुलिस सुरक्षा की जरूरत पड़े, तो मेरे लिए यह अत्यंत वेदनादायक है। मैं यहां किसी राजनीतिक दल के लिए बोलने नहीं आई हूं। न ही किसी राजनीतिक दल को पराजित करने आई हूं। मैं स्त्रियों के अधिकार, मानवाधिकार, धर्मनिरपेक्षता, तर्कवाद, उदार चिंतन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्ष में बोलने आई हूं। मैं सिर्फ यह चाहती हूं कि कोलकाता में आवाजाही के मेरे अधिकार को रोका न जाए। आज अगस्त की पहली तारीख है। अगस्त मेरे जन्म का महीना है। अगस्त मेरे निर्वासन का महीना भी है। और, आज से अगस्त मेरे लौटने का महीना भी है। आठ अगस्त, 1994 को बांग्लादेश की तत्कालीन सरकार ने मुझे देश छोड़ने पर बाध्य किया था। उसके बाद कई सरकारें आईं। लेकिन, मेरे लिए दरवाजा नहीं खुला। राष्ट्र ने बेशक मुझे देश से बाहर कर दिया, पर मेरे अंदर के देश को वह मुझसे छीन नहीं पाया। बांग्ला भाषा ही मेरा स्वदेश है-इस स्वदेश के सहारे मैं पृथ्वी के एक कोने से दूसरे कोने तक जाती रही हूं। एक बंगाल में मेरा जन्म हुआ। दूसरे बंगाल में मुझे मेरा खोया हुआ घर मिला था। पर, आखिरकार एक बंगाली लेखक के लिए दो बंगाल में कहीं भी एक छोटा-सा घर नसीब न हुआ। यूरोप ने मुझे नागरिकता, सुरक्षा और आश्रय दिया, इसके लिए मैं कृतज्ञ हूं। लेकिन, नागरिकता और अपनापा एक चीज नहीं है। सुरक्षित आवास कहीं भी मिल सकता है, लेकिन घर तो भाषा, स्मृति, संस्कृति और मनुष्य के प्रेम से ही बनता है...।'

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने मेरा स्वागत किया। उनकी सरकार ने मेरी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। इसके लिए मैं कृतज्ञ हूं। भारत में इससे पहले केरल की कम्युनिस्ट सरकार ने ही इस तरह मेरा सार्वजनिक अभिनंदन किया था। यह सरकार जनता के वोट से चुनी गई सरकार है। कोई सरकार आपके लिए अगर कोई अच्छा काम करती है, तो इसका मतलब यह नहीं कि आप उसके विचारों के समर्थक हो जाएं। मेरी विचारधारा क्या है, यह मैं अपनी कविता में बता चुकी हूं-*दक्षिण में नहीं हूं, वाम में नहीं/मैं हूं अपनी मिट्टी में।* इसके बावजूद, पश्चिम बंगाल के कुछ कम्युनिस्टों ने मेरे खिलाफ इस तरह विष वमन किया, मानो कोलकाता लौटने के लिए मैंने भाजपा या आरएसएस की मदद ली। यह बात सच नहीं है। मुझे कोलकाता लौटाने वाले उस्मान गनी मल्लिक और उनके संगी-साथी थे। सरकार या किसी राजनीतिक दल ने मेरे लिए एक पैसा भी खर्च नहीं किया। मुझ पर जो आरोप लगाए गए, वे जाहिर है, नए नहीं हैं। बहुत साल पहले *लज्जा* लिखकर जब मैंने बांग्लादेश में मुस्लिमों द्वारा हिंदुओं के अत्याचार के विरोध में प्रतिवाद दर्ज किया था, तब भी यह कहा गया था कि भाजपा या आरएसएस ने मुझसे यह उपन्यास लिखवाया है। बहुतों को इस पर विश्वास करने में भी परेशानी होती है कि एक नारी अपने विवेक, अनुभव, राजनीतिक व नैतिक बोध से कुछ लिख सकती है। स्त्री को समान अधिकार, मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सांप्रदायिक सद्भाव, मानवीयता, उदारता, विषमताहीन समाज, धर्मनिरपेक्षता, समता और ईमानदारी मेरे भाषण व कविता पाठ के विषय थे। पिछले चालीस साल से मैं इन्हीं सब पर बात करती रही हूं। सरकारें बदल गईं, देश बदल गया, मेरा पता बदल गया, लेकिन मेरे विचार नहीं बदले हैं। कोलकाता लौटने का अर्थ मेरे लिए एक पुराने अन्याय का मामूली सुधार भी है।

कोलकाता लौटने पर एक दूसरे दृश्य ने मुझे सबसे ज्यादा आनंदित किया। रवींद्र सदन के बाहर दोपहर से रात तक सैकड़ों लोग खड़े थे। उनके हाथों में निमंत्रण पत्र नहीं था। वे किसी दल के नेता, मंत्री या विशिष्ट अतिथि भी नहीं थे। वे साधारण लोग थे। सिर्फ मेरी एक झलक पाने के लिए वे घंटों इंतजार कर रहे थे। कोई मंच, कोई सम्मान या कोई स्मृतिचिह्न नहीं-आम लोगों का यह प्यार ही कोलकाता में मेरे होने की सबसे बड़ी स्वीकृति था।

चूंकि केरलम में मुस्लिम लीग के साथ कांग्रेस चुनाव लड़ती है और वह सरकार में शामिल है, इसलिए वहां राष्ट्रीय गीत का गायन नहीं हुआ। कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में यह स्थिति नहीं है, इसलिए इसे वहां गाया गया। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि अभी प्रियंका गांधी वाड्रा केरलम की वायनाड सीट से सांसद हैं, जिनकी जीत मुस्लिम लीग के समर्थन से ही हुई है। कांग्रेस यह दिखा रही है कि वह मुस्लिम लीग का तुष्टीकरण कर रही है। 1907 में मुस्लिम लीग बनने के बाद ही वंदे मातरम् का विरोध शुरू हुआ था। विडंबना देखिए कि मुस्लिम लीग ने भारत को बांट दिया, पर उसके दबाव में लिया गया गलत फैसला कांग्रेस आज तक बनाए रखना चाहती है। जब 24 जनवरी, 1950 को वंदे मातरम् के छोटे स्वरूप को राष्ट्रीय गीत स्वीकार किया गया तो संसद के अंदर या बाहर प्रभावशाली पार्टियों और नेताओं ने सरकार पर यह दबाव नहीं बनाया कि विभाजन के बाद तो इस पूरे गीत को फिर से अपनाया जाए। पहले संसद सत्र के आरंभ और समापन में भी इसका गायन नहीं होता था। जब भाजपा शक्तिशाली हुई, तब आडवाणी तथा राम नाइक ने इसे संसद में गाने की परंपरा शुरू की।

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पिछले सात-आठ वर्षों में अल्पसंख्यक समुदायों के कट्टरपंथी तत्वों, अतिवादी वामपंथियों और भारत को अलग-अलग भूखंडों का टुकड़ा मानने वालों के विचार पर चलती दिख रही है। कांग्रेस मान रही है कि भाजपा से टकराव में उसकी सबसे बड़ी शक्ति वे ताकतें हैं, जो भारत को एक प्राचीन राष्ट्र के रूप में स्वीकार नहीं करतीं, जिन्हें हमारे वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत आदि को इतिहास या यथार्थ ग्रंथ मानने पर आपत्ति है, जो सनातन के प्रतीकों को अंधविश्वास या प्रगति विरोधी मानते हैं। सच यह है कि अब ऐसे लोग ही कांग्रेस की विचारधारा निर्धारित करते हैं।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### मौन का महत्व

वर्तमान में हम चहुंओर शोर से घिरे हैं। इस शोर-शराबे के बीच हम संवाद तो जारी रखते हैं, लेकिन हम वह भाषा भूलते जा रहे हैं, जो हमारा आत्मा समझता है और यह है मौन की भाषा। हम अक्सर सोचते हैं कि मौन का मतलब सिर्फ अधरों का बंद हो जाना है, परंतु सच तो यह है कि जब होंठ बंद होते हैं, तब भी मन के भीतर विचारों की एक आंधी चल रही होती है। वास्तविक मौन का अर्थ केवल शब्दों पर विराम लगाना नहीं है, अपितु मन के शोर का थम जाना है। यह विचारों का उपवास है। इस संदर्भ में महात्मा गांधी ने यथार्थ ही कहा कि मौन सबसे सशक्त भाषण है।

वास्तव में जब शब्दों का लोप होता है, तब आत्मचिंतन शुरू होता है। मौन हमें परिस्थितियों से भागना नहीं सिखाता है, बल्कि यथार्थ से अवगत कराता है। भारतीय दर्शन, संस्कृति और परंपराओं में मौन को साधना माना गया है। इसका अर्थ केवल बोलना बंद कर देना नहीं, बल्कि भीतर उठने वाली हर प्रतिक्रिया को तुरंत शब्द न देना है। किसी के कठोर शब्द सुनकर तुरंत उत्तर न देना, क्रोध में निर्णय न लेना और दुख में स्वयं को दोषी न मानना, यह भी मौन की साधना है।

कभी-कभी जीवन में सबसे बड़ी उलझन का समाधान किसी दूसरे व्यक्ति से नहीं, अपितु हमारे अंतर्मन से मिलता है। बस उसके लिए थोड़े समय के लिए अपने अंतर्मन को शांत करना पड़ता है, ताकि उसके साथ संवाद की कड़ियां जुड़ने के लिए अनुकूल परिवेश निर्मित हो सके। इसमें सिद्धि प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन कुछ क्षणों के लिए मौन का अभ्यास कीजिए। आरंभ में मन बहुत भागेगा, लेकिन धीरे-धीरे यह शांत होने लगेगा और जिस दिन बाहर की दुनिया का शोर आपके भीतर जाना बंद हो जाएगा, उस दिन आपको अपने ही भीतर से एक कर्णप्रिय संगीत की ध्वनि सुनाई पड़ने लगेगी।

लवली आनंद

# पैर पसारती डिजिटल लत की अनजानी दुनिया

ऋतुपर्ण दवे

> डिजिटल दुनिया ने लोगों को इसकी आदत लगा दी हैं जिसके दुष्प्रभाव दिखने लगे हैं

डिजिटल लत या फिर कहें कि ड्रग, ये दुनिया के साथ-साथ भारत को भी बीमार बना रहा है। संसद में प्रस्तुत इस बार का आर्थिक सर्वेक्षण भी ऐसे व्यसन की तस्दीक कर चिंता जताता है कि यह तेजी से विशेषकर युवाओं को गिरफ्त में ले रहा है। इससे मेटाबालिक बीमारी, मानसिक तनाव, मोटापा बहुत तेज पसर रहा है जो चिंताजनक है। सुझाया गया है कि स्क्रीन-टाइम के नकारात्मक प्रभाव को कम करने पर बल, डिजिटल लत के संकेत पहचानने, प्रतिबंधित करने के लिए स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में माता-पिता हेतु विशेष कार्यशालाएं और प्रशिक्षण, स्क्रीन-टाइम सीमा निर्धारित करने के साथ ही डिवाइस-मुक्त समय और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। रियल-मनी गेमिंग प्लेटफार्म पर कड़े नियम और प्रतिबंध लगाने के उपाय, बच्चों और किशोरों के लिए 'डिजिटल डिटाक्स सेंटर' स्थापित करने की आवश्यकता पर चर्चा, इंटरनेट मीडिया के उपयोग के लिए उम्र-आधारित सीमाएं जैसे 16 वर्ष से कम वालों हेतु सभी प्लेटफार्मों पर आयु उपयुक्त डिफाल्ट सेटिंग्स करना शामिल हो।

आर्थिक सर्वे 2026 ने जो अलार्म बजाया है, उसकी अनदेखी अब भारी बेमानी होगी। स्मार्टफोन, इंटरनेट मीडिया, गेमिंग और ओटीटी प्लेटफार्म्स का अति उपयोग युवाओं-बच्चों की मानसिक स्थिति, सेहत, पढ़ाई को प्रभावित करने के साथ ही भविष्य की नौकरियों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। शोध बताते हैं कि दो आदी एक-दूसरे को उलाहना तो देते हैं, लेकिन खुद को निर्दोष बता सुधरते भी नहीं। ऐसे लोग अंततः दोहरी जिंदगी जीने लगते हैं, जहां एक गुप्त जीवन होता है जिसमें अपनी लत वाली आदतों में लिप्त रहते हैं, दूसरा सामाजिक जीवन होता है जो समाज को दिखाते हैं। इसे एंथ्रोपोसीन युग का हिस्सा कहा जाने लगा है जो एक प्रस्तावित भूवैज्ञानिक युग है। यह पृथ्वी के इतिहास के उस आधुनिक काल को दर्शाता है जब मानवीय गतिविधियों ने ग्रह की जलवायु, पारिस्थितिक तंत्र और पर्यावरण पर गहरा और स्थायी प्रभाव डाला। यह होलोसीन यानी अंतिम हिमयुग के बाद का युग माना जाता है, जिसकी शुरुआत 1950 मानी जाती है।

प्रायः जलवायु परिवर्तन एंथ्रोपोसीन अवधारणा है। दुनिया के सबसे धनी देशों में, पहले से कहीं अधिक खाली समय, अधिक खर्च की क्षमता और छुट्टियां हैं। इसका क्या और कैसे उपयोग करें यही संघर्ष और समझने का विषय है। लोग बचा समय खरीदारी एवं आनलाइन गतिविधियों में जाया कर रहे हैं और अपनी रचनात्मक ऊर्जा का अधिकतर हिस्सा इसी में गंवा रहे हैं।

डिजिटल ड्रग ग्रस्त मस्तिष्क के स्कैन या रक्त परीक्षण की नहीं सुविधा है। इसलिए डिजिटल उपवास और इंटरनेट-मुक्त सार्वजनिक स्थानों की जरूरत महसूस होने लगी है। इसलिए इस बारे में हमें गंभीरता से विचार करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## साख बचाने पर ध्यान दे सरकार

'सत्ताधारी दल के संगठन की चुनौतियां' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में राजीव सचान ने केंद्र की भाजपा गठबंधन की सरकार को चेताते हुए यह ठीक ही कहा है कि भाजपा संगठन की मजबूती और लोकप्रियता केंद्र और राज्यों में संचालित भाजपा गठबंधन की सरकारों के चुस्त-दुरुस्त काम पर ही निर्भर करेगी। युवा भाजपा नेता नितिन नवीन को राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा संगठन की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा ने देश की युवा पीढ़ी को आकर्षित करने का काम जरूर किया है, लेकिन अभी हाल में नीट यूजी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के कदाचार को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए उग्र युवा आंदोलन ने केंद्र सरकार को आक्रोशित युवाओं की बात मानने के लिए मजबूर कर दिया। ढांचागत निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विपक्ष सहित सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि तक प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार पर भी कारगर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ये विसंगतियां मोदी सरकार की साफ-सुथरी छवि को प्रभावित कर रही हैं। इस कदाचार और भ्रष्टाचार की मूल वजह सरकार का कमजोर होता निगरानी तंत्र ही है। यदि हर स्तर पर निगरानी तंत्र मजबूत हो और कार्यदाई संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित हो तो सरकार का सुशासन दिखाई देगा। सरकार ने आंतरिक सुरक्षा को चुनौती देने वाले आतंकवाद और माओवाद पर जैसा अंकुश लगाया है, कुछ वैसा ही सरकार के निगरानी तंत्र को मजबूत करने और उसकी जवाबदेही तय करने के मोर्चे पर भी दिखाई देना चाहिए।

डा. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़ (उप्र)

## मेलबाक्स

### मराठी की अनिवार्यता समाप्त हो

महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर टैक्सी, आटो और एप-आधारित कैब चालकों के लिए मराठी के कार्यसाधक ज्ञान को अनिवार्य किया है। अब इसका अनुपालन न करने पर कार्रवाई का प्रविधान भी है। यह निर्णय पहली दृष्टि में स्थानीय भाषा के सम्मान और यात्रियों से बेहतर संवाद के उद्देश्य से उचित प्रतीत हो सकता है, किंतु इसके संवैधानिक और व्यावहारिक पहलुओं पर गंभीर विमर्श आवश्यक है। वर्ष 2017 में बंबई हाईकोर्ट ने एक प्रकरण में मराठी ज्ञान की ऐसी शर्त को निरस्त किया था, क्योंकि तत्कालीन नियमों में सरकार को ऐसी अनिवार्यता लगाने का वैधानिक अधिकार नहीं था। इस बार सरकार ने नियम में संशोधन कर वैधानिक आधार अवश्य बनाया है, लेकिन इससे अनुच्छेद 14, 19 (1) (जी) और 21 की कसौटी समाप्त नहीं हो जाती। प्रश्न रहेगा कि रोजगार के अधिकार पर लगाया गया यह प्रतिबंध युक्तिसंगत, समान और आनुपातिक है अथवा नहीं। इसका राष्ट्रीय पहलू भी महत्वपूर्ण है। यदि महाराष्ट्र के बाद दक्षिणी राज्य तमिल, तेलुगु या कन्नड़ का ज्ञान अनिवार्य करने लगें तो क्या देशभर से रोजी-रोटी के लिए आने वाले लोग हर राज्य की भाषा सीख पाएंगे? इससे "एक भारत" की भावना के बजाय भाषायी सीमाएं मजबूत होने का खतरा है। ऐसे में प्रोत्साहन बेहतर रास्ता है।

ओपी चौधरी, सन सिटी, रतलाम, एमपी

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

बुधवार को प्रकाशित अग्रलेख पढ़ा। किसी भी विकसित और सशक्त राष्ट्र के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अनिवार्य है। भारत लंबे समय तक अपनी रक्षा जरूरतों के लिए विदेशी देशों पर निर्भर रहा, लेकिन आज भारत सैकड़ों देशों को रक्षा सामग्री निर्यात कर रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारत अब चार सौ से अधिक सैन्य सामग्रियों का देश में निर्माण कर रहा है। इनमें उन्नत हेलीकाप्टर, हल्के लड़ाकू विमान, मिसाइल, टैंक-रोधी गोला-बारूद सहित कई आधुनिक रक्षा उपकरण शामिल हैं। पिछले पांच वर्षों में 15 हजार से अधिक रक्षा सामग्रियों का स्वदेशीकरण किया गया है। यह उपलब्धि भारत की तकनीकी क्षमता और रक्षा उत्पादन में बढ़ती आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। भारत को रक्षा तकनीक का वैश्विक केंद्र बनने का लक्ष्य रखना चाहिए।

हिमांशु शेखर, केसपा, गयाजी

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए; नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**155.6** अरब डालर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ भारत और चीन के बीच वर्ष 2025 में, जो इसके पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक रहा।





प्रो. एम. एल. मीणा
विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

आजकल

# चीन की सैन्य हलचल और भारत की चुनौती

**चीनी सेना के भीतर हाल के दिनों में कई नए संरचनात्मक बदलाव देखे गए हैं। ये बदलाव चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के उन दीर्घकालिक उद्देश्यों का हिस्सा माने जा रहे हैं, जिनके माध्यम से वह दक्षिण एशिया में अपनी आक्रामक उपस्थिति के लिए एक नया मनोवैज्ञानिक आधार तैयार कर रहे हैं। ऐसे में भारत को अपनी सीमावर्ती आबादी को स्थायी रूप से टिकाए रखने की उस चुनौती को गंभीरता से लेना चाहिए, जिस पर सैन्य शक्ति से कहीं अधिक दीर्घकालिक संप्रभुता निर्भर करती है। भारत के लिए यह स्थिति कहीं अधिक लाभकारी हो सकती है**



चीन की सीमा के साथ संवेदनशील मामलों के प्रति भारत को सदैव सजग रहना होगा। फाइल

वर्ष 1971 में जब चीन के तत्कालीन रक्षा मंत्री और माओ के नामित उत्तराधिकारी लिन बियाओ का तख्तापलट-प्रयास बेनकाब हुआ और उनकी संदिग्ध मृत्यु हुई, तो यह चीनी सेना के इतिहास का सबसे बड़ा भूचाल माना गया था। फिर उसके बाद 50 साल से अधिक समय तक इस स्तर की कोई और घटना नहीं हुई थी। परंतु इस वर्ष के आरंभिक समय से ही उथल-पुथल के बाद चीन की केंद्रीय सैन्य आयोग अर्थात सीएमसी के सबसे वरिष्ठ उप-अध्यक्ष झांग यूशिया को हिरासत में ले लिया गया, जो 1971 के बाद किसी वरिष्ठ चीनी सैन्य अधिकारी का सबसे बड़ा पतन है। यह अकेली घटना नहीं थी। इससे पहले अक्टूबर 2025 में ही दूसरे उप-अध्यक्ष हे वेइदोंग को भी हटाया गया और पार्टी से निष्कासित किया गया था। नतीजा यह कि सामान्यतः सात सदस्यों वाली सीएमसी, जो चीन की समूची सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमान संरचना है, आज सिमटकर सिर्फ दो सदस्यों तक रह गई है।

अब आने वाले समय में जब चीन एक बिल्कुल नई सीएमसी की घोषणा करने वाला है, तब यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर इतनी बड़ी अस्थिरता के पीछे चल क्या रहा है और इसका भारत जैसे पड़ोसी देश पर क्या असर पड़ेगा। जुलाई की शुरुआत में शी चिनफिंग ने स्वयं दो नए जनरल झांग शुगुआंग और वायुसेना कमांडर वांग गैंग को पदोन्नत किया एवं झांग को स्वयं सीएमसी के भीतर भ्रष्टाचार-जांच विभाग का प्रमुख बनाया था। यह पदोन्नति उस बड़े पुनर्गठन का पूर्व-संकेत है जो आने वाले महीनों में सामने आएगा। लेकिन यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पूरा घटनाक्रम किसी बाहरी दबाव से नहीं पैदा हो रहा है। यह पार्टी की अपनी भ्रष्टाचार-विरोधी मुहिम से उपजा है। यानी शी चिनफिंग अपनी ही सेना पर, अपनी ही पार्टी के प्रति वफादारी सुनिश्चित करने के लिए इतना बड़ा आंतरिक आपरेशन चला रहे हैं, ठीक उसी समय जब वे सेना के आधुनिकीकरण की रफ्तार भी तेज करना चाहते हैं, ताकि ताइवान और व्यापक प्रशांत क्षेत्र में अपने दावों को मजबूती से थामा जा सके।

यह वह जगह है जहां भारत की सीमा-सुरक्षा नीति के लिए यह घटनाक्रम केवल एक विदेशी सुर्खी नहीं रह जाता है। भारत-चीन सीमा लगभग 3,488 किमी लंबी है और पांच भारतीय राज्यों से सटी है। लेकिन यह दुनिया की सबसे लंबी विवादित और असीमांकित सीमा भी मानी जाती है। इस सीमा पर चीन की सैन्य उपस्थिति का आकलन करना पहले से ही चुनौतीपूर्ण रहा है, और अब जब खुद पीएलए की सर्वोच्च कमान संरचना अस्थिर है, तो भारतीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह आकलन और जटिल हो जाता है।

हालांकि, भारत की तैयारी की तस्वीर देखें तो पिछले पांच वर्षों में इसमें उल्लेखनीय गति आई है। भारत अब लगभग 1,840 किमी लंबे अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे का निर्माण कर रहा है, जो नियंत्रण रेखा के 20 किमी के भीतर से गुजरेगा और भारत का हिमालय में अब तक का सबसे बड़ा अवसंरचनात्मक दावा माना जा रहा है। लद्दाख का न्योमा एयरफील्ड, जो इस वर्ष तक तैयार होना है, राफेल जेट और चिनूक हेलीकाप्टरों की तैनाती के लिए बड़ा बेस उपलब्ध करवाएगा। इसी तरह अरुणाचल प्रदेश में भारत सरकार सात एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड सैनिकों की त्वरित तैनाती सुनिश्चित कर रही है। पश्चिमी सेक्टर में एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीन यूनिटें पहले ही तैनात की जा चुकी हैं, और पूर्वी सेक्टर में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल की चार रेजिमेंट भारत की पारंपरिक प्रतिरोध-क्षमता को मजबूत कर रही हैं। साथ ही, भारत लगभग 80 हजार सैनिकों की एक विशेष माउंटेन स्ट्राइक कोर भी खड़ी कर रहा है, जो तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में आक्रामक कार्रवाई करने में सक्षम होगी।

फिर भी, एक निष्पक्ष तुलनात्मक मूल्यांकन यह स्वीकार करने से नहीं बचता कि पारंपरिक सैन्य संख्या और बजट में चीन अभी भी आगे है। अमेरिकी अनुमानों के अनुसार सीमा के पास लगभग दो लाख चीनी सैनिक तैनात हैं, जो मिसाइल प्रणाली और स्टील्थ लड़ाकू विमानों से लैस हैं। जबकि भारत ने 2020 के गतिरोध के बाद से लगभग 90 हजार अतिरिक्त सैनिक तैनात किए हैं।

अब लौटते हैं उस केंद्रीय प्रश्न पर कि चीन के भीतर की यह नेतृत्व-अस्थिरता भारत के लिए खतरा कैसे है और कैसे नहीं है? दोनों तर्क उतने ही मान्य हैं, और यही इस स्थिति को इतना जटिल बनाता है। एक तरफ, कमजोर या अस्थिर सैन्य नेतृत्व निर्णय-प्रक्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे भारत को अपनी अवसंरचना और तैयारी को और मजबूत करने का समय मिलता है। वहीं दूसरी तरफ, इतिहास यह भी सिखाता है कि आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता के दौर में सत्तारूढ़ नेता अक्सर राष्ट्रवादी भावना भड़काकर या बाहरी तनाव पैदा करके, आंतरिक असंतोष से ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं।

अंततः यह पूरा घटनाक्रम एक स्पष्ट और व्यावहारिक सबक देता है। भारत की सीमा-नीति को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि पीएलए के भीतर की उथल-पुथल स्वतः ही सीमा पर तनाव कम करेगी। इसके विपरीत, यही वह क्षण है जब भारत को अपनी अवसंरचना-निर्माण की गति और तेज करना होगा एवं अपनी खुफिया-निगरानी क्षमता को और पैना बनाना चाहिए। चीन की कूटनीति का मुकाबला करने के लिए इस लिहाज से भारत को मजबूत बनना होगा।

## चीन के साथ सतर्कता से आगे बढ़े भारत

**ज्योति रंजन पाठक**

अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास बढ़ी गतिविधियों के समाचारों के बीच चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत-चीन सीमा पर स्थिति फिलहाल 'आम तौर पर स्थिर' है। बीजिंग ने राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से संवाद बनाए रखने तथा सीमा क्षेत्रों में शांति व स्थिरता बनाए रखने की बात भी दोहराई है। हालांकि अरुणाचल प्रदेश सीमा के नजदीक किसी भी प्रकार की बढ़ी हुई सैन्य गतिविधि या टकराव की रिपोर्ट पर सीधे तौर पर टिप्पणी करने से चीन ने इन्कार कर दिया। इस बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और सद्भाव सबसे जरूरी है। कहा जा सकता है कि भारत और चीन के संबंधों में पिछले कुछ समय से जमी बर्फ पिघलती दिखाई दे रही है। वर्ष 2020 के गलवन संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्तों में आई कड़वाहट को कम करने के लिए उच्चस्तरीय संवाद और सीमा प्रबंधन की दिशा में कई कदम उठे हैं। दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बहाल हुई हैं, कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू हुई है और अगस्त 2026 में छह वर्ष के अंतराल के बाद कुछ पारंपरिक सीमा व्यापार मार्ग भी खोले गए हैं। यह सकारात्मक बदलाव निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है, लेकिन इसे संबंधों में स्थायी बदलाव का संकेत मान लेना जल्दबाजी होगी।

वस्तुतः भारत को चीन के साथ संबंध सुधारने की आवश्यकता है, लेकिन यह सुधार सतर्कता और राष्ट्रीय हितों की स्पष्ट समझ के साथ होना चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्पष्ट किया है कि सीमा पर शांति और स्थिरता सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की बुनियादी शर्त है। अगस्त के प्रारंभ में हुई सीमा वार्ता में सीमा प्रबंधन, सीमा निर्धारण और दोनों पक्षों के बीच समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती सीमा पर भरोसे की कमी है। हाल में अरुणाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में चीनी सैन्य गतिविधियों को लेकर रिपोर्टें सामने आईं, हालांकि भारतीय अधिकारियों ने कुछ दावों को अपुष्ट बताया और चीन ने सीमा स्थिति को सामान्य बताया। ऐसी परिस्थितियां बताती हैं कि कूटनीतिक संवाद बढ़ने के बावजूद सीमा संबंधी मूलभूत विवाद समाप्त नहीं हुआ है। ऐसे में भारत को चीन से संवाद भी बढ़ाना चाहिए और अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता भी मजबूत करनी चाहिए। इलेक्ट्रानिक्स, दूरसंचार, दवाओं के कच्चे माल, सौर उपकरण, महत्वपूर्ण खनिजों और औद्योगिक मशीनरी जैसे क्षेत्रों में आपूर्ति-श्रृंखला का विविधीकरण आवश्यक है।

सीमा अवसंरचना को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, पुल, संचार, हवाई संपर्क और सैन्य रसद की क्षमता जितनी मजबूत होगी, भारत की कूटनीतिक स्थिति उतनी ही प्रभावी होगी। सीमा पर शांति केवल वार्ताओं से नहीं, बल्कि मजबूत जमीनी तैयारी और विश्वसनीय निगरानी से भी सुनिश्चित होती है। भारत को चीन के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखने चाहिए। न तो हर चीनी पहल को संदेह की दृष्टि से देखना उचित है और न ही आर्थिक अवसरों के आकर्षण में रणनीतिक जोखिमों की अनदेखी। दरअसल, भारत-चीन संबंधों का सही रास्ता प्रतिस्पर्धा के बीच सह-अस्तित्व और संवाद का है। हालिया सुधार को अवसर में बदलने के लिए भारत को धैर्यपूर्वक आगे बढ़ना चाहिए। सीमा पर स्थायी शांति, पारदर्शी व्यापार, संतुलित आर्थिक संबंध और परस्पर सम्मान ही किसी टिकाऊ सुधार की कसौटी हो सकते हैं। चीन के साथ बेहतर संबंध भारत के हित में हैं, लेकिन बेहतर संबंधों का अर्थ यह नहीं कि सतर्कता नहीं बरतनी है। भारत को मित्रता की संभावनाओं का स्वागत करते हुए अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और आर्थिक हितों के प्रति पूरी तरह सजग रहना होगा। यही व्यावहारिक कूटनीति है और मजबूत रणनीति भी है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

खरी-खरी

## चुनावी लड्डुओं की भर्राई आवाज

**रेखा शाह आरबी**

चुनावी लड्डू और बेरोजगार का भविष्य अनिश्चित, अस्थाई, परिणाम घोषित होने तक टंगा हुआ होता है। इन्हें कुछ नहीं पता होता है कि आगे क्या होगा। जैसे बेरोजगार को नहीं पता होता है कि रोजगार मिलेगा या नहीं मिलेगा। इसी तरह चुनावी लड्डुओं को भी नहीं पता होता है कि जिसने उसे बनवाया है, वह उसकी डिलीवरी लेने के लिए आएगा या नहीं आएगा।

चुनाव के तारीख की घोषणा होते ही लड्डुओं के दिल की धड़कन बढ़ जाती है। उनकी भी नजरें टीवी की तरफ लगी रहती हैं कि किस पार्टी की हवा चल रही है। कौन ऊपर जा रहा, कौन नीचे जा रहा। किसकी लुटिया डूब रही है और किसकी नाव तैर रही है, क्योंकि वह जानते हैं हवा बदली नहीं कि उनका लेनहार भी बदल जाएगा। कुछ लड्डू तो चुनाव के अनुभव से गुजरते हुए इतने अनुभवी हो चुके हैं कि वह डिब्बे में बैठकर ही अनुमान लगा लेते हैं कि इस बार किस ओर उन्हें जाना है। यह एक्सपीरियंस की बात है।

वैसे तो लड्डुओं का अपना कोई दोष नहीं होता है। वह सिर्फ मीठे होते हैं। लेकिन कुछ को मीठे-मीठे लगते हैं और कुछ को कड़वे लगते हैं। जीतने के साथ उम्मीदवार के लिए लड्डू खुशी का प्रतीक बन जाते हैं और हारने के साथ ही लड्डू उसके दुख का कारण बन जाते हैं, जिसे देखकर उम्मीदवार के दिल में हुक उठती है। लड्डू तो वही रहता है बस लोग अपनी दृष्टि बदल देते हैं। जीतने वाला उम्मीदवार जब मंच पर चढ़कर लड्डू अपने मुंह में डालता है और अपने कार्यकर्ताओं को खिलाता है तो लड्डू के चरित्र में भी वही ऐंठन आ जाती है जो किसी जीते हुए नेता में होती है। जो लड्डू जीते हुए उम्मीदवार के मुंह में नहीं जगह पाते हैं, मिठाई की दुकान पर किसी कोने में लाचार, उदास से दिखाई देते हैं। तुम उससे कभी मत पूछना कि वह कितने किलो के हैं? किस पार्टी के टिकट पर बने थे! हो सकता है वह रोते-रोते जवाब दे कि हम लोकतंत्र के नहीं चुनावी गणित के शिकार हैं। आखिर थोड़ा बहुत बोलने का अभी भी सबको अधिकार है। तो लड्डू इस अधिकार का उपयोग क्यों न करें।

**X पोस्ट**

स्पिनरों के खिलाफ भारतीय टीम के लिए देवदत्त पडिक्कल देवदूत सरीखे ही साबित हुए हैं। धीमी गति के गेंदबाजों के विरुद्ध उनका रक्षण एवं आक्रमण दोनों ही लाजवाब है।
संजय मांजरेकर@sanjaymanjrekar

भारत ने श्रीलंका पर शानदार जीत दर्ज की, जिसमें मानव सुथार ने 10 विकेट लेकर अपनी चमक बिखेरी। डब्ल्यूटीसी फाइनल की होड़ के लिए इस नए दौर का भारत ने बढ़िया आगाज किया, लेकिन अभी राह में बहुत बड़ी चुनौतियां शेष हैं।
अयाज मेमन@cricketwallah

दिमागी नक्सल बनाम अंधभक्त वाली बहस बहुत दिलचस्प होने जा रही है, लेकिन अगर यह बहस विचारों के बजाय महज ठप्पेबाजी का माध्यम बनकर रह जाएगी तो इससे किसी का कोई भला नहीं होने वाला।
वसुधा वेणुगोपाल@Vasudha156



'हम जेन-जी हैं' का जुमला अब 'जानते नहीं मेरा बाप कौन है' जैसा रवैया बन गया है। जेन-जी के लिए बनी अच्छी छवि को खत्म करने का सबसे तेज तरीका यह है कि जरा सी भी ठेस महसूस होने पर इसे धमकी की तरह इस्तेमाल किया जाए।
उमर अब्दुल्ला@OmarAbdullah

**जागरण जनमत** कल का परिणाम

**टाटा समूह में उठापटक इस समूह की कंपनियों पर बुरा असर डाल रही है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारत की राह आसान होती दिख रही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

**जनपथ**

शादी तुम कर लो मियां भले तीन या चार,
पाएंगी सब बीवियां वेतन में अधिकार।
वेतन में अधिकार कह रहे बिस्वा सरमा,
बेहतर हो अब आप रहें इक पत्नी धर्मा!
रखकर पत्नी चार सिर्फ होगी बर्बादी,
सोच-समझकर आप कीजिए दूजी शादी!!
–ओम प्रकाश तिवारी



धनंजय प्रताप सिंह
डिप्टी पालिटिकल एडिटर (स्टेट), मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश डायरी

# नितिन की टीम में नवीन चेहरों को मौका

मध्य प्रदेश में आदिवासी वर्ग को सत्ता के केंद्र की धुरी माना जाता है। जब भी कोई सरकार बनती-गिरती है तो उसमें आदिवासी वर्ग का बड़ा योगदान होता है। भाजपा ने अपने संगठन में आदिवासी चेहरों की कमी का समाधान पीढ़ी परिवर्तन के रास्ते से तलाशना शुरू कर दिया है। बीते दिनों घोषित भाजपा की राष्ट्रीय टीम में मध्य प्रदेश के खरगोन से सांसद गजेंद्र पटेल को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। गजेंद्र भिलाला जनजाति से आते हैं। वहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल में मध्य प्रदेश से दो आदिवासी, दुर्गादास उइके (गोंड) और सावित्री ठाकुर (भिलाला) पहले से मौजूद हैं। फिलहाल पार्टी में आदिवासी चेहरे के तौर पर मंडला क्षेत्र के सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की पहचान रही है, जो अभी लोकसभा की एससी-एसटी कल्याण संबंधी समिति के सभापति भी हैं।

मध्य प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें तो आदिवासी समुदाय की मौजूदगी और चुनाव में उनका रुझान हमेशा से निर्णायक रहा है। विधानसभा की 47 सीटें एसटी (अनुसूचित जनजाति) के लिए आरक्षित हैं। साथ ही 35 सीटों पर आदिवासी समुदाय स्पष्ट रूप से प्रभाव डालते हैं। इस तरह 230 सीटों की विधानसभा में 82 पर आदिवासी समुदाय का खासा प्रभाव है। अविभाजित मध्य प्रदेश के दौर में वर्ष 1990 में कांग्रेस से मुंह मोड़कर आदिवासी समुदाय ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बैठाया, लेकिन वर्ष 1993 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाया। उसके बाद 10 साल तक दिग्विजय सिंह की सरकार रही, लेकिन आदिवासी समुदाय को निराशा ही हाथ लगी। छत्तीसगढ़ अलग हो जाने के बाद वर्ष 2003 के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली। आदिवासी समुदाय का साथ वर्ष 2008 और वर्ष 2013 के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को मिला, लेकिन वर्ष 2018 में इनके मोहभंग से भाजपा को सत्ता गंवानी पड़ी। विधानसभा चुनाव 2023 के नतीजे बताते हैं कि आदिवासी समुदाय ने एक बार फिर भाजपा का साथ दिया।



गजेंद्र पटेल। फाइल



दुर्गादास उइके। फाइल

आदिवासी चेहरों की कमी से भाजपा दोहरी चुनौती का सामना करती आ रही है। महाकोशल अंचल में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) जैसे दल जहां संगठन के लिए मुश्किलें बढ़ा रहे थे, वहीं मालवा में जय आदिवासी युवा संगठन (जयस) ने काफी नुकसान किया। इन संगठनों की गहरी होती जड़ें और उनके विस्तार को रोकने के लिए भाजपा के पास प्रभावशाली आदिवासी चेहरों की कमी रही है। यही वजह है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में मध्य प्रदेश से दुर्गादास उइके और सावित्री ठाकुर को शामिल किया गया।

इससे पहले केंद्र सरकार में फग्गन सिंह कुलस्ते को भी मौका दिया गया था, वहीं सुमेर सिंह सोलंकी को भी राज्यसभा भेजा गया था। सुमेर सिंह अपेक्षाओं पर भले ही खरे न उतरे हों, लेकिन भाजपा ने उन्हें प्रदेश संगठन में महामंत्री का दायित्व दिया है और उम्मीद की जा रही है कि उन्हें आने वाले विधानसभा चुनाव में भी मैदान में उतारा जा सकता है। भाजपा आदिवासी चेहरों की कमी दूर करने के लिए अब इस वर्ग के युवाओं को बड़े मौके देने की रणनीति पर काम कर रही है।

फिलहाल कांग्रेस के पास भी आदिवासी चेहरों की बेहद कमी है। कभी शिवभानु सिंह सोलंकी से लेकर जमुना देवी तक कांग्रेस के मजबूत आदिवासी चेहरे हुआ करते थे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आदिवासी चेहरा हैं, लेकिन संगठन में अभी भी आदिवासी समुदाय की भागीदारी बेहद कमजोर है।

इन सबके बीच भारतीय जनता पार्टी ने महसूस किया है कि वन अधिकार से लेकर जमीनों के पट्टे देने तक और पेसा जैसा कानूनी कवच आदिवासी समुदाय को देने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके हैं। इसके अलावा विभिन्न योजनाएं आदिवासी समुदाय के लिए संचालित की गईं, जिसमें चिकित्सा, राशन, रोजगार के साथ युवाओं को भी अलग से मौके दिए गए। मोहन सरकार आदिवासी युवाओं के लिए पुलिस विभाग में अलग से बटालियन बनाने की भी घोषणा कर चुकी है। आदिवासी समुदाय की कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के प्रयास भी जारी हैं, इसके बावजूद आदिवासी समुदाय में अपने मजबूत नेतृत्व की कमी महसूस की जाती रही है। इसे भांपते हुए भाजपा ने आदिवासी समुदाय के नए चेहरों को तलाशने और तराशने की कवायद शुरू कर दी है।

भाजपा आने वाले समय में सत्ता और संगठन में इस समुदाय की भागीदारी लगातार बढ़ाएगी, इसकी पूरी संभावनाएं हैं। हालांकि कांग्रेस की तैयारी में आदिवासी वर्ग को महत्व दिए जाने की रणनीति प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की ओर से अभी तक दिखाई नहीं पड़ी है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के बढ़ते कदम की प्रतिक्रिया में कांग्रेस भी आदिवासी समुदाय की तरफ रुख करें इससे इन्कार नहीं किया जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश डायरी



दविंद्र सिंह गुलेरिया
davinder@drm.jagran.com

# आवेदन रद होने पर शुल्क वापसी

चर्चा एक बेरोजगार की पीड़ा पर। बेरोजगार का हिमाचल प्रदेश में चल रही होमगार्ड की भर्ती के लिए आवेदन रद हो गया। कारण, आवेदन के साथ चरित्र प्रमाण पत्र नहीं लगाया था। बेरोजगार का दावा है कि लोकमित्र केंद्र वाले ने कहा था कि चरित्र प्रमाण पत्र ग्राउंड में भर्ती के दौरान ही देखते हैं। हिमाचल प्रदेश में लगभग दस वर्ष बाद होमगार्ड की भर्ती हो रही है। जिस भर्ती के लिए उसने भी लंबा इंतजार किया, अब वह उसके लिए अपात्र हो गया था। उसे खुद की गलती का अहसास था, पर साथ में व्यवस्था पर सवाल भी। पहला, यदि आवेदन अधूरा था तो भर्ती एजेंसी से फोन कर बता दिया जाता, वह अपडेट कर देता। आखिर संचार सेवाएं इतनी मजबूत हैं। बिना बिल चुकाए घंटों बातें कर सकते हैं। फोन करने में किसी का क्या जाता। काम की ही बात होती। जवाब में कहा जा सकता है कि फोन करने का नियम नहीं है। यानी हमारी कार्य संस्कृति का हिस्सा नहीं है। खैर...

दूसरा सवाल। उसने दो सौ रुपये शुल्क भरा था, वह तो वापस नहीं किया। शुल्क किस आधार पर स्वीकार किया। उक्त बेरोजगार मजदूरी करता है। पिता भी मजदूर हैं। मनरेगा से बहुत आस होती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में तो उनके वार्ड में एक भी काम नहीं हुआ। वार्ड की छोड़ो, पूरी पंचायत का मनरेगा में हुआ काम उसे याद नहीं। यानी दिहाड़ी भी मुश्किल से मिलती है। खून-पसीने की कमाई के दो सौ रुपये भर्ती एजेंसी ने क्यों वापस नहीं किए। यह अकेले बेरोजगार का दर्द नहीं है। न जाने अन्य कितने ही आवेदन अलग-अलग कारणों से रद हुए होंगे। अन्य भर्तियों में भी ऐसा ही होता है।

युवक कुछ वर्षों से होमगार्ड और बिजली मित्र भर्ती की तैयारी कर रहा था। सेना भर्ती में ग्राउंड क्लीयर करने के बाद बाहर हुआ था। अब होमगार्ड भर्ती से उम्मीद थी। बिजली मित्रों की भर्ती करने वाली कंपनी ने कब आवेदन ले लिए, पता ही नहीं चला। उसे जून में भर्ती शुरू होने या आवेदन लिए जाने की जब जानकारी लगी, तब तक आवेदन की अंतिम तिथि से दो दिन ऊपर हो गए थे। भर्ती करने वाली कंपनी का दावा है कि अप्रैल में विज्ञापन जारी किया था। अप्रैल में हिमाचल में पंचायत चुनाव का शोर था। कुछ बेरोजगार भ्रम में रहे कि आचार संहिता हटने के बाद यानी जून में आवेदन मांगे जाएंगे। आज बेशक हर किसी के पास स्मार्टफोन हैं, विशेषकर युवाओं के पास, लेकिन फिर भी...। भर्ती एजेंसी को मानकर चलना चाहिए कि एक विज्ञापन जारी करने से जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती। इंटरनेट मीडिया पर भी सूचना प्रसारित होनी चाहिए।

एक अन्य व्यक्ति का दावा। उन्होंने लगभग 30 साल पहले हिमाचल लोक सेवा आयोग में भर्ती के लिए आवेदन किया था। उसे आयोग का पत्र आया था कि आयु कम है, इसलिए वह परीक्षा में नहीं बैठ सकेगा। हालांकि जब उसे पत्र मिला, उस समय आयु सीमा पूरी कर चुका था, लेकिन आयोग ने कुछ माह पहले की तय तिथि मानकर आवेदन मांगे थे। पत्र में आवेदन शुल्क का कोई जिक्र नहीं था। आज तक नहीं बताया गया कि शुल्क का क्या हुआ। आवेदन रद हो गया था तो शुल्क मिलना चाहिए था। इस व्यक्ति ने यह पीड़ा भी रखी कि उसके पिता मुश्किल से परिवार चला रहे थे, उसने जैसे-तैसे पूरा शुल्क भरा था। एक अन्य युवक जिसके पिता प्रशासनिक अधिकारी थे, उनकी सड़क किनारे कोठी थी, उसे शुल्क में आधी छूट मिली थी। ऐसा भी क्यों हो?

पिछले दिनों इसी तरह के मामलों से जुड़ी अच्छी सूचना भी आई। हिमाचल सरकार ने निर्णय लिया है कि रद भर्तियों का आवेदन शुल्क वापस किया जाएगा। इन 80 विभिन्न श्रेणियों की भर्तियों के लिए वर्ष 2022 में 3.41 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। भर्तियां रद हो गई थीं। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग इन अभ्यर्थियों के लिए मिला लगभग 4.27 करोड़ रुपये शुल्क वापस करेगा। यह उचित निर्णय है। विभिन्न आयोगों व भर्ती एजेंसियों के विज्ञापन में लिखा जाता है कि बिना शुल्क आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। शुल्क जमा होने के बाद लौटाया नहीं जाएगा। उम्मीदवार का फार्म, फोटो, हस्ताक्षर, गलत जानकारी या निर्धारित योग्यता पूरी न होने के कारण रद किया जाता है, तब भी शुल्क वापस नहीं होगा। कोई आवेदन वापस लेता है, तो भी शुल्क वापस नहीं किया जाता। जिसका आवेदन रद हो गया, उसकी फीस किस आधार पर स्वीकार की जाएगी, इसका जवाब लाखों-करोड़ों बेरोजगार चाहते हैं।



हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग कार्यालय। फाइल

कुछ मामलों में विशेष आदेश के तहत शुल्क वापसी का प्रविधान है। जैसा कि अब हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग कर रहा है। बात 100-200 रुपये की नहीं है, पर किसी का शुल्क रख भी कैसे सकते हैं। यह कहां की नीति या नैतिकता है। यही कहा जाता है कि नियम है कि शुल्क नहीं लौटाया जाएगा। ठीक है। लेकिन जिस तरह हिमाचल सरकार ने 4.27 करोड़ रुपये लौटाने का निर्णय लिया है, उसी तरह की पहल संघ लोक सेवा आयोग व राज्यों की भर्ती एजेंसी भी तो कर सकती है। इसमें दिक्कत क्या है?

## ललिता ज्वेलरी मार्ट के आइपीओ को 63 गुना अभिदान

**नई दिल्ली:** ललिता ज्वेलरी मार्ट लिमिटेड के आइपीओ को बोली के अंतिम दिन बुधवार को 62.97 गुना अभिदान मिला। आभूषण खुदरा कंपनी ने शुक्रवार को एंकर निवेशकों से 508 करोड़ रुपये जुटाए थे। इनमें गोल्डमैन सैक्स, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड और बंधन म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कंपनी ने आइपीओ का मूल्य दायरा 190-201 रुपये प्रति शेयर तय किया है। (प्रेट्र)



जर्मनी के बाहर हमारी सबसे बड़ी लैब भारत में है। ऐसे में एआइ और डाटा से जुड़ा बहुत सारा नवाचार बेंगलुरु की लैब से हो रहा है और हम भारत में जबरदस्त क्षमता और टैलेंट पूल भी देखते हैं।
– वेरेना सियो, प्रेसिडेंट, एशिया-प्रशांत, सैप

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,909.68 | ▼ 325.78 | |
| निफ्टी | 24,078.30 | ▼ 76.60 | |
| सोना | प्रति दस ग्राम | ₹ 1,58,000 | ▼ ₹ 800 |
| चांदी | प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,35,000 | ▼ ₹ 5,730 |
| डालर | | ₹ 95.73 | ▼ ₹ 0.01 |
| क्रूड | प्रति बैरल | $ 91.97 | |

## एक नजर में

### सितंबर से एक प्रतिशत महंगे होंगी हुंडई की कारें

**नई दिल्ली:** कच्चे माल की लागत के दबाव को कम करने के लिए हुंडई सितंबर से अपने सभी माडलों की कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि करने जा रही है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कीमत में वृद्धि की मात्रा माडल और वेरिएंट के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने कहा कि कीमत में यह बदलाव इनपुट और कमोडिटी की बढ़ती लागत, ज्यादा संचालन खर्च और लगातार भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं जैसे कई कारणों से जरूरी हो गया है। (प्रेट्र)

### जुलाई में कच्चे तेल का आयात नौ प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली:** जुलाई में भारत का कच्चा तेल आयात जून के मुकाबले नौ प्रतिशत बढ़कर 2.14 करोड़ मीट्रिक टन रहा। पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के आंकड़ों से पता चलता है कि सालाना आधार पर क्रूड का आयात 13 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल जुलाई में यह 1.88 करोड़ मीट्रिक टन था। जून के मुकाबले जुलाई में कच्चे तेल से बने उत्पादों का आयात लगभग दो प्रतिशत घटकर 25.30 लाख मीट्रिक टन रह गया और यह एक साल के पहले के मुकाबले इसमें 40 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। (रायटर)

### निफ्टी में लगातार सातवें दिन गिरावट, सेंसेक्स भी लुढ़का

**मुंबई:** कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को नुकसान के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 325.78 अंक गिरकर 76,909.68 पर बंद हुआ। पिछले चार दिनों में बेंचमार्क में 1,170.28 अंक की गिरावट आई है। लगातार सातवें दिन गिरावट जारी रखते हुए एनएसई निफ्टी 76.60 अंक गिरकर 24,078.30 पर बंद हुआ। पिछले सात कारोबारी सत्रों में इसमें 505.5 अंक गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड 1.04 प्रतिशत बढ़कर 91.97 डालर प्रति बैरल हो गया। (प्रेट्र)

# रूसी तेल ब्लाक में किया निवेश बचाने की कवायद

## अमेरिका से वार्ता में भारत ने सखालीन तेल ब्लाक में ओएनजीसी के निवेश को महत्वपूर्ण बताया

जयप्रकाश रंजन • जागरण

- सखालीन तेल ब्लाक में 2001 में 1.7 अरब डालर में 20% हिस्सेदारी खरीदी थी ओएनजीसी ने
- अमेरिकी अनुमति के बाद ओएनजीसी विदेश का वेनेजुएला में निवेश हुआ सुरक्षित




### एसएंडपी की रिपोर्ट के अनुसार-वेनेजुएला के ऊर्जा क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के 2.5 अरब डालर फंसे

ओवीएल ने 2008 में वेनेजुएला के सैन क्रिस्टोबल तेल क्षेत्र में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। यहां की काराबोबो-1 परियोजना में भी कंपनी (अन्य भारतीय कंपनियों के साथ) ने 18 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। पिछले वर्ष वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी की एक रिपोर्ट के मुताबिक वेनेजुएला के ऊर्जा क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के 2.5 अरब डालर फंसे हैं। इसका कारण अमेरिकी प्रतिबंध थे। प्रतिबंधों के कारण पिछले कई वर्षों से गतिविधियां सीमित रहीं और 50 करोड़ डालर से अधिक का लाभांश फंसा रहा।

**नई दिल्ली :** अपनी दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए रूस की जरूरत को देखते हुए भारत सरकार अमेरिकी प्रतिबंधों की काट खोजने के लिए कई विकल्पों को आजमाने जा रही है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी ओएनजीसी को वेनेजुएला में अपनी परियोजनाओं पर पूर्ण परिचालन को अमेरिका से मिली अनुमति को भी एक ऐसे ही विकल्प के तौरत पर देखा जा रहा है।

अमेरिकी ट्रेजरी के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) से लाइसेंस मिलने के बाद भारतीय कंपनी अब वहां स्वतंत्र रूप से काम कर सकती है। इससे कई वर्षों से वेनेजुएला में फंसे ओएनजीसी के निवेश पर रिटर्न मिलने का रास्ता खुल गया है। हालांकि, इससे रूस से ऊर्जा कारोबार करने की राह में अमेरिकी प्रतिबंधों की फांस को ढीला करने में भी करने की कोशिश है। सूत्रों के मुताबिक, 'भारत सरकार अमेरिका के साथ इस बात पर भी चर्चा कर रही है कि रूस के सखालीन तेल ब्लाक में ओएनजीसी के निवेश को सुरक्षित रखने और संबंधित गतिविधियों में कोई बाधा नहीं आए।

अमेरिका को हाल की बैठकों में यह बताया गया है कि भारत वेनेजुएला से तेल की खरीद बढ़ाता रहेगा लेकिन सखालीन में ओएनजीसी का निवेश भी भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।' ओएनजीसी की सब्सिडियरी ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने इस रूसी परियोजना में वर्ष 2001 में ही 1.7 अरब डालर में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का फैसला किया था। इससे भारत को लगातार तेल की आपूर्ति भी हो रही थी। लेकिन 2022 में यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और रूस के फैसले के चलते परियोजना का संचालन घरेलू कंपनी के पास चला गया। अब अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ओएनजीसी ने दिसंबर 2025 में अपनी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली। कंपनी ने रूस में फंसे लाभांश और अन्य व्यवस्थाओं के उपयोग का रूबल में भुगतान किया है।

अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से इस परियोजना से कुछ वर्ष पहले एक्सानमोबिल और शेल जैसी कंपनियां बाहर हो चुकी हैं। रूस की सरकार चाहती है कि ओएनजीसी निवेश बढ़ाए। ओएनजीसी के निवेश बढ़ाने से रूस की आर्थिक स्थिरता को भी मदद मिलेगी।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# सीएएस को बदनाम करने की साजिश से सख्ती से निपटेंगे


तुहिन कांत पांडेय

### सेबी चेयरमैन ने दी चेतावनी, बोले-दुनिया के प्रमुख बाजारों में पिछले दो वर्षों से अपनाया जा रहा क्लोजिंग आक्शन सेशन

**मुंबई, प्रेट्र :** सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को आगाह किया कि समापन नीलामी सत्र (सीएएस-क्लोजिंग आक्शन सेशन) यानी बाजार बंद होने के बाद शेयर के अंतिम भाव तय करने की व्यवस्था को 'बदनाम' करने के किसी भी साजिश के खिलाफ मार्केट रेगुलेटर सख्ती से कार्रवाई करेगा। सीएएस को तीन अगस्त को लागू करने के बाद बाजार भागीदारों की ओर से जताई गई चिंताओं के बीच पांडेय ने कहा कि सीएएस में हेरफेर पकड़ने की सेबी की क्षमता उस पुरानी मात्रा भारांश औसत कीमत प्रणाली की तुलना में अधिक है। सेबी ने सीएएस में हेरफेर के आरोप में दो संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है।

पांडेय ने कहा, 'हम सीएएस में हेरफेर को आसानी से पकड़ सकते हैं। सीएएस पारदर्शिता के लिए है। अगर किसी को लगता है कि वे नई प्रणाली को बदनाम करने के लिए सीएएस में हेरफेर करेंगे, तो वे मुसीबत में पड़ेंगे।' सेबी प्रमुख ने कहा कि सीएएस से व्यवस्था में भागीदारी बढ़ रही है। पांडेय ने कहा, 'मुझे लगता है कि सीएएस में भागीदारी में सुधार हो रहा है और आगे भी इसमें सुधार होगा। हम भागीदारी में आ रही बाधाओं को देख रहे हैं।' सेबी के अनुसार, दुनिया के प्रमुख बाजारों में पिछले दो वर्षों तक सीएएस जैसी व्यवस्था अपनाई गई है।

## डिजिटल स्वतंत्रता के लिए ट्राई के तीन एप

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** दूरसंचार नियामक ट्राई का कहना है कि उसके द्वारा विकसित किए गए तीन एप ट्राई डीएनडी, ट्राई माइस्पीड और ट्राई माइ काल को डाउनलोड करने से यूजर को डिजिटल स्वतंत्रता हासिल करने में मदद मिलेगी। ट्राई डीएनडी एप से उपभोक्ता को किसी काल को रिसीव या रिजेक्ट करने को लेकर प्राथमिकता चुनने का विकल्प मिलता है।
प्रमोशनल काल को रिसीव करने या नहीं करने या उन्हें ब्लाक करने का आसान मैकेनिज्म इस एप में दिया गया है। देश में 1.3 अरब लोगों के पास मोबाइल फोन के कनेक्शन है और इनमें से सिर्फ 16 प्रतिशत ने डीएनडी को चुना है। ट्राई के माइ स्पीड एप से यह पता चल जाता है कि फोन में इंटरनेट की स्पीड क्या है। ट्राइ माइ काल एप के जरिये फोन पर बातचीत के दौरान आवाज व बातचीत सुनने की गुणवत्ता के बारे में जाना जा सकता है।

## निर्यात होने वाले कृषि उत्पादों में झारखंड का आम भी

### चेरी, अदरक, प्लम जैसे उत्पाद का निर्यात बढ़ने से किसानों को फायदा, सिंगापुर के बाजार में 21 अगस्त को एपीडा खोलेगा स्टोर

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** निर्यात होने वाले आइटम में कृषि से जुड़े खाद्य पदार्थों की मात्रा बढ़ रही है। इस साल जुलाई में झारखंड के गुमला और देवघर से आम्रपाली आम को दुबई भेजा गया तो सुपरफूड के नाम से मशहूर दरभंगा के मखाने को कनाडा के बाजार में भेजा गया। अदरक, हल्दी, अनानास, चेरी, प्लम जैसे आइटम भी अब तेजी से निर्यात बास्केट में अपनी जगह बना रहे हैं। जुलाई में उत्तराखंड से फ्रेंच फ्राई का इराक में निर्यात किया गया।

सिंगापुर भारतीय फल-सब्जी का बड़ा बाजार बनता जा रहा है। जुलाई में सिंगापुर में जम्मू-कश्मीर की चेरी तो उत्तर-पूर्वी राज्यों के अदरक, हल्दी जैसे कई आइटम भेजे गए। पिछले कुछ महीनों से सिंगापुर होने वाले निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस साल जुलाई में तो सिंगापुर होने वाले निर्यात में पिछले साल जुलाई के मुकाबले 83 प्रतिशत का इजाफा रहा। जुलाई में होने वाले निर्यात में सिंगापुर की हिस्सेदारी 4.6 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। यही वजह है कि सिंगापुर के माल या सुपर बाजार में 21 अगस्त को वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) अपना स्टोर आरंभ करने जा रहा है। ब्रिटेन के साथ एफटीए पर अमल के बाद से यूपी, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरलम, कर्नाटक जैसे राज्यों से कृषि खाद्य पदार्थों की 17 खेप ब्रिटेन गई हैं।

## नौ सिम रखने वालों को न दें नया कनेक्शन

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार कंपनियों को ऐसे ग्राहकों को नया मोबाइल कनेक्शन नहीं देने का निर्देश दिया है, जिनके नाम पहले से ही नौ मोबाइल सिम जारी हैं। विभाग ने निर्धारित सीमा से अधिक मोबाइल कनेक्शन लेने वाले ग्राहकों की पहचान के लिए 'डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफार्म' का इस्तेमाल करने को कहा है।

इस प्लेटफार्म पर दूरसंचार कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए ग्राहक आंकड़ों के आधार पर पहले से निर्धारित सीमा से अधिक मोबाइल कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों का विवरण है। दूरसंचार विभाग ने कहा कि 23 अगस्त से डीआइपी पर ऐसे प्रत्येक ग्राहक की फोटो की प्रतिनिधि छवि भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके नाम पर निर्धारित सीमा तक मोबाइल कनेक्शन पहले से जारी हैं। जब तक यह व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं होती, तब तक निर्धारित सीमा से अधिक संख्या में सक्रिय कनेक्शन तत्काल निलंबित होगा।

## वैश्विक अनिश्चितता इकोनमी के लिए खतरा




- आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति के बैठक के ब्योरे की बुधवार को दी गई जानकारी
- मानसून असामान्य रहने के बावजूद इकोनमी ने पहली तिमाही में किया बेहतर प्रदर्शन

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** आरबीआइ ने भी कहा है कि वैश्विक अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता अर्थव्यवस्था के लिए एक चुनौती है। आरबीआइ ने बुधवार को पिछली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में सभी सदस्यों के विचारों का आकलन जारी किया है, जिसमें उक्त चेतावनी दी गई है। एमपीसी की बैठक 3-5 अगस्त 2026 तक चली थी, जिसमें रेपो रेट में किसी भी तरह का बदलाव नहीं करने का फैसला किया गया था।

समिति ने कहा कि 2026 में वैश्विक आर्थिक परिदृश्य मुख्य तौर पर शेयर बाजार में बार-बार होने वाले उतार-चढ़ाव और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बने रहने वाला रहेगा। पश्चिम एशिया में अस्थायी युद्धविराम से जो राहत मिली थी वह संघर्ष शुरु होने से खत्म हो गई है। इस क्षेत्र में जारी संघर्ष, अस्थिर तेल कीमतें, मुद्रास्फीति के बढ़ने की आशंका, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर सार्वजनिक वित्त (अमेरिका, ईयू आदि पर बढ़ते कर्ज की स्थिति) विश्व के लिए नकारात्मक स्थिति बना रहे हैं। साथ ही ऊर्जा कीमतें और सप्लाई चेन की स्थिति भी ठीक नहीं है।

### महंगाई पर अधिक स्पष्टता आने तक इंतजार करना ठीक

बैठक में आरबीआइ गवर्नर कहा था कि अनियमित मानसून के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है और 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करना इसकी मजबूती बताती है। महंगाई बढ़ी है लेकिन यह आपूर्ति पक्ष (खाद्य व ईंधन) तक सीमित है। इसलिए ब्याज दर को बदलने से पहले मुद्रास्फीति के मार्ग पर अधिक स्पष्टता का इंतजार करना बेहतर रहेगा।

### महंगाई का दायरा बढ़ा तो बढ़ानी पड़ेगी रेपो रेट

आरबीआइ गवर्नर ने खाद्य पदार्थों, ईंधन और अन्य कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी के जोखिमों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत भी बताई। उन्होंने कहा, 'अगर इन जोखिमों के वास्तविक रूप लेने के संकेत मिलते हैं तो नीतिगत रुख को सख्त करने की जरूरत पड़ सकती है।'

## राष्ट्रीय फलक

# 10000 लोगों को रोजगार देगा उप्र में तीन हजार करोड़ का जापानी निवेश

- नई दिल्ली में हुआ उप्र-जापान निवेश सम्मेलन, कुबोटा और मिंडा की परियोजना का वर्जुअल भूमिपूजन
- देश की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल उत्तर प्रदेश, निवेश-नवाचार का नया केंद्र : सीएम योगी



नई दिल्ली में बुधवार को उत्तर प्रदेश-जापान इन्वेस्टमेंट मीट 2026 के दौरान (बाएं से) केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जापान के यामानाशी प्रान्त के गवर्नर कोतारो नागासाकी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। प्रेट्र

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

कानून-व्यवस्था में सुधार व औद्योगिक नीतियों में महत्वपूर्ण बदलावों से राज्य में निवेश का माहौल बनाने में जुटी उत्तर प्रदेश सरकार को बड़ी सफलता मिली है। उप्र व जापान के बीच बढ़ती औद्योगिक साझेदारी के तहत बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित उप्र-जापान निवेश सम्मेलन, 2026 में एस्कार्ट्स कुबोटा लिमिटेड और मिंडा कारपोरेशन लिमिटेड की 3195 करोड़ रुपये की परियोजना का वर्चुअल भूमिपूजन किया गया। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में लगने वाली इन परियोजनाओं से 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना जताई गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि उप्र आज देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और यह निवेश व नवाचार के नए केंद्र के रूप में उभरा है। ट्रैक्टर और निर्माण उपकरण बनाने वाली एस्कार्ट्स कुबोटा लिमिटेड यीडा के सेक्टर-10 में 2029 करोड़ का निवेश कर विनिर्माण इकाई लगा रही है। यहां ट्रैक्टर और उपकरण संबंधी उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। परियोजना से 3800 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। वहीं, मिंडा कारपोरेशन भी यीडा में दो बड़े विनिर्माण प्रोजेक्ट शुरू कर रही है। कंपनी इनमें 1166 करोड़ का निवेश करेगी। इससे करीब 6440 रोजगार के अवसर पैदा होगा। इन परियोजनाओं के जमीन पर उतरने से यीडा में औद्योगिक गतिविधियों के साथ सहायक उद्योगों और सप्लाई चेन के लिए भी नए अवसर पैदा होंगे। वर्चुअल भूमिपूजन के मौके पर योगी आदित्यनाथ ने कहा, भारत और जापान का संबंध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विश्वास पर आधारित है। इसमें भगवान बुद्ध की करुणा, जीवन का अनुशासन व मध्यम मार्ग तथा दोनों देशों के साझा मूल्य हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, स्पष्ट नीति, साफ नीयत और दृढ़ संकल्प के साथ उप्र आज भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बना है। गत नौ वर्षों में राज्य के बजट, सकल राज्य घरेलू उत्पाद व प्रति व्यक्ति आय को तीन गुणा करने में सफलता मिली है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, भारत- जापान का संबंध सिर्फ दो देशों का नहीं, बल्कि दो संस्कृतियों का संवाद, दो सभ्यताओं का संगम व दो संकल्पों का समन्वय है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, यह निवेश सम्मेलन भारत-जापान तथा उप्र-यामानाशी प्रांत के संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में अहम पहल है। भारत की आर्थिक वृद्धि को दुनिया ने स्वीकारा है। इस दौरान उप्र के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, एस्कार्ट्स कुबोटा के अध्यक्ष शिंगो हानाडा व स्पार्क मिंडा कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक आकाश मिंडा भी उपस्थित थे।

# गुजरात सरकार ने सेमीकंडक्टर प्लांट को 12 घंटे की शिफ्ट की दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, जागरण • अहमदाबाद

- कर्मचारियों से एक सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम नहीं कराया जा सकेगा
- लिखित सहमति देने वाले कर्मचारी ही 12 घंटे की शिफ्ट में काम कर सकेंगे

गुजरात सरकार ने औद्योगिक विकास को गति देने के लिए साणंद स्थित माइक्रोन के सेमीकंडक्टर प्लांट को 12 घंटे की शिफ्ट की स्वीकृति प्रदान कर दी है, चूंकि इसको लागू करने से पहले सरकार से मंजूरी लेना अनिवार्य है। हालांकि, कर्मचारियों से एक हफ्ते में 48 घंटे से अधिक काम नहीं कराया जा सकेगा। दुनिया में स्थित सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाइयों में 12 घंटे की शिफ्ट कार्यप्रद्धति स्वीकृत है इसलिए गुजरात में भी इसे लागू करना पड़ा है।

गुजरात के श्रम एवं रोजगार मंत्री कुंवरजी बावलिया ने बताया कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गुजरात में 'ईज आफ डूइंग बिजनेस' को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने यह निर्णय किया है। कर्मचारियों की 12 घंटे की शिफ्ट करने के लिए सरकार की पूर्वानुमति अनिवार्य है। स्वीकृति के बिना कोई भी औद्योगिक समूह कर्मचारियों से 12 घंटे की शिफ्ट नहीं करा सकेगा। लिखित सहमति देने वाले कर्मचारी ही 12 घंटे की शिफ्ट में काम कर सकेंगे। 12 घंटे की शिफ्ट में सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम नहीं कराया जा सकेगा। सेमीकंडक्टर उद्योग को मजबूत करने के साथ-साथ श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार ने कड़े नियम बनाए हैं।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात सेमीकंडक्टर क्षेत्र में देश का अग्रणी निवेश डेस्टिनेशन बना है। फैब्रिकेशन, असेंबली, पैकेजिंग, टेस्टिंग और अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन आदि क्षेत्रों में राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' को सफल बनाने के लिए देश में पूर्णतः स्वदेशी चिप उत्पादन इकोसिस्टम विकसित करना ही गुजरात का लक्ष्य है। सेमीकंडक्टर मिशन अंतर्गत मंजूर हुए छह बड़े प्रोजेक्ट गुजरात को मिले हैं। इन सभी प्रोजेक्ट में लगभग 1.40 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है।

इन प्रोजेक्ट से लगभग 50,000 प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की अपेक्षा है। सेमीकंडक्टर उत्पादन परंपरागत फैक्ट्रियों से अलग है, क्योंकि यहां अत्यंत नियंत्रित क्लीनरूम परिस्थिति में उत्पादन प्रक्रिया निरंतर चलती है। चिप असेंबली तथा टेस्टिंग के लिए अत्याधुनिक आटोमेटेड मशीनें 24 घंटे कार्यरत रहती हैं, जिसके कारण निरंतर उत्पादन बनाए रखना कार्यदक्षता एवं गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

# जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल के 92 में 63 पद खाली, हाई कोर्ट नाराज

विधि संवाददाता, जागरण • प्रयागराज

- केंद्र का हलफनामा बताया अपर्याप्त व अस्पष्ट, कहा- केवल कागजी कार्यवाही से नहीं चलेगा काम

उप्र में जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल की बेंचों में बड़ी संख्या में पद खाली होने पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने केंद्र के हलफनामे को अपर्याप्त व अस्पष्ट बताते हुए कहा कि केवल विज्ञापन और कागजी कार्रवाई से कानूनी दायित्व पूरा नहीं होता। कहा, अगला हलफनामा संतोषजनक नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से तलब किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर 2026 को होगी।

मामला गौतमबुद्धनगर की मेसर्स एसएस फार्मा की याचिका से जुड़ा है। याची की ओर से अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी और विमल चंद्र पाठक ने पक्ष रखा। केंद्र की ओर से एएसजी शशि प्रकाश सिंह और राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता रवि शंकर पांडेय उपस्थित हुए। कोर्ट के पूर्व आदेश पर वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने हलफनामा दाखिल किया था। इसमें दावा किया गया कि प्रदेश में जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल पूरी तरह कार्यशील हैं। हालांकि, कोर्ट ने हलफनामे में दिए आंकड़ों को ही इस दावे के विपरीत पाया। रिपोर्ट के अनुसार ट्रिब्यूनल के लिए 92 पद स्वीकृत हैं। इनमें 86 पद 10 मई 2024 को और छह पद पांच मई 2026 को मंजूर किए गए थे। अब तक 29 पद भरे गए हैं, जबकि छह पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इस तरह 63 पद अभी भी खाली हैं।

कोर्ट ने कहा, रिक्त पद भरने की समयबद्ध योजना हलफनामे में नहीं बताई गई है। सितंबर 2025 के परिपत्र का उल्लेख करते हुए कहा, विभिन्न बेंचों के 44 पदों में 14 ही भरे जा सके थे। सरकार ने इसके पीछे पर्याप्त आवेदन नहीं मिलने की वजह बताई थी।

## ईंधन बिक्री को वाहनों के बीमे से जोड़ने का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करे केंद्र

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह उस पायलट प्रोजेक्ट को लागू करे जिसके तहत पेट्रोल पंपों पर वाहनों को तब तक ईंधन नहीं दिया जाएगा जब तक उनके पास वैध बीमा न हो। सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त को एक फैसले में इस बात पर कड़ा संज्ञान लिया था कि बड़ी संख्या में वाहन बिना थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस कवर के चल रहे हैं। साथ ही केंद्र को पायलट प्रोजेक्ट तैयार करने का निर्देश दिया था, जिसके तहत वाहनों के लिए ईंधन को वैध बीमा स्थिति से जोड़ा जाएगा।

कोर्ट में बुधवार को मामले पर सुनवाई के दौरान केंद्र के वकील ने कहा, पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की कुछ चिंताएं हैं। पीठ ने कहा, आपको इसे लागू करना होगा, इसे दिल्ली से शुरू किया जा सकता है। वकील ने कहा, इसके लिए तेल विपणन कंपनियों को डीलरों के साथ बैठक करनी होगी।

# पिथौरागढ़ में बर्फविहीन हुई ऊं आकृति, ओम पर्वत को हिमपात का इंतजार

जागरण संवाददाता, पिथौरागढ़

**10** साल में तीसरी बार आकृति हुई हिमविहीन

- आषाढ़-सावन में नहीं होती है बर्फबारी, भाद्रपद से बर्फ गिरनी शुरू होती है


पिथौरागढ़ जिले में स्थित ओम पर्वत मई में इस तरह नजर आया था। जागरण आर्काइव


पिथौरागढ़ जिले में स्थित ओम पर्वत की ऊं आकृति से बर्फ गायब हो चुकी है। जागरण

गर्मियों में चांदी की तरह चमकने वाले ओम पर्वत सहित आसपास की चोटियां मानसून काल में बर्फविहीन होने से काली नजर आने लगी हैं। इस समय हिमपात नहीं होने और लगातार वर्षा के कारण बड़े गलेशियरों को छोड़कर अन्य चोटियों की बर्फ भी तेजी से पिघलती है। ओम पर्वत की ऊं आकृति 10 साल के भीतर तीसरी बार बर्फविहीन हुई है।

जुलाई मध्य के बाद ओम पर्वत सहित आसपास की चोटियों की बर्फ पिघलनी शुरू हो जाती है। अगस्त मध्य तक ओम आकृति की बर्फ काफी पिघल जाती है, लेकिन बर्फ की हल्की सी परत नजर आती रही है। ओम पर्वत के सबसे निकटवर्ती गुंजी गांव के 98 वर्षीय मंगल सिंह गुंज्याल बताते हैं कि आषाढ़ और सावन में बर्फबारी नहीं होती है। भाद्रपद (अगस्त) से हिमपात शुरू हो जाता है। पहले ही हिमपात के बाद ओम पर्वत चमकना शुरू हो जाता है। वह बताते हैं कि पिछले दस वर्षों में 2016, 2024 और अब 2026 में ऊं आकृति की बर्फ पूर्ण रूप से पिघल चुकी है। इसका एक कारण शीतकाल में देर से और कम बर्फबारी भी है।

## सूचना प्रसारण मंत्रालय के आइएफए घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सीबीआइ ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय में आंतरिक वित्तीय सलाहकार (आइएफए) के तौर पर तैनात अकाउंट्स के डिप्टी कंट्रोलर को गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक निजी कंपनी के कांट्रैक्ट के रिन्यूअल की फाइल को मंजूरी देने के बदले अपनी पत्नी के जरिए 10 लाख रुपये की घूस ली। सीबीआइ प्रवक्ता के मुताबिक, आरोप है कि इंडियन सिविल अकाउंट्स सर्विस के 2020 बैच के अधिकारी संदीप ने रिन्यूअल फाइल की प्रोसेसिंग के लिए एक व्यवसायी से 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद, आरोपित कंपनी के कांट्रैक्ट के रिन्यूअल की फाइल को तेजी से प्रोसेस करने के लिए शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने को राजी हो गया, जो उनके पास पेंडिंग थी।" एजेंसी ने मंगलवार को जाल बिछाया और आरोपित अधिकारी को पत्नी के जरिए रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

### कल्पमेधा

*सच्चा दोस्त दर्पण की तरह होता है, जो आपकी खूबियां और खामियां एक साथ बताता है।*

*- बर्नार्ड शा*

## शुचिता के बजाय

किसी भी समाज में यह उम्मीद की जाती है कि उनके जनप्रतिनिधि में उच्च स्तर की ईमानदारी, बेदाग छवि और दूरदर्शी सोच होनी चाहिए। एक आदर्श राजनेता उसे कहा जाता है, जो व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र और समाज के कल्याण को प्राथमिकता दे। मगर जब कोई नेता गंभीर आरोपों में घिरा हो, तो वह जनता की अपेक्षाओं की कसौटी पर कितना खरा उतर पाएगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल एक हलफनामे में बताया गया कि देश भर में सांसदों और विधायकों के खिलाफ चार हजार से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें तीन सौ से ज्यादा सांसद तथा चौदह मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि राजनीति में शुचिता के मानदंडों पर क्या सही मायने में अमल हो पा रहा है? साथ ही इस पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि राजनेताओं के लिए विशेष व्यवस्था के बावजूद उनके खिलाफ मुकदमे के निपटारे में इतना लंबा वक्त क्यों लग जाता है।

देश की राजनीति में आपराधिक मामलों का सामना कर रहे नेताओं को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस मुद्दे पर अलग-अलग समय में बहस और चर्चाएं भी होती रही हैं। इसके बावजूद विधायिका में ऐसे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति बनी हुई है, जिनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सवाल सिर्फ मुकदमे जल्दी निपटाने का नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों की मौजूदगी और जवाबदेही से भी है। इसमें दोराय नहीं कि किसी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला लंबित होना और उसका अपराध साबित होना दो अलग-अलग बातें हैं। मुकदमे का सामना करने वाले व्यक्ति को तब तक अपराधी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक उसे अदालत से दोषी न करार दिया जाए। मगर सवाल यह भी है कि जो समाज अपने नेता को एक आदर्श व्यक्ति के रूप में देखता है, अगर वह गंभीर आरोपों में घिरा हो, तो उसे किस तरह देखा जाएगा? क्या इससे ईमानदार राजनीति की शुचिता प्रभावित नहीं होगी? नैतिकता का तकाजा तो यही है कि जब किसी जनप्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगें, तो वह विधायी पद से खुद को अलग कर ले, लेकिन आज के समय में ऐसे उदाहरण दुर्लभ हैं।

गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सभी राजनीति दलों की ओर से अपने उम्मीदवारों पर दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी सार्वजनिक करने की व्यवस्था लागू की है, ताकि मतदाताओं को यह निर्णय करने में आसानी हो कि उन्हें किसे अपना जनप्रतिनिधि चुनना है। मगर, इस सब के बावजूद राजनीति में आपराधिक छवि के नेताओं के प्रवेश पर अंकुश नहीं लग पाया है। हलफनामे में कहा गया है कि वर्ष 2025 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,243 आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया, जबकि उसी वर्ष 1,050 नए मामले भी दर्ज किए गए। हालांकि, सरकार की ओर से सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के जल्द निपटारे के लिए विशेष अदालतें बनाई गई हैं, लेकिन शीर्ष अदालत को दी गई जानकारी में बताया गया कि वर्ष 2018 से ऐसे लंबित मामलों की संख्या लगभग उसी स्तर पर बनी हुई है। जाहिर है कि सिर्फ विशेष अदालतें बना देने से समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि उनके पास ऐसे मामलों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए पर्याप्त संसाधन होना भी जरूरी है।

## प्रतिबद्धता पर सवाल

सरकार के तमाम दावों के बावजूद विभिन्न स्तर की परीक्षाओं में गड़बड़ी का सिलसिला थम नहीं रहा है। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक के बाद अब यूजीसी-नेट में तीन विषयों की परीक्षा रद्द कर दी गई, जिसे दोबारा से आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) का कहना है कि इन विषयों के प्रश्नपत्रों में त्रुटियां रह जाने के कारण दोबारा से परीक्षा कराने का फैसला किया गया है। इससे साफ है कि परीक्षाओं को बिना किसी गड़बड़ी के कराने की प्रतिबद्धता धरातल पर नजर नहीं आ रही है। यही वजह है कि बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय को भी यह कहना पड़ा कि प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन में सुधारों को संस्थागत रूप दिया जाना चाहिए और इनका सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी बदलाव किए जाने की जरूरत है। साथ ही अदालत ने एनटीए से राधाकृष्णन समिति और नंदन नीलेकणि समिति की सिफारिशों को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी मांगी है।

दूसरी ओर, सरकार की ओर से अदालत में एक हैरान करने वाला दावा किया गया कि नीट के लिए लागू की गई व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें सेंध नहीं लगाई जा सकती। मगर सवाल है कि अगर परीक्षा व्यवस्था इतनी ही चाक-चौबंद थी, तो नीट के प्रश्नपत्र कैसे लीक हो गए? अगर प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उसे परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में सुरक्षा मानदंडों पर अमल करने के लिए पूरी सतर्कता बरती गई, तो फिर प्रश्नपत्र गलत हाथों में कैसे पहुंच गए। इससे पहले वर्ष 2024 में नीट के नतीजे पर विवाद हुआ था। एनटीए के तौर-तरीके पर बार-बार सवाल उठने के बाद भी प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन में जमीनी स्तर पर सुधार क्यों नहीं हो रहा है? कायदे से ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कानून में विशेष प्रावधान होने चाहिए, जिसमें प्रश्नपत्र तैयार करने वाले, जांच करने वाले या अन्य अधिकृत लोग अपनी पहुंच का गलत इस्तेमाल कर सामग्री को किसी अनधिकृत व्यक्ति को उपलब्ध न करा सकें। जब किसी व्यक्ति को अत्यंत महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हो और वह भरोसे का दुरुपयोग करता है, तो उसे गंभीर अपराध मानकर कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए।

# युवा आबादी का बिगड़ता गणित



**जापान दुनिया का सबसे बूढ़ा देश है, जबकि भारत में सबसे ज्यादा युवा आबादी है। मगर देश में प्रजनन दर में गिरावट लगातार जारी रही, तो आने वाले वर्षों में स्थिति जटिल हो सकती है।**

**अनीता सहरावत**



जापान विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। करीब सवा बारह करोड़ की आबादी वाला यह देश तेजी से बूढ़ा हो रहा है और वर्तमान में यह दुनिया का सबसे बूढ़ा देश है। यहां जन्म दर लगातार गिर रही है और बूढ़ी आबादी तेजी से बढ़ रही है। आज जापान की लगभग तीस फीसद आबादी पैंसठ वर्ष से ज्यादा उम्र की है, यानी हर दस में से एक जापानी बूढ़ा है। विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाओं में शुमार और उन्नत स्वास्थ्य चिकित्सा सेवाओं के ढांचे पर खड़े इस देश के पांव बुढ़ापे के कारण लड़खड़ा रहे हैं। जन्म दर लगातार घटने की वजह से कामकाजी युवा आबादी कम हो रही है, परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की कमी का संकट पैदा होने लगा है। इस समस्या से निपटने के लिए जापानी सरकार 'आटोमेशन' और 'रोबोटिक्स' तकनीक को तेजी से विकसित कर रही है। मगर सामाजिक कल्याण एवं चिकित्सा खर्चों के बढ़ते बोझ और सिमटती आय की वजह से जापान पर कर्ज का भार लगातार बढ़ रहा है। वहीं, तकरीबन 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में इस समय विश्व की सबसे ज्यादा युवा आबादी है, जो कुल जनसंख्या का लगभग पैंसठ फीसद है।

नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक, भारत में 15 से 16 फीसद कमाऊ एवं युवा आबादी के पास रोजगार नहीं है। यानी इस समय देश की 36.7 करोड़ युवा आबादी अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदान देने के लिए तैयार है, लेकिन विडंबना यह है कि यहां सबके लिए काम ही नहीं है। इस समय देश में डेढ़ से ढाई करोड़ युवा बेरोजगार हैं और इनमें भी पढ़े-लिखे युवाओं की आबादी ज्यादा है। सीधे तौर पर कहा जाए, तो वर्तमान में युवा आबादी भी अर्थव्यवस्था में या तो लागत या फिर औसत गुजारे का ही योगदान दे पा रही है। ऐसे में यह सवाल चिंता पैदा करता है कि पच्चीस से तीस साल बाद की तस्वीर क्या होगी? क्योंकि संयुक्त राष्ट्र की 'इंडिया एजिंग रिपोर्ट-2023' के मुताबिक, वर्ष 2022 में साठ वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या 14.9 करोड़ थी, जो 2050 तक बढ़कर 34.7 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। यानी पच्चीस साल बाद पांच में से हर एक भारतीय बूढ़ा होगा। साफ है कि विकसित अर्थव्यवस्था के पायदान पर पहुंचने से पहले ही भारत की गिनती बूढ़े देशों में होने लगेगी।

बच्चे और बूढ़े अर्थव्यवस्था पर निर्भर एक ऐसी आबादी है, जिसका बोझ उठाना सरकार और परिवार दोनों की मजबूरी है। बच्चे भविष्य का निवेश हैं, जिनके आने वाले समय में आय में तब्दील होने की उम्मीद है, जबकि बुजुर्ग आबादी केवल बचत का खर्च है। मगर ऐसा सोचकर बुढ़ापे की निर्भरता को भाग्य के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। भविष्य की तैयारी करके इस चुनौती को गंभीर समस्या बनने से रोका जा सकता है। केंद्र सरकार बजट का लगभग अठारह फीसद हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण पर खर्च करती है। इसमें से बुजुर्गों से जुड़ी योजनाओं के हिस्से केवल 0.15-0.20 फीसद रकम ही आती है। सरकारी खजाने से 6,645 करोड़ रुपए वृद्धावस्था पेंशन पर खर्च होते हैं, जो गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को दिए जाते हैं। यह राशि दिखने में भले ही बड़ी लगती है, लेकिन केंद्र की तरफ से प्रति व्यक्ति बुजुर्ग पेंशन के जरिए 200 से 500 रुपए की मामूली सहायता ही मिल पाती है, जिसमें राज्य अपने बजट का बड़ा हिस्सा जोड़कर इसे दो हजार से तीन हजार रुपए तक तय करते हैं। मगर मौजूदा हालात में इतनी कम राशि की मासिक पेंशन के भरोसे क्या गुजारा संभव है? हालांकि सरकारी बजट पर बुजुर्गों की देखरेख एवं कल्याण के लिए स्वास्थ्य सेवाओं, बीमा और बचत योजनाओं का भी दबाव है। भोजन, आश्रय और चिकित्सा की संयुक्त योजनाओं के अलावा शारीरिक सहायता एवं बुजुर्गों के लिए जीवनयापन में सहायक जरूरी सामान भी सरकार वृद्धों को मुफ्त मुहैया कराती है। अलग-अलग योजनाओं पर सालाना हजारों करोड़ रुपए सरकारी खजाने से खर्च होते हैं।

> **सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस समय देश में प्रजनन दर 1.9 फीसद है, जोकि जनसंख्या के स्थिर संतुलन के आंकड़े 2.1 फीसद से काफी कम है। प्रजनन दर में गिरावट की शुरुआत वर्ष 1970 के मध्य से ही शुरू हो गई थी, इसमें सबसे ज्यादा तेजी 1990 से 2000 के बीच दर्ज की गई। जो प्रजनन दर वर्ष 1991 में 3.6 फीसद थी, वह 2001 आते-आते 3.1 फीसद रह गई। वर्ष 2001 से लेकर अब तक प्रजनन दर में तेज गिरावट दर्ज की गई है। वर्तमान में देश में प्रजनन दर इतिहास के सबसे न्यूनतम स्तर पर है। इससे आने वाले समय में मानव कार्यबल में भारी कमी और क्षेत्रीय असमानता का खतरा पैदा होगा। अगर इस चुनौती पर अभी से काम शुरू नहीं किया गया, तो भविष्य के युवा कंधे इसका बोझ नहीं उठा पाएंगे।**

हालांकि अर्थशास्त्री और नीति-विशेषज्ञ इसे खर्च नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का निवेश मानते हैं, जिसमें पैसा घूमकर खर्च या निवेश के रूप में वापस अर्थव्यवस्था में लौट आता है। मगर यह भी सच है कि सरकारी नीतियों के कागजों से जमीन पर उतरने में कई तरह के रोड़े हैं और योजनाओं की इस चमचमाती तस्वीर से अक्सर अपने घरों की दहलीज पर भूखे, अकेले और बीमार बैठे बुजुर्ग गायब रहते हैं। सरकारी मदद की या तो उन्हें जानकारी ही नहीं होती या फिर इस तक पहुंचना उनके लिए संभव नहीं हो पाता। एक और दिलचस्प बात यह है कि देश का मध्यम वर्ग अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो सबसे ज्यादा कर का बोझ उठाता है। वेतनभोगी और व्यापारिक मध्य वर्ग अपनी कुल आय का लगभग बीस से 45 फीसद विभिन्न तरह के कर के रूप में चुकाता है।

इसके बावजूद इस वर्ग को सीधे तौर पर सरकार की तरफ से सामाजिक सुरक्षा या निश्चित बुढ़ापा पेंशन नहीं मिलती। चूंकि यह वर्ग सरकारी मानदंडों में मजबूर, गरीब और निचले तबके में नहीं आता, तो इसे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भी सहारा नहीं मिलता। यानी इसे अपने वर्तमान और भविष्य की चिंता खुद ही करनी होती है। अब सवाल यह है कि इस असुरक्षा का दबाव क्या आने वाले वर्षों में अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ेगा? यह भी एक बड़ी समस्या है कि देश में प्रजनन दर बहुत तेजी से गिर रही है, क्योंकि कामकाजी होती युवा पीढ़ी में बच्चे पैदा न करने या सिर्फ एक बच्चे तक ही सीमित रहने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस समय देश में कुल प्रजनन दर 1.9 फीसद है, जोकि जनसंख्या के स्थिर संतुलन के आंकड़े 2.1 फीसद से काफी कम है। प्रजनन दर में गिरावट की शुरुआत वर्ष 1970 के मध्य से ही शुरू हो गई थी, इसमें सबसे ज्यादा तेजी 1990 से 2000 के बीच दर्ज की गई। जो प्रजनन दर वर्ष 1991 में 3.6 फीसद थी, वह 2001 आते-आते 3.1 फीसद रह गई। वर्ष 2001 से लेकर अब तक प्रजनन दर में तेज गिरावट दर्ज की गई है।

इस समय देश में प्रजनन दर इतिहास के सबसे न्यूनतम स्तर पर है। यानी वर्ष 1970 में औसतन एक महिला के पांच से अधिक बच्चे होते थे, मगर वर्तमान में ये औसत दो बच्चों से भी कम रह गई है। जबकि आजादी के समय प्रजनन दर अपने उच्चतम स्तर 6.18 फीसद पर थी। दिल्ली, केरल, तमिलनाडु जैसे राज्यों में जन्म दर विकसित देशों जितनी कम हो चुकी है। इससे आने वाले समय में मानव कार्यबल में भारी कमी और क्षेत्रीय असमानता का खतरा पैदा होगा। देश में सरकारी योजनाओं का आधार बनने वाली नई जनगणना कई मायनों में खास होगी, जो भविष्य की रूपरेखा तैयार करेगी। इस बीच बचपन और बुढ़ापे का बिगड़ता आंकड़ा चर्चा नहीं, बल्कि संतुलन की जरूरत बता रहा है। अगर इस चुनौती पर अभी से काम शुरू नहीं किया गया, तो भविष्य के युवा कंधे इसका बोझ नहीं उठा पाएंगे।

# विचार विनिमय

**राजेंद्र वामन काटदरे**

विचार और अनुभूति मानव मन की दो अलग-अलग, लेकिन एक-दूसरे से संबंधित अवस्थाएं होती हैं। विचार जहां बुद्धि की सोच को कहा जाता है, वहीं अनुभूति दिल के अहसास या अनुभवों से जुड़ी होती है। यों आमतौर पर कहा जाता है कि कुछ लोग दिल से सोचते हैं, तो कुछ लोग दिमाग से सोचते हैं। जो दिमाग से सोचते हैं, वे हर बात में अपना लाभ-हानि देखते हैं और जो लोग दिल से सोचते हैं, वे दूसरों के दुख-दर्द से भी दुखी हो जाते हैं या दूसरों की खुशी में खुश भी हो जाते हैं।

कई बार देखा जाता है कि हम अपने किसी मित्र या परिजन को चिंताग्रस्त या चुपचाप बैठे देखते हैं, तो पूछ लेते हैं कि क्या विचार कर रहे हो... या क्या सोच रहे हो। हम किसी समस्या में उलझे अपने मित्र को या किसी अपने को सलाह भी दे देते हैं कि अब ज्यादा मत सोचो, ज्यादा विचार मत करो। सब ठीक ही होगा। मगर अब 'ज्यादा मत सोचो' कहने भर से दिमाग में चल रहे विचार-चक्र को या दिल में उठ रहे भावनाओं के बवंडर को रोकना भला हमारे या किसी के भी हाथ में कहां होता है? यह विडंबना ही है कि मनुष्य का विचार-चक्र सतत चलता ही रहता है। सुख हो या दुख, मनुष्य अकेला हो या किसी महफिल में, उसके दिमाग में विचार आते ही रहते हैं। वह हरदम, हर पल कुछ न कुछ सोचता ही रहता है। यहां तक कि सोते हुए भी मानव के दिमाग का एक हिस्सा जागृत रहता ही है, जो दिनभर में सोची गई, देखी गई बातें दृश्य रूप में या स्वप्न के रूप में दिखाता रहता है।

विचार का अर्थ सोच, खयाल या दिमाग में उठने वाली कल्पना या राय से लगाया जाता है। इसलिए कहा जाता है कि सोच-विचार एक प्रकार की मानसिक प्रक्रिया है। यों विचार या चिंतन को एक संज्ञानात्मक प्रक्रिया भी कहते हैं, जिसमें मानव मन किसी बात या समस्या के अच्छे या बुरे दोनों पहलुओं पर सोचता रहता है और अपने मन-मस्तिष्क में मंथन-चिंतन करता रहता है। जब मनुष्य सोच-विचार करता है, तो इसमें तर्क, योजना, शब्द-चित्र हो सकते हैं। यानी सोच-विचार को किसी चीज या समस्या को समझने का मानसिक तरीका भी माना जा सकता है।

घर के बुजुर्ग प्रायः कहते-समझाते हैं कि हमेशा अच्छा सोचना-विचारना चाहिए, क्योंकि अच्छा सोचेंगे, तो अच्छा होगा और बुरा सोचेंगे तो बुरा होगा। दरअसल, हमारी सोच और विचारों का हमारे आचरण पर प्रभाव भी साफ-साफ दिखता है। जो लोग अच्छा सोचते हैं, अच्छा विचार करते हैं, वे आमतौर पर दूसरों की मदद करने में भी अव्वल ही रहते हैं। जो बुरा सोचते हैं, वे औरों का या कई बार अनजाने में खुद का भी बुरा कर बैठते हैं। अगर कहा जाए कि मन के विचार ही हमारे जीवन को दिशा देते हैं, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि सकारात्मक विचार हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं और नकारात्मक विचार हमारा आत्मविश्वास खत्म कर, जीती हुई बाजी को भी हरवा सकते हैं।

एक मराठी कहावत है कि 'मन चिंती, ते वैरी न चिंती' यानी कई बार हमारा मन इतनी बुरी बातें सोच लेता है, जो शायद हमारे किसी दुश्मन ने भी न सोची होंगी। घर के किसी सदस्य को किसी दिन घर आने में देर हो जाए और उससे संपर्क न हो रहा हो, तो मन में खराब विचार पहले आने लगते हैं कि कहीं उसके साथ कुछ बुरा तो नहीं हो गया। फिर हमारे विचारों की गति इतनी होती है कि पलभर में हम विचारों में ही सात समंदर पार कर सकते हैं।

विचारों के बारे में एक मजेदार बात और भी है कि हम अपने विचारों का विनिमय भी कर सकते हैं। सुनने में अटपटा लगता है, क्योंकि विचार करना एक मानसिक प्रक्रिया है और विनिमय से तात्पर्य तो किसी वस्तु या सेवा के बदले में दूसरी वस्तु या सेवा या मुद्रा का आदान-प्रदान करना है। मगर जब ये दोनों शब्द साथ में आते हैं, तो एक नया शब्द विचार-विनिमय बनता है। विचार-विनिमय शब्द बताता है कि विचारों का भी आदान-प्रदान किया जा सकता है, बल्कि किया भी जाता है। दफ्तरों में होने वाली बैठकों में, जहां दफ्तर के अफसर या सहयोगी किसी समस्या विशेष को सुलझाने के लिए अपने-अपने विचार प्रकट करते हैं और इन्हीं अच्छे विचारों का एकत्रित स्वरूप, कार्यशैली के रूप में अपनाकर उक्त समस्या के निराकरण की कोशिश की जाती है। इसी प्रकार विविध संस्थाओं द्वारा किसी विषय-विशेष पर सेमिनार, विचार-विनिमय के लिए ही आयोजित किए जाते हैं। जिस प्रकार दूध की मलाई या दही को मथने पर घी निकलता है, ठीक उसी प्रकार किसी भी समस्या पर, चाहे वह कितनी ही बड़ी क्यों न हो, विचार-विनिमय करने से या विचार-मंथन करने से उसका हल या उस समस्या का निदान भी मिल ही जाता है।

### दुनिया मेरे आगे

> **हमारी सोच और विचारों का हमारे आचरण पर प्रभाव भी साफ-साफ दिखता है। जो लोग अच्छा सोचते हैं, अच्छा विचार करते हैं, वे आमतौर पर दूसरों की मदद करने में भी अव्वल ही रहते हैं। जो लोग बुरा सोचते हैं, वे औरों का या कई बार अनजाने में खुद का भी बुरा कर बैठते हैं।**

यों विचार-विनिमय से सिर्फ समस्याओं के हल ही नहीं मिलते, बल्कि अनेक लोग अपने विचारों का विनिमय मुद्रा कमाने के लिए भी करते हैं। सच नहीं लगता ना कि किसी के विचारों के लिए कोई अन्य मुद्रा या पैसा क्यों देगा? लेखक कहानी या लेख लिखकर, कविता या गीत लिखकर, हास्य कलाकार अपनी कल्पना या अपने विचारों से कुछ चुटकुले रच कर मुद्रा या पैसा कमा सकते हैं और कमाते भी हैं। विचारपूर्वक काम करने से किसी भी काम की सफलता सुनिश्चित हो सकती है। किसी ने कहा भी है कि पैर की मोच और छोटी सोच हमें आगे नहीं बढ़ने देती। ऐसे में सकारात्मक सोचें और यदि सादा जीवन एवं उच्च विचार अपना लिया जाए, तो जीवन सफल हो सकता है।

### चौपाल

## शिक्षा का उद्देश्य

शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी हासिल करने का सपना नहीं होना चाहिए। हालांकि, बड़े सपने देखना कोई गलत नहीं है। हर माता-पिता और बच्चों का सपना होता है कि उच्च शिक्षा तथा इस पर भारी खर्च के बाद कोई अच्छी नौकरी मिल जाए, लेकिन जिस तरह देश में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या बढ़ रही है और बेरोजगारी का मसला गंभीर होता जा रहा है, उससे अब जरूरी हो गया है कि रोजगार का कोई भी मौका हाथ से न जाने दिया जाए। शिक्षा पूरी होने के बाद युवा कृषि और मत्स्य पालन तथा अन्य स्वरोजगार पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, मेहनत और मेधा सर्वोपरि है। देश में बढ़ती आबादी के साथ समस्याएं भी बढ़ी हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। इसे देखते हुए अब राज्य सरकारों को स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के बारे में सोचना होगा। सभी बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है, लेकिन स्वरोजगार को बढ़ावा देकर देश में रोजगार के अवसर जरूर बढ़ाए जा सकते है। सरकार की ओर से इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को गति देनी होगी।

*- राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

## व्यावहारिक नीति

'बदलाव की राह पर नेपाल की विदेश नीति' (आलेख, 7 अगस्त) पढ़ा। भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो नेपाल की नई सरकार द्वारा अपनी विदेश नीति में फिर से भारत को प्राथमिकता देने का निर्णय केवल कूटनीति नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक यथार्थ की स्वाभाविक विजय है। विगत कुछ वर्षों में जब नेपाल का रुझान एकतरफा शक्ति-संतुलन की ओर बढ़ा, तब क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर आशंकाएं गहराने लगी थीं। मगर वर्तमान परिदृश्य यह सिद्ध करता है कि दीर्घकालिक विकास और सुरक्षा के लिए 'पड़ोसी प्रथम' की व्यावहारिक नीति ही स्थायी विकल्प है। अल्बर्ट आइंस्टीन का यह कथन- 'संतुलन बनाए रखने के लिए चलते रहना होगा', को यदि नेपाल की विदेश नीति के संदर्भ में देखें, तो स्पष्ट है कि विकास की गति बनाए रखने के लिए अपने निकटतम और स्वाभाविक सहयोगी देश के साथ मित्रता एवं समन्वय समय की जरूरत है।

*- मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी, हरियाणा*

## दावे और हकीकत

'जोखिम का पानी' (संपादकीय, 18 अगस्त) में जन स्वास्थ्य के मुद्दे को उठाया गया है। कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी के नमूनों में ई-कोलाई और कालीफार्म जीवाणु पाए गए हैं। यह चिंता की बात है। कैग की रिपोर्ट से पता चलता है कि बड़ी संख्या में रेल यात्री दूषित पानी पी रहे हैं। सीवेज पाइपलाइनों का फटना, पानी की टंकियों की महीनों सफाई न होना और जल शुद्धिकरण यंत्र का ठीक से काम न करना मुख्य कारण हैं। यह महज तकनीकी चूक नहीं, बल्कि बुनियादी देखरेख और प्रशासनिक जवाबदेही की कमी को दर्शाता है। यह समस्या केवल रेलवे तक सीमित नहीं है। विकास के दावों और हकीकत में काफी अंतर है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का जश्न मना रहा है, लेकिन एक आम नागरिक किसी स्टेशन पर बीमारी के डर से पानी नहीं पी सकता। ऐसे में विकास का उसके लिए क्या अर्थ रह जाता है?

**- प्रसिद्ध यादव, फुलवारी, पटना**

## संबंधों की नींव

वैवाहिक ढांचे में देखा गया है कि आमतौर पर समाज पुरुषों से वित्तीय सुरक्षा और महिलाओं से घरेलू काम-काज की अपेक्षा रखता है। सतह पर देखा जाए, तो यह समीकरण किसी भावनात्मक संबंध के बजाय समझौता ज्यादा प्रतीत होता है। जहां एक ओर पुरुष की आर्थिक स्थिति उसके सामाजिक मूल्य को तय करती है, दूसरी ओर स्त्री की खूबियां उसके वैवाहिक चयन का प्राथमिक मानदंड माना जाता था। जब किसी संबंध का आधार ही कमजोर हो, तो उसमें भावनात्मक गहराई कहां से आएगी। इस व्यवस्था की जड़ें पितृसत्तात्मक संरचना में रही हैं। इस व्यवस्था ने विवाह को आत्मिक बनाने के बजाय समझौते में बदल दिया है। इस प्रकार के संबंधों में उम्र ढलने पर या आर्थिक संकट के दौरान रिश्ते की नींव भी कमजोर पड़ने लगती हैं।

*- अंकुर रंजन, चांद चौरा, गयाजी*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

# प्रदर्शनों का पैगाम

शासन-प्रशासन की छोटी-बड़ी कमियों के विरोध में देश भर में विरोध-प्रदर्शनों का माहौल बनना चिंता की बात है। दोराय नहीं कि जंतर मंतर पर हुए आंदोलन से प्रेरित प्रदर्शनों की बाढ़ आई हुई है। स्वाभाविक है, छात्रों की नाराजगी को भुनाने में राजनीति भी पीछे नहीं रह सकती। बुधवार को देश में सबसे बड़ा सरकार विरोधी प्रदर्शन पटना में हुआ है, जिसका नेतृत्व बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने किया। वर्षों बाद राजद सड़क पर ऐसे मार्च के लिए उतरी है, तो इससे बिहार की राजनीति गरमा गई है। इस प्रदर्शन के पीछे प्रमुख मुद्दा है, बिहार के सिवान में छात्र आंदोलन के दौरान एके-47 राइफल का इस्तेमाल। सनद रहे, खुद बिहार सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि भीड़ में फंसने के बाद एक पुलिस कांस्टेबल ने एके-47 से हवा में चार गोलियां चलाई थीं, कोई घायल नहीं हुआ। कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया, पर अब मांग है कि एके-47 चलाने का आदेश देने वालों को निलंबित किया जाए। अब प्रशासन के लिए बेहतर यही होगा कि वह शिकायतों को दूर करने की दिशा में तेज कदमों से बढ़े, ताकि आंदोलन की जरूरत न रहे।

पटना में हुए राजनीतिक प्रदर्शन से अलग जिस तरह के प्रदर्शन देश के अनेक स्कूलों में हुए हैं, उनकी ओर भी सबका ध्यान जा रहा है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक सरकारी आवासीय विद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने बुधवार को कथित तौर पर खराब गुणवत्ता वाले भोजन, अपर्याप्त पेयजल, शिक्षकों की कमी और प्रधानाचार्य के व्यवहार के विरोध में प्रदर्शन किया। वैसे, हाल के हफ्तों में फतेहपुर, हमीरपुर और कन्नौज सहित कई जिलों में ऐसे प्रदर्शन हुए हैं, जिन पर जिम्मेदार प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए। छात्रों की तकलीफों को पूरी संवेदना से समझने की जरूरत है। सराहना करनी चाहिए कि उन्नाव में जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय पहुंचकर छात्रों को समझाया और उनके साथ नाश्ता किया। छात्रों को आश्वस्त किया गया, तब विरोध-प्रदर्शन समाप्त हुआ। वैसे, भारत के ज्यादातर विद्यालयों में ऐसी कमियां पाई जाती हैं, जिनका समाधान स्थानीय स्तर पर आसानी से किया जा सकता है। अनेक राज्यों में हो रहे ऐसे प्रदर्शन संकेत है कि शिक्षकों और शिक्षा प्रशासकों को ज्यादा सक्रिय होना पड़ेगा। अनेक सरकारी ही नहीं, निजी विद्यालयों में भी कमियों को दूर करने में दशकों से कोताही बरती जा रही है। आवाज उठाने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को हाशिये पर किया जाता रहा है। निस्संदेह, गलतियां छिपाकर दिखावटी अनुशासन रखने का समय लद जाना चाहिए। मोबाइल व सोशल मीडिया के दौर की नई पीढ़ी को हाशिये पर नहीं धकेला जा सकता।

**अब प्रशासन के लिए बेहतर यही होगा कि वह छात्रों व युवाओं की शिकायतों को दूर करने की दिशा में तेज कदमों से बढ़े, ताकि कहीं भी आंदोलन की जरूरत न रह जाए।**

ऐसे समय में, यह हास्यास्पद है कि तमिलनाडु की सरकार ने छात्रों और युवाओं को विरोध-प्रदर्शनों में शामिल होने से रोकने के लिए कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया था। जाहिर है, जब खूब विरोध हुआ, तब आदेश वापस लेना पड़ा। त्रासद तथ्य है कि जिस कॉलेज शिक्षा विभाग को छात्रों को रोकने का काम दिया जा रहा था, उसका प्रभार स्वयं मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के पास है, जिन्हें युवाओं का नेता माना जाता है। यहां यह समझ लेने की जरूरत है कि बीतने लगी हैं ऐसी पीढ़ियां, जो कमियों के साथ, लाठी व गोलियां भी झेल लेती थीं। अब नई पीढ़ियां वीडियो बनाकर तमाशा खड़ा कर देती हैं, तो एक ही उपाय है, संवाद व समीक्षा करते हुए समाधान की ओर बढ़ा जाए।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 20 अगस्त, 1951

### आचार्य कृपलानी का प्रचार

आचार्य कृपलानी ने कल तमिलनाडु की प्रजा पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लाखों की संख्या में पार्टी के प्राथमिक सदस्य बनाएं।... उन्होंने कार्यकर्ताओं के आन्तरिक शत्रु से सचेत करते हुए कहा, 'आन्तरिक शत्रु बाहर के शत्रु से अधिक भयंकर होता है, क्योंकि वह हमारे मित्र के वेश में सामने आता है।'

प्रजा पार्टी की चुनाव नीति : नागपुर से यहां पहुंचने के बाद एक प्रेस सम्मेलन में उन्होंने बताया कि प्रजा पार्टी चुनावों में लोकप्रिय तथा जनता जिन्हें स्वीकार करे, ऐसे उम्मीदवारों को खड़ा करेगी। आचार्य कृपलानी ने चुनावों में स्वयं खड़े होने के बारे में कहा कि व्यक्तिगत रूप से वह चाहेंगे कि चुनावों में खड़े न हों और पार्टी का नेतृत्व करते रहें, किन्तु यदि पार्टी ने चाहा, तो वह उन्हें चुनावों में खड़ा करेगी। अन्य दलों के साथ चुनावों में गठबन्धन की प्रजा पार्टी की नीति के बारे में उन्होंने बताया कि जिस दल के विचारों से प्रजा पार्टी के विचारों का साम्य और समझौता होगा उससे मिलकर सहयोग किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल कांग्रेस को हराने के उद्देश्य से किसी दल से गठबन्धन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक समाजवादी दल के अतिरिक्त और किसी दल ने चुनावों में मिलकर काम करने के लिए बातचीत नहीं की है। प्रजा पार्टी के सबसे निकट उन्होंने समाजवादी दल को बताया, जिसने महात्मा गांधी की सर्वोदय योजना को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कांग्रेस भी इसे स्वीकार कर चुकी है, किन्तु उसे कार्यान्वित नहीं कर सकी। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रजा पार्टी साम्यवादी दल से चुनावों के बारे में गठबन्धन कर सकती है, आचार्य कृपलानी ने कहा कि मैं इस दल के बारे में बहुत कम जानता हूं। अभी मुझे उसके विषय में बहुत कुछ जानना है। जहां तक भारत का संबंध है, युद्ध के कुछ वर्षों को छोड़कर यह दल सदा गुप्त रहा है।

यह पूछे जाने पर कि यदि कांग्रेस महासमिति ने कार्यसमिति में परिवर्तन करना स्वीकार कर लिया, तो क्या आप फिर कांग्रेस में लौट जायेंगे? उन्होंने कहा, जहां तक मेरा ताल्लुक है, मैंने कांग्रेस में पुनः न लौटने का निश्चय कर लिया है, क्योंकि मेरी राय में कोई भी मनुष्य कांग्रेस में सुधार नहीं कर सकता। अगर आपको प्रमाण चाहिए, तो गोरवाला रिपोर्ट पढ़ लीजिए।

# राजीव गांधी सबको याद रह गए



यहां स्कैन करें

राजीव शुक्ला | कांग्रेस सांसद

**उन्होंने भारतीय राजनीति के सामने यह प्रश्न रखने की कोशिश की थी- क्या राजनीति केवल वर्तमान का प्रबंधन है या आने वाले भारत की तैयारी भी? जयंती पर विशेष :**



अपनी पत्रकारिता के दौर में मैं राजीव गांधी से अक्सर मिला करता था। इन मुलाकातों के दरम्यान कई बार उन्होंने यह कहा कि तुम पत्रकार हो, मेरी आलोचना भी लिखा करो। एक बार मैंने पूछ ही लिया कि आप ऐसा क्यों कहते हैं? उन्होंने कहा, आलोचना नहीं करोगे, तो तुम्हारी पत्रकारों और पत्रकारिता में साख कैसे बनेगी? तब मुझे महसूस हुआ था कि हर विषय के बारे में वह कितना सोचते हैं। आज सोचता हूं, काश! इतना सहज होना आज के दौर में भी आसान होता।

भारतीय राजनीति में ज्यादातर नेता तत्कालीन परिस्थितियों के साथ चलते हैं और कुछ अपने समय से आगे की ओर देखने की कोशिश करते हैं। राजीव गांधी को इसी दूसरे वर्ग में रखा जाएगा। उनके कार्यकाल की उपलब्धियों और विवादों पर अलग-अलग मत हो सकते हैं और होने भी चाहिए, लेकिन राजीव गांधी की राजनीति को समझने के लिए यह सवाल आज भी महत्वपूर्ण है कि उन्होंने भारत को किस दिशा में जाते हुए देखा था?

यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत आज जिस तकनीकी और संचार क्रांति के दौर में है, इसकी राजनीतिक कल्पना उस समय सामने आई, जब देश में कंप्यूटर और आधुनिक दूरसंचार आम जीवन का हिस्सा भी नहीं थे। राजीव गांधी शायद भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री रहे, जिन्होंने भविष्य की सुरक्षा पर अपना चुनाव लड़ा था। साल 1984 में जब वह प्रधानमंत्री बने, तब भारत कई स्तरों पर बदलाव के दौर में था। देश की राजनीति खाद्य सुरक्षा, गरीबी, ग्रामीण विकास, सार्वजनिक क्षेत्र और प्रशासनिक विस्तार जैसे विषयों के इर्द-गिर्द घूमती थी, मगर दुनिया बदल रही थी। कंप्यूटर, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक अनुसंधान आने वाले दशकों की अर्थव्यवस्था को बदलने वाले थे। राजीव गांधी ने इस बदलाव को अपेक्षाकृत जल्दी पहचाना।

यह बात आज सामान्य लग सकती है, लेकिन उस समय तकनीक को लेकर आशंकाएं कम नहीं थीं। विपक्ष ने कंप्यूटर का भारी विरोध किया कि यह रोजगार को खत्म कर देगा और वही कंप्यूटर आज देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सबसे निर्णायक साबित हो रहा है। टेलीफोन सुविधा सीमित थी और संचार व्यवस्था की गति आज की तुलना में बेहद धीमी। ऐसे माहौल में कंप्यूटर और दूरसंचार को विकास की प्राथमिकताओं में शामिल करना सिर्फ तकनीकी फैसला नहीं था, बल्कि तरक्की को देखने के तरीके में बदलाव था। राजीव गांधी के कार्यकाल में ही दूरसंचार तकनीक को देश में विकसित करने के लिए सी-डॉट की स्थापना हुई। स्वदेशी तकनीक विकसित करने और उसे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीक तभी भारत में आई, जो आज रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट के रूप में देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

राजीव गांधी के समय यह समझ विकसित हो रही थी कि आधुनिक भारत केवल बड़े कारखानों और बड़ी परियोजनाओं से नहीं बनेगा। सूचनाओं तक पहुंच, तेज संचार, आधुनिक शिक्षा और तकनीकी क्षमता भी विकास के उतने ही महत्वपूर्ण आधार होंगे और यही वह नजरिया है, जो उन्हें युवा पीढ़ी से जोड़ती है। राजीव गांधी की राजनीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष युवाओं से जुड़ा था। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का निर्णय उनकी बड़ी पहल में से एक था। इसके पीछे मूल विचार यही था कि देश के युवाओं को उन फैसलों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार होना चाहिए, जो विधायी संस्थाएं उनके बारे में लेती हैं। युवाओं को लेकर स्पष्ट सोच के कारण ही उनकी राजनीति में शिक्षा के आधुनिकीकरण, वैज्ञानिक सोच और तकनीकी क्षमता को महत्व मिला। साल 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कंप्यूटर शिक्षा और तकनीकी शिक्षा को स्थान दिया गया।

एक बार राजीव जी ने मुझसे कहा था, सैटेलाइट प्राइवेट टेलीविजन की तैयारी करो। आज हम देखते हैं कि वही तकनीक चल रही है। राजनीति का प्रश्न केवल यह नहीं हो सकता कि सरकार वर्तमान समस्याओं को कैसे संभालती है, बल्कि यह भी पूछना होगा कि वह देश के नागरिकों को आने वाले बदलावों के लिए कितना तैयार कर रही है? राजीव गांधी की राजनीति की आज यही प्रासंगिकता है। राजीव गांधी की राजनीति को आज के संदर्भ में पढ़ने का अर्थ यही है कि भविष्य को सिर्फ तकनीकी विकास के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक और लोकतांत्रिक प्रगति के रूप में भी देखा जाए, जैसा उन्होंने पंचायती राज कानून लाकर किया। उनकी इस कोशिश ने अंततः पंचायतों को मजबूती दी और गांधीवाद के पहलू को मजबूत किया।

राजीव गांधी पर विवाद का एक ही प्रश्न रहा कि उन पर बोफोर्स घोटाले का आरोप लगा। इससे उनकी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचा और वह चुनाव तक हार गए, लेकिन अदालत में दोष सिद्ध नहीं हुआ और उन पर लगाए गए सारे आरोप गलत साबित हुए। राजीव गांधी ऐसे समय में प्रधानमंत्री बने, जब भारत के सामने आधुनिकता का प्रश्न नया था। आज वही प्रश्न अधिक जटिल रूप में हमारे सामने है। तब कंप्यूटर को लेकर चिंता थी, आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर है। तब दूरसंचार की पहुंच चुनौती थी, आज डिजिटल समानता की चुनौती है। तब युवाओं को मतदान का अधिकार जल्दी देने की बहस थी, आज उन्हें नीति-निर्माण में सच्ची भागीदारी देने का प्रश्न है।

राजीव गांधी की प्रासंगिकता किसी यादगार दिवस तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसे उस प्रश्न के संदर्भ में देखना अधिक उपयोगी होगा, जिसे उन्होंने भारतीय राजनीति के सामने रखने की कोशिश की थी- क्या राजनीति केवल वर्तमान का प्रबंधन है या आने वाले भारत की तैयारी भी? भारत आज जिस गति से बदल रहा है, उसमें इस प्रश्न की जरूरत पहले से अधिक है। राजनीति को रोजगार, महंगाई, किसान, गरीब, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे तात्कालिक सवालों से तो निपटना ही है, इसके साथ ही उसे यह भी बताना होगा कि 2040 या 2050 का भारत कैसा होगा और आज लिए गए फैसले उस भारत को कैसे बनाएंगे?

राजीव गांधी को आज की पीढ़ी से जोड़ने वाली सबसे मजबूत कड़ी शायद यही है कि उन्होंने जिस भविष्य की बात तब की थी, उसका एक हिस्सा आज हमारे सामने है और अब अगली चुनौती यह है कि आज की राजनीति आने वाली पीढ़ियों के लिए किस भविष्य की कल्पना करती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# सावन में कजरी से पूरबिया तक लोक संगीत परंपरा



यहां स्कैन करें

नीलांशु रंजन | लेखक एवं पत्रकार

*कइसे खेले जइबू सावन में कजरिया/ बदरिया घेरि आइल ननदी/ तू त जात हउ अकेली/ कौनो संग न सहेली...* जी हां, ऐसे मधुर कजरी गीत सावन के महीने में ही सुनाई पड़ते हैं। बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, सावन और कजरी... यह आपस में बिंधा हुआ मौसिकी का ऐसा ताना-बाना है, जो भुलाए न भूले और मिटाए न मिटे। पेड़ों पर पड़े झूले और उन झूलों पे झूलती-गाती स्त्रियां...यह एक आम दृश्य हुआ करता था पूर्वांचल का। कजरी शब्द की उत्पत्ति कजरा, यानी काजल से हुई है, जो मानसून के काले बादलों का प्रतीक है। विंध्यवासिनी देवी जब तक जीवित रहीं, यह परंपरा काफी समृद्ध रही, लेकिन अब क्षीण पड़ रही है। हालांकि, इसे बचाने के प्रयास भी हो रहे हैं।

ज्ञान, योग, क्रांति और शिक्षा की इस माटी में लोक गायन और लोक कलाओं की अद्भुत-अनुपम परंपरा रही है। 'पूरबी सम्राट' या 'पुरबिया उस्ताद' के नाम से प्रसिद्ध महेंद्र मिसिर की लोक गायन शैली पर अब शोध हो रहे हैं। बिहार के सारण जिले के रहने वाले महेंद्र मिसिर ने पूरबी और ठुमरी के साथ भोजपुरी में प्रथम महाकाव्य *अपूर्व रामायण* की रचना की। उनके द्वारा रचित एक गीत तो अमर ही हो गया- *अंगुरी में डसले बिया नगिनिया हे/ ए ननदी, दियरा जरा दे/ दियरा जरा दे, अपना भैया के जगा द/ नसे-नसे उठेला लहरिया हे...।*

वहीं, *बिदेसिया* लोकनाटक के जनक भिखारी ठाकुर का योगदान भी लोक गायन और लोक गाथा शैली में बेमिसाल है। उन्हें 'भोजपुरी का शेक्सपियर' कहा जाता है। सारण जिले के ही कुतुबपुर गांव में एक नाई परिवार में पैदा हुए भिखारी ठाकुर ने अपनी असाधारण प्रतिभा से पूरे देश में भोजपुरी का परचम लहराया। जब पति रोजगार की तलाश में कलकत्ता (अब कोलकाता) या अन्य किसी शहर में जाता है, तो पत्नी अकेली रह जाती है विरह में। विरह-विदग्ध पत्नी की वेदना को जिस मार्मिकता से भिखारी ठाकुर ने *बिदेसिया* में दिखाया है, वह अद्भुत है।

**विंध्यवासिनी देवी जब तक जीवित रहीं, यह परंपरा काफीसमृद्ध रही, लेकिन अब क्षीण पड़ रही है। हालांकि, इसे बचाने के प्रयास हो रहे हैं।**

विंध्यवासिनी देवी का नाम पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग कैसे भूल सकते हैं? उन्हें मॉरिशस में खास पहचान मिली और वह भी कजरी गायन के लिए। इनकी प्रतिभा को देखते हुए आकाशवाणी के तत्कालीन महानिदेशक जगदीश चंद्र माथुर ने उन्हें उस जमाने में आकाशवाणी, पटना में लोकगीत संयोजिका के पद पर नियुक्त किया। तब किसी स्त्री का घर से निकलना एक क्रांतिकारी कदम था। आकाशवाणी से जुड़ने वाली वह बिहार की पहली लोक गायिका थीं। असम के मशहूर संगीतकार और गायक भूपेन हजारिका ने छठ पर लिखे उनके दो लोकगीतों को अपनी आवाज दी। उन्हें 1974 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उनके 'विंध्य कला मंदिर' की शिष्याएं इस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। लोक गायन के क्षेत्र में दूसरी सितारा उभरीं- शारदा सिन्हा। बिहार कोकिला शारदा सिन्हा खासकर छठ गीतों के लिए जानी जाती हैं। उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और मरणोपरांत पद्म विभूषण से नवाजा गया। उनकी परंपरा को बेटी वंदना आगे बढ़ा रही हैं।

भोजपुरी लोक गायन में कल्पना पटवारी एक महत्वपूर्ण नाम हैं। उन्होंने भिखारी ठाकुर पर शोध भी किया है। कल्पना मूलतः असम की रहने वाली हैं। इसी तरह, गायिका दीपाली का भी अहम योगदान है। भोजपुरी लोकगीतों को भौंड़े बोलों से बचाने के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी है। लोक गायन और लोक गाथा की बात चली, तो उदय नारायण सिंह और चंदन तिवारी की चर्चा लाजिमी है, जिन्होंने समृद्ध लोक साहित्य को अपनी आवाज से सहेजा है। भरत शर्मा, भरत सिंह भारती ने भी अपनी मधुर आवाज में भोजपुरी की लोक विधाओं को नई ऊंचाई दी है। एक नया नाम मैथिली ठाकुर का उभरा है, जिन्होंने मैथिली और भोजपुरी लोकगीतों के जरिये कम उम्र में बड़ी ख्याति अर्जित की है।

लोक से इतर शास्त्रीय गायन और कथक नृत्य में पल्लवी विश्वास बिहार की पहली ऐसी कलाकार हैं, जिनके योगदान को देखते हुए एनसीईआरटी ने पाठ्य-पुस्तक समिति का उन्हें सदस्य बनाया है। बहरहाल, आज प्रश्न यह है कि सरकार लोक गायन के संरक्षण के लिए क्या कर रही है? कला एवं संस्कृति विभागों को लोक गायन और लोक संस्कृति के संरक्षण में जितना काम करना चाहिए, उतना नहीं हो पा रहा है। इसीलिए कलाकार अब महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# मन का रचा सब खेल

किसी साधक ने सवाल किया है कि क्या वाकई यह जगत स्वप्न से अधिक कुछ नहीं है?

स्वप्न जब तक रहे, तब तक उसे सत्य मानने में क्या गलती है? आप पूर्णतया असंभव घटना स्वप्न में देखते ही हो। उदाहरण के लिए, आप किसी मृत व्यक्ति से आनंद से बात करते हो और शायद संदेह भी करते हो कि क्या यह तो मर नहीं गया था? तब भी किसी तरह आपके मन का स्वप्न दृश्य से पूरा मेल हो जाता है और वह व्यक्ति स्वप्न-प्रयोजन की दृष्टि से जीवित ही लगता है। अर्थात स्वप्न, स्वप्न की हैसियत से आपको उसकी सत्यता के बारे में संदेह करने की गुंजाइश नहीं रहने देता।

जाग्रत में भी ऐसा ही होता है। जब तक आप जाग्रत अवस्था में रहें, तब तक जिसे आप देखते हैं, उस जगत की सत्यता के विषय में संदेह करने के लिए आप समर्थ नहीं हैं। जिसने स्वयं जगत की सृष्टि की है, वह मन उसकी असत्यता का स्वीकार कैसे कर सकता है? जाग्रत एवं स्वप्न के जगत की तुलना करने का यही हेतु है। दोनों मन की सृष्टि है और जब तक मन उनमें से किसी एक में लीन रहता है, तब तक वह उसकी असत्यता को स्वीकार करने में अपने आपको असमर्थ पाता है। वह स्वप्न जगत की सत्यता का इनकार स्वप्न के दौरान नहीं कर सकता। वैसे ही, जब तक वह जाग्रत अवस्था में होता है।

इसके विपरीत, यदि आप अपने मन को जगत से पूर्णतया वापस खींच लें, उसे भीतर की ओर मोड़ें और वहीं रहें, अर्थात यदि आप इन सब अनुभवों के अधिष्ठान-रूप आत्मा के प्रति सदा जागरूक रहें, तो जिस जगत के विषय में आप इस समय सभान हैं, उसे आप स्वप्न में देखे हुए जगत जैसा असत्य पाएंगे। स्वप्न जगत की विसंगतियों के विषय में सारे तर्क सिर्फ इस समय, जब आप जाग्रत में हैं, खड़े होते हैं। जब तक आप स्वप्न में होते हैं, तब तक स्वप्न एक संगठित इकाई होता है, अर्थात यदि आपको स्वप्न में प्यास लगती है, तो आपकी वह भ्रामक प्यास, भ्रामक जल को, भ्रामक पीने की क्रिया से शांत होती है; मगर यह सब उस समय आपके लिए सत्य था, भ्रम नहीं, जब तक कि आप यह नहीं जानते कि वह पूरा स्वप्न ही भ्रम था। जाग्रत के विश्व के विषय में भी ऐसा ही है। जो संवेदनाएं आपको अभी हो रही हैं, वे एकसूत्रता से मेल बिठाकर आप पर ऐसा प्रभाव डाल रही हैं कि आपको जगत सत्य लगता है।

**जाग्रत तथा स्वप्न जगत, दोनों मन की सृष्टि है और जब तक मन उनमें से किसी एक में लीन रहता है, तब तक वह उसकी असत्यता को स्वीकार करने में अपने आपको असमर्थ पाता है।**

इसके विपरीत यदि विश्व स्वयंभू सत्ता, यानी स्वतंत्र सत्य होता, अर्थात अभी आपने जिसे 'जगत की वास्तविक सत्ता' कहा, उससे युक्त होता, तो नींद में आपके समक्ष उपस्थित होने से उसे कौन रोकता है? आप यह तो नहीं कहते कि आपकी नींद के दौरान आपका अस्तित्व नहीं था।

रमण महर्षि

**पोप लिओ XIV | ईसाई धर्मगुरु**



**हमारी असली सुंदरता उम्र बढ़ने के चिह्नों को छिपाने से नहीं आती है, बल्कि प्रेम के उन चिह्नों को सार्वजनिक तौर पर प्रकट करने से आती है, जो कभी खत्म नहीं होते और हमारे शरीर पर भी अंकित रहते हैं।**

# ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाली पहल

अक्षय ऊर्जा दिवस 20 अगस्त को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाना है। वर्ष 2004 में इस दिवस को मनाने का शुभारंभ किया गया था। अक्षय ऊर्जा का मतलब समझना जरूरी है, इस ऊर्जा को तैयार करने के लिए जो विधि अपनाई जाती है, वह पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव नहीं डालती है, इसमें वह ऊर्जा शामिल हैं, जो प्रदूषणकारक नहीं हैं तथा जिनके स्रोत का क्षय नहीं होता या जिनके स्रोत का पुनर्भरण होता रहता है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल-विद्युत ऊर्जा, ज्वार-भाटा से प्राप्त ऊर्जा, बायोगैस, जैव ईंधन आदि नवीनीकरणीय ऊर्जा के कुछ उदाहरण हैं।

हमारा देश प्राकृतिक संपदा वाला देश है, अगर हमारे देश की केंद्र और राज्य सरकारें अक्षय ऊर्जा के प्रति गंभीरता से काम करें, तो यह अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश बन जाए और प्रकृति का शोषण होने से बच जाए। जर्मनी बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए प्रयासरत है। वहां के बहुत से होटल, विद्यालय, अस्पताल सोलर पैनल के जरिये बिजली प्राप्त कर एक सराहनीय काम कर रहे हैं। सोलर पैनल से बिजली प्राप्त करने से एक तो बिजली बिल में कटौती होती है और पर्यावरण पर भी इसका विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। भारत सरकार को चाहिए कि आमजन को सोलर पैनल के लिए जागरूक करे और वित्तीय सहायता दे। बहुत से गांव ऐसे भी होंगे, जहां तार से बिजली ले जाना मुश्किल होगा, खासतौर पर पहाड़ी इलाकों में। सौर ऊर्जा इन समस्याओं से बचा सकता है।

राजेश कुमार चौहान, टिप्पणीकार

**बढ़ती** जनसंख्या, नई-नई तकनीकों के विकास और बिजली की बढ़ती मांग के कारण विश्व स्तर पर ऊर्जा की मांग भी काफी तेजी से बढ़ रही है। इस मांग को नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। यह कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करके पर्यावरण की सुरक्षा में मददगार है।

सौर ऊर्जा को बिजली में बदलकर उपयोग में लाया जा सकता है। इस ऊर्जा को प्रयोग में लाने के लिए सोलर पैनलों की जरूरत होती है। हमारे देश की धरती पर हजारों लाख किलोवाट घंटा प्रति वर्गमीटर के बराबर सौर ऊर्जा आती है। भारत सरकार ने साल 2030 के अंत तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें पवन ऊर्जा से 140 गीगावाट, सौर ऊर्जा से 280 गीगावाट, बायोमास ऊर्जा और लघु जल-विद्युत परियोजनाओं से 80 गीगावाट शामिल है। यदि सौर ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़े, तो इससे जीडीपी दर भी बढ़ेगी।

प्रत्यूष शर्मा, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### अक्षय ऊर्जा दिवस



# नीतिगत चुनौतियों से जूझ रही यह कवायद

पिछले कई वर्षों से हम जिन ऊर्जा स्रोतों को जीवाश्म ईंधन के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं, वे सीमित संसाधन हैं। जहां एक तरफ उनके तैयार होने में लाखों साल लग जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ ज्यादा दोहन के कारण समय के साथ-साथ वे कम होते जा रहे हैं। भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचा मजबूत करने की जरूरत है और इसके साथ ही ऊर्जा के नए-नए स्रोत तलाशना भी जरूरी है।

कहना गलत नहीं होगा कि अगर हम अक्षय ऊर्जा की ओर कदम नहीं बढ़ाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियां ऊर्जा संकट और प्रदूषण का सामना करेंगी। दूसरे शब्दों में कहें, तो इस दिवस को मनाने को लेकर उद्देश्य यह है कि लोग पारंपरिक ऊर्जा (कोयला, पेट्रोलियम) पर निर्भरता कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रेरित और प्रोत्साहित हों। 20 अगस्त को यह दिवस इसलिए चुना गया, क्योंकि यह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्मदिन है और वह भारत में विज्ञान, तकनीक और ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने वाले नेताओं में गिने जाते हैं। गौरतलब है कि भारत में अक्षय ऊर्जा दिवस पहली बार साल 2004 में मनाया गया था और इसकी शुरुआत 'इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी' और नई एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने मिलकर की थी। इस दिन देश के शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों और युवाओं के साथ-साथ आम जन में भी जागरूकता बढ़ाना उद्देश्य रहा है, लेकिन यह भी तथ्य है कि अभी भी भारत अपनी कुल ऊर्जा का 50 प्रतिशत से अधिक कोयले से पैदा करता है।

सच तो यह है कि आज भारत को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मसलन, सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के लिए हमारे यहां भंडारण तकनीक की कमी है। ट्रांसमिशन लाइनों और स्मार्ट ग्रिड की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। सौर और पवन परियोजनाओं के लिए बड़े भू-क्षेत्र या जमीन की आवश्यकता है, बुनियादी ढांचा तो सशक्त होना ही चाहिए। उच्चस्तरीय सौर पैनल, बैटरी व टर्बाइन के लिए हम आयात पर निर्भर हैं। परियोजनाओं से विस्थापन और स्थानीय पारिस्थितिकी पर असर पड़ता है तथा राज्यों व केंद्र की नीतियों में असंगति और अनुमोदन प्रक्रिया में देरी से हमारे देश को विभिन्न नीतिगत चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

अंत में, कहना चाहूंगा कि यदि हमारे देश को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश बनाना है, तो हमें अपने देश को तकनीकी नवाचार, बेहतर नीति, निवेश और स्थानीय भागीदारी से इन चुनौतियों से निपटना होगा।

सुनील कुमार महला, टिप्पणीकार

# एग्रीटेक में आगे आने का मौका

**अब सैटेलाइट, ड्रोन, सेंसर, एआई और डाटा ने खेती की तस्वीर बदल दी है। इसी बदलाव के साथ एग्रीटेक रोजगार और उद्यमिता का नया क्षेत्र बनकर उभरा है। इसे भविष्य के शुरुआती पांच अहम रोजगार क्षेत्रों में शामिल किया जा रहा है। कृषि के साथ तकनीक और डाटा में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए इसमें करियर की अच्छी संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में पढ़ाई और करियर के विकल्प बता रही हैं अंशु सिंह**

## कल की तैयारी

भारत में खाद्य सुरक्षा की आवश्यकता को देखते हुए एग्रीटेक भविष्य के कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण उद्योग क्षेत्रों में गिना जा रहा है। अनुमान है कि अगले 20 वर्षों में भारत का एग्रीटेक बाजार वर्तमान के करीब 3 अरब डॉलर से बढ़कर 25-30 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वर्ष 2030 तक यह क्षेत्र 50 लाख से अधिक नई नौकरियां बनाएगा।

### ड्रोन और डाटा की जरूरत

ऐसा इसलिए, क्योंकि अब खेती अनुभव और अनुमान से आगे स्मार्ट फार्मिंग की ओर बढ़ रही है। मौसम, पानी, मिट्टी और कीटों जैसी चुनौतियों को समझने और समय पर फैसले लेने में सैटेलाइट, सेंसर, ड्रोन और एआई मदद कर रहे हैं। भारत के डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्रीस्टैक व डिजिटल क्रॉप सर्वे जैसी व्यवस्थाएं तैयार की जा रही हैं, जो फसल सर्वेक्षण और कृषि संबंधी फैसलों के लिए जरूरी डाटा उपलब्ध कराती हैं।

### एग्री स्टार्टअप का बढ़ता दायरा

कृषि की बढ़ती जरूरत के साथ एग्रीटेक कंपनियों का दायरा बढ़ा है। आईसीएआर-आईएआरआई और स्टार्टअप इंडिया के एक अध्ययन के अनुसार मान्यता प्राप्त एग्रीटेक कंपनियों की संख्या 2023 में 1540 थी। वर्तमान में इसके 3000 से ज्यादा होने का अनुमान है। इसमें 300 से 350 कंपनियां प्रत्यक्ष रोजगार सृजन कर रही हैं। ये कंपनियां प्रिसिजन फार्मिंग, एआई आधारित सलाह, सप्लाई चेन और एग्री-फिनटेक जैसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं।

**कहां और किस तरह के काम :** ड्रोन, सेंसर और एआई से खेती की निगरानी व सलाह से लेकर फसल की गुणवत्ता, सप्लाई चेन और बाजार तक पहुंच बनाने में तकनीक की भूमिका बढ़ रही है। इसी के साथ ड्रोन, कृषि-इनपुट, एग्री-फिनटेक, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स और डिजिटल कृषि परियोजनाओं में अवसर हैं।



**एग्रीटेक के अहम कौशल**

**ड्रोन**
फसल की निगरानी, कीटनाशक छिड़काव और मैपिंग के लिए

**आईओटी और सेंसर्स**
मिट्टी की नमी, पीएच मान और तापमान का रियल-टाइम डाटा।

**एआई और मशीन लर्निंग**
फसल रोगों की पहचान और उपज का अनुमान

**सैटेलाइट इमेजिंग**
बड़े खेतों की स्वास्थ्य रिपोर्ट और मौसम का पूर्वानुमान

**फील्ड स्किल**
- मिट्टी, फसल, पानी, मौसम और खेती के टिकाऊ तौर-तरीकों के साथ ही परंपरागत खेती की समझ बनाएं।
- बाजार, सप्लाई चेन और बिजनेस की समझ।
- किसान से संवाद, समस्या समझना और समाधान लागू करना भी जरूरी।

प्रिसिजन फार्मिंग विशेषज्ञ, ड्रोन ऑपरेटर, फार्म डाटा एनालिस्ट, आईओटी टेक्नीशियन, जीआईएस और रिमोट सेंसिंग विशेषज्ञ एवं डिजिटल एग्री-एडवाइजर जैसे पदों के साथ एग्रोनॉमी, एआई, फूड टेक्नोलॉजी और क्वालिटी टेस्टिंग में भी विशेषज्ञों की जरूरत है।

**बिजनेस भी विकल्प :** अप्रेंटिसशिप व फील्ड ट्रेनिंग से अपना एग्री-बिजनेस शुरू कर सकते हैं। ड्रोन, फार्म मशीनरी, मृदा जांच व डिजिटल कृषि जैसी तकनीक सीखकर एग्रीटेक कंपनियों, एफपीओ या कस्टम हायरिंग सेंटर से जुड़कर कामकाज का अनुभव ले सकते हैं।

**मिट्टी के बिना खेती की विशेषज्ञता :** इसे हाइड्रोपोनिक्स-एरोपोनिक्स फार्मिंग कहते हैं। हाइड्रोपोनिक्स में बिना मिट्टी, सिर्फ पानी व पोषक तत्वों से खेती होती है। एरोपोनिक्स में हवा में मौजूद जड़ों पर पोषक तत्वों की फुहार से पौधे उगते हैं। इन तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ रहा है और रोजगार व बिजनेस के मौके भी बढ़ रहे हैं। कृषि विश्वविद्यालयों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों व ऑनलाइन कोर्स के माध्यम से इन्हें सीखा जा सकता है। इसमें अधिकतर पत्तेदार सब्जियां, जड़ी-बूटियां, स्ट्रॉबेरी, टमाटर जैसी फसलें उगाई जाती हैं।

**अपस्किलिंग के लिए :** ड्रोन, जीआईएस, रिमोट सेंसिंग, एआई, आईओटी और प्रिसिजन फार्मिंग जैसी तकनीकें कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्र, सरकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों और ऑनलाइन मंचों से सीखी जा सकती हैं। कोर्सेरा, एनपीटीईएल, एडेक्स, स्वयं, फ्यूचर स्किल्स प्राइम और स्किल इंडिया डिजिटल पर संबंधित कोर्स उपलब्ध हैं। आईआईआरएस भी रिमोट सेंसिंग व जीआईएस का प्रशिक्षण देता है। ड्रोन व फार्म मशीनरी में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, जबकि एआई, डाटा और जीआईएस में प्रोजेक्ट उपयोगी हैं।

**कौन से कोर्स देंगे बढ़त :** करियर काउंसलर डॉ. वर्षा वरवंडकर के अनुसार, बीएससी एग्रीकल्चर, फूड टेक्नोलॉजी और रूरल मैनेजमेंट जैसे कोर्स आधार बनाएंगे। आगे मैनेजमेंट, आईएआरआई और आईआईएम से एग्रीबिजनेस, प्रिसिजन फार्मिंग, फार्म ऑटोमेशन, डाटा एनालिटिक्स और क्रॉप एडवाइजरी में विशेषज्ञता ली जा सकती है। निंजाकार्ट, देहाट, एग्रोस्टार और बिजक जैसे एग्रीटेक स्टार्टअप्स में इंटर्नशिप कौशल निखारेगी। इंजीनियरिंग या एमबीए कर चुके युवा कृषि की बुनियादी समझ बढ़ाकर इस क्षेत्र में काम कर सकते हैं। कृषि स्नातक युवा ऑर्गेनिक फार्मिंग, इनपुट सप्लाई, फार्म कंसल्टेंसी जैसे काम भी शुरू कर सकते हैं।

**स्पेशलाइज्ड कोर्स :** आईआईटी रोपड़ का 15 दिवसीय एआई4 एग्रीटेक इंटर्नशिप और एनएआरएम के प्रिसिजन एग्रीकल्चर, एआई-एमएल इन एग्रीकल्चर व एग्रीकल्चर डाटा एनालिसिस प्रोग्राम उपयोगी विकल्प हैं।

**वेतन :** शुरुआत में ड्रोन ऑपरेटर व फील्ड रोल में 2.5-4 लाख रुपये, मिड-लेवल एग्रोनॉमिस्ट व डाटा एनालिस्ट को 6-12 लाख और अनुभवी तकनीकी भूमिकाओं में 15-30 लाख रुपये सालाना पैकेज संभव है। संस्थापक व सीएक्सओ स्तर पर आय साझेदारी व लाभ पर निर्भर होती है।

**विशेषज्ञ की राय**

टेक आधारित खेती में ड्रोन ऑपरेटर फसल की निगरानी, डाटा एनालिस्ट पानी-खाद की जरूरत तय करने, कोल्ड-स्टोरेज व सप्लाई चेन मैनेजर फसल को खेत से बाजार तक पहुंचाने में मदद करते हैं। एफपीओ में बिजनेस मैनेजर व स्टार्टअप्स में सेल्स-मार्केटिंग पेशेवरों की जरूरत है। एग्रीटेक अभी विकसित हो रहा है, इसलिए आगे अवसर बढ़ने की संभावना है।
**-रोहित बजाज,** सह-संस्थापक, बलवान कृषि

कृषि को पूरी वैल्यू चेन के रूप में देखना जरूरी है। एग्रीटेक में अवसर मंडी, उद्योग और वैश्विक बाजार तक बढ़ रहे हैं। कृषि और तकनीक, दोनों की समझ रखने वाले हाइब्रिड पेशेवरों की मांग बढ़ेगी। कंपनियों को कृषि के साथ डाटा, एआई, ड्रोन, सेंसर और डिजिटल प्लेटफॉर्म समझने वाले लोग चाहिए। तकनीक को साकार करने में प्रशिक्षित स्थानीय युवा, एग्री-एडवाइजर्स व तकनीकी सहायता की जरूरत बढ़ेगी।
**शांतनु रूज,** संस्थापक व सीईओ, टीमलीड एडटेक

## जॉब/करियर



- भारतीय स्टेट बैंक में जूनियर एसोसिएट (कस्टमर सपोर्ट एंड सेल्स) क्लेरिकल कैडर के पद रिक्त हैं। ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी अवश्य लें।
**कुल पद :** 9124
**अंतिम तिथि :** 31 अगस्त 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट है-**sbi.bank.in**

- रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा डिपो मैटीरियल सुपरिटेंडेंट एवं जूनियर इंजीनियर के विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
**कुल पद :** 4029
**अंतिम तिथि :** 13 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट है-**rrbapply.gov.in**

- बैंक ऑफ बड़ौदा में लोकल बैंक अधिकारी के पद भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरु है।
**कुल पद :** 2482
**अंतिम तिथि :** 07 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** वेबसाइट देखें-**bankofbaroda.bank.in**

- जनपद महाराजगंज, उत्तर प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकत्रियों के पदों पर आवेदन लिए जा रहे हैं।
**कुल पद :** 305
**अंतिम तिथि :** 01 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। वेबसाइट **upanganwadibharti.in** पर जाएं।

- एनटीपीसी लिमिटेड में डिप्टी मैनेजर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है।
**कुल पद :** 135
**अंतिम तिथि :** 26 अगस्त 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। इस वेबसाइट **ntpc.co.in** पर लॉगइन कर आवेदन करें।

- एअरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अप्रेंटिस की रिक्तियां हैं। प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष होगी।
**कुल पद :** 205
**अंतिम तिथि :** 16 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन। देखें यह वेबसाइट **aai.aero**

- गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमएस), ग्रेटर नोएडा में स्टाफ नर्स के पदों पर आवेदन करने का अवसर है।
**कुल पद :** 100
**अंतिम तिथि :** 07 सितंबर 2026
**आवेदन प्रक्रिया :** ऑनलाइन माध्यम से। संबंधित वेबसाइट **gims.ac.in** पर लॉगइन करें।

(नोट : आवेदन करने से पहले आधिकारिक वेबसाइट से अपने स्तर पर जांच कर लें)

### भेजें अपना सवाल

करियर या शैक्षिक कोर्स संबंधी आपके मन में कोई उलझन है या कोई जानकारी चाहते हैं, तो आप हमें अपने सवाल नीचे दी गई ईमेल पर भेज सकते हैं। हमारे विशेषज्ञ उसके जवाब देंगे। इस ईमेल आईडी का उपयोग करें **nayiraheincareer@gmail.com**

# बीकॉम-ई कॉमर्स के बाद कहां बनाएं करियर

**एक्सपर्ट टिप्स**



डॉ. संजीब कुमार आचार्य
सीनियर करियर काउंसलर



- **बीकॉम-ई कॉमर्स कोर्स में करियर की क्या संभावनाएं हैं?**
**-राकेश धर दूबे**

बीकॉम-ई कॉमर्स पारंपरिक बी.कॉम के साथ डिजिटल बिजनेस, ई-कॉमर्स और टेक्नोलॉजी की समझ देता है। इसमें अकाउंटिंग, फाइनेंस, टैक्सेशन, डिजिटल मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स और ऑनलाइन बिजनेस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इसके बाद ई-कॉमर्स कंपनियों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों, ऑनलाइन रिटेल, स्टार्टअप्स और डिजिटल मार्केटिंग में अवसर मिलते हैं। ई-कॉमर्स एग्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, बिजनेस एनालिस्ट, सेल्स एग्जीक्यूटिव और ई-कॉमर्स मैनेजर जैसे पदों पर काम किया जा सकता है। अतिरिक्त कौशल के साथ डाटा एनालिटिक्स, फिनटेक और डिजिटल पेमेंट्स में भी अवसर हैं।

एडवांस्ड एक्सेल, डिजिटल मार्केटिंग, एसईओ, सोशल मीडिया मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, पावर बीआई, एआई और बेसिक फंडामेंटल एनालिसिस जैसे कौशल उपयोगी हैं। कॉलेज के दौरान इंटर्नशिप जरूरी है। आगे एमबीए, एम.कॉम या डिजिटल मार्केटिंग, बिजनेस एनालिटिक्स, फाइनेंस व ई-कॉमर्स में विशेषज्ञता ली जा सकती है। व्यावहारिक अनुभव और कम्युनिकेशन स्किल्स के साथ अपना ऑनलाइन बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

- **मैंने इंग्लिश लिटरेचर से एमए किया है और सीटेट उत्तीर्ण हूं। पीएचडी के लिए नेट-जेआरएफ की तैयारी ऑनलाइन कैसे करूं? -आयुषी**

यूजीसी-नेट कंप्यूटर आधारित परीक्षा है, जिसमें दो वस्तुनिष्ठ पेपर होते हैं- पहला 100 और दूसरा 200 अंकों का। परिणाम के आधार पर जेआरएफ, असिस्टेंट प्रोफेसर व पीएचडी प्रवेश की पात्रता मिल सकती है। एनटीए वेबसाइट पर नवीनतम सिलेबस व सूचना बुलेटिन जरूर देखें। पेपर-1 में टीचिंग एंड रिसर्च एप्टीट्यूड और पेपर-2 में चुने विषय से जुड़े सवाल होते हैं। ऑनलाइन तैयारी के लिए स्वयं, ई-पीजी पाठशाला, विश्वविद्यालयों के ओपन रिसोर्स और यूजीसीनेटइंग्लिश.इन जैसे प्लेटफॉर्म पर कोर्स, कक्षाएं, मॉक टेस्ट व पिछले वर्षों के प्रश्न उपलब्ध हैं।

पेपर-1 में एनटीए की आधिकारिक सामग्री के साथ किसी अच्छे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से तैयारी करें और नियमित मॉक टेस्ट दें। टीचिंग व रिसर्च एप्टीट्यूड, कम्युनिकेशन, लॉजिकल रीजनिंग, डाटा इंटरप्रिटेशन, आईसीटी व हायर एजुकेशन सिस्टम पढ़ें और हर टॉपिक के बाद पिछले वर्षों के प्रश्न हल कर गलतियों का विश्लेषण करें।

पेपर-2 (इंग्लिश) में ब्रिटिश, अमेरिकन और वर्ल्ड लिटरेचर, इंडियन राइटिंग, लिटरेरी क्रिटिसिज्म एंड थ्योरी, लैंग्वेज-लिंग्विस्टिक्स, कल्चरल स्टडीज व रिसर्च मेथडोलॉजी पर फोकस करें। ऑनलाइन लेक्चर के साथ प्रमुख रचनाएं पढ़ें और लेखकों, रचनाओं, आंदोलनों, आलोचकों व सिद्धांतों के संक्षिप्त नोट्स बनाएं। अरिहंत और ट्रूमैन की यूजीसी-नेट इंग्लिश लिटरेचर जैसी किताबें उपयोगी हैं, लेकिन आधिकारिक सिलेबस व पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को प्राथमिकता दें।

अंतिम 2-3 महीनों में मॉक टेस्ट, पिछले प्रश्नपत्र व कमजोर टॉपिक्स पर ध्यान दें। 6-9 माह की नियमित तैयारी से नेट-जेआरएफ की मजबूत तैयारी की जा सकती है।

(www.sanjibacharya.com)

## हिन्दुस्तान क्विज-19

**हिन्दुस्तान अर्थात भारत की विकास यात्रा बहुआयामी रही है। इसी महायात्रा से हम पाठकों के लिए कुछ प्रश्न लेकर आए हैं, जो सामान्य ज्ञान के लिए उपयोगी हैं। पेश हैं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पार्थ सारथी सेन शर्मा के दस सवाल और उनके जवाब...**



1. जब अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार संसद के लिए चुने गए थे, तो उनका निर्वाचन क्षेत्र कौन सा था?
2. वह कौन से एकमात्र हिन्दुस्तानी क्रिकेटर हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में 2000 से अधिक रन बनाकर भी कभी शतक नहीं जड़ पाए?
3. हिन्दुस्तान के एकमात्र अंग्रेज वायसराय कौन थे, जिनकी हिन्दुस्तान में हत्या की गई थी?
4. फिल्म और टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया किस पुराने फिल्म स्टूडियो के परिसर में स्थापित है?
5. हिन्दुस्तान के किस नगर को दहेज में उपहार स्वरूप दिया गया था?
6. हिन्दुस्तान के किस मशहूर कलाकार का जन्म हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में हुआ था?
7. उस हिन्दुस्तानी टेनिस खिलाड़ी का नाम बताएं, जिसने सक्रिय खेल जीवन के दौरान हॉलीवुड फिल्मों में अभिनय किया है?
8. हिन्दुस्तान का सबसे प्राचीन वाद्य यंत्र किसे माना जाता है?
9. हिन्दुस्तान के पहले उपराष्ट्रपति कौन थे, जो बाद में राष्ट्रपति नहीं बने?
10. हिन्दुस्तान की कौन सी जगह सीताभोग और मिहिदाना नामक मिठाइयों के लिए प्रसिद्ध है?



उत्तर : 1. बलरामपुर, उत्तर प्रदेश 2. चंदू बोर्डे 3. लॉर्ड मेयो 4. प्रभात स्टूडियोज, पुणे 5. मुंबई 6. अमृता शेरगिल 7. विजय अमृतराज 8. वीणा 9. गोपाल स्वरूप पाठक 10. बर्धमान, पश्चिम बंगाल

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन परेशान हो सकता है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सम्मान मिलेगा।

**वृष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। बातचीत में संतुलित रहें। लेखन आदि कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**मिथुन :** मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। पिता व संतान की सेहत का ध्यान रखें। आय में कमी और खर्च में अधिकता की स्थिति हो सकती है।

**सिंह :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे।

**कन्या :** मन अशांत रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**तुला :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। किसी अन्य स्थान पर भी जा सकते हैं।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में भी उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। संतान सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

**मकर :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कुंभ :** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। किसी मित्र से धन मिल सकता है।

**मीन :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

20 अगस्त, गुरुवार, शक संवत् : 29, श्रावण, (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग :** 04, भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम :** 06, रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत् :** श्रावण शुक्ल अष्टमी तिथि रात्रि 09.19 मिनट तक पश्चात नवमी तिथि, विशाखा नक्षत्र प्रातः 09.09 मिनट तक पश्चात अनुराधा नक्षत्र, ऐन्द्र योग रात्रि 04.26 मिनट तक, विष्टि (भद्रा) करण प्रातः 08.20 मिनट तक, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में (दिन रात)। **सूर्य दक्षिणायन।** सूर्य उत्तर गोल। दोपहर 01.30 मिनट से अपराह्न 03 बजे तक राहुकालम्। श्रीदुर्गाष्टमी।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

वास्तु शास्त्र के अनुसार ब्रह्मस्थान पर क्या नहीं होना चाहिए :
- ब्रह्मस्थान पर तिजोरी होने से उसमें धन नहीं रुकता है और धन आगमन में भी बाधा आती है। ब्रह्मस्थान पर कबाड़ होने से जिंदगी में अड़चन आती रहती है।
- ब्रह्मस्थान पर शौचालय होने से भवन में बीमारियों का प्रकोप बना रहता है।
- इस स्थान पर पानी की टंकी होने से व्यवसाय में हानि, रसोई होने से घर में क्लेश होना एवं गड्ढा होना आर्थिक व शारीरिक रूप से अत्यधिक हानिकारक होता है।
- यदि ब्रह्मस्थान में जनरेटर आदि हो तो फैक्ट्री में आए दिन मशीन खराब रहती है तथा उत्पादन प्रभावित होता है।

### वर्ग पहेली : 8426



**बाएं से दाएं**
1. घूस खाने वाला; रिश्वतखोर (4)
7. माखन चुराने वाला; श्रीकृष्ण (5)
8. चुनौती देना; युद्ध के लिए बुलाना; लड़ने के लिए उकसाना (5)
9. ढीलापन; थकावट; शैथिल्य; श्रांति (3)
11. अलक; केशपाश; जुल्फ; बालों का गुच्छा; सिर के उलझे और गुथे हुए बाल (2)
13. खड्ग; तलवार; भुजाली (2)
14. बिक्री के लिए सामान आना; माल की आमद; प्राप्ति (3)
17. खुशबूदार; महकने वाला; सुगंधित (5)
18. जिसे स्वीकार किया जा सके; ठीक; सही; स्वीकारात्मक (5)
19. धीरे-धीरे मलना; हाथ फेरना; गुदगुदाना; खुजलाना (4)

**ऊपर से नीचे**
2. मालिक; प्रशासन (4)
3. कमलापति; रमाकांत; लक्ष्मीनाथ; विष्णु (4)
4. बिगाड़; विरोध; झंझट; झगड़ा (4)
5. इहलोक त्यागना; परलोक जाना; स्वर्गवास हो जाना; मरना (4,4)
6. ऐसी समस्या में फंसना जिससे उबरना कठिन हो; कीचड़ में फंसना; भारी मुसीबत में पड़ना (2,2,1,3)
10. अंत; मृत्यु; समय (2)
12. किश्ती; डोंगी; नौका (2)
14. मतैक्य; सर्वसम्मति; सामंजस्य (2,2)
15. काम से जी चुराने वाला; सुस्त (4)
16. रसोईघर (4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8425

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 य | ■ | 2 आ | ■ | 3 म | र | 4 ह | म | ■ |
| 5 म | न | भा | व | न | ■ | व | ■ | 6 क |
| लो | ■ | र | ■ | 7 स | र | ल | त | म |
| 8 क | च्चा | ■ | ■ | ब | ■ | दा | ■ | र |
| प | ■ | 9 बा | ल | ■ | 10 पी | र | ■ | सी |
| हुं | ■ | त | ■ | 11 जा | ■ | ■ | 12 क्रो | धी |
| 13 चा | ल | च | ल | न | ■ | 14 आ | ■ | क |
| ना | ■ | ला | ■ | 15 वे | ज | न | दा | र |
| ■ | 16 अ | ना | द | र | ■ | न | ■ | ना |

### सुडोकू : 8380

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | 2 | | 6 | | 3 | | 4 | |
| | | 1 | | | | 2 | | |
| | | 3 | | 2 | | 1 | | |
| | 8 | 4 | | | | 5 | 9 | |
| | | 2 | | 8 | | 6 | | |
| | | 7 | | | | 3 | | |
| | 3 | | 7 | | 5 | | 1 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | 7 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 9 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 2 | 1 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 |

## चिंतन

# बदलते भारत ने बदला अमेरिका का नजरिया

कश्मीर को लेकर अब दुनिया का नजरिया बदलने लगा है। इसे समझने के लिए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का जम्मू-कश्मीर दौरा अहम है। आर्टिकल-370 हटने के बाद किसी अमेरिकी राजदूत का कश्मीर में पहला आधिकारिक दौरा और इस दौरान जम्मू-कश्मीर को भारत का अहम हिस्सा बताना महज एक औपचारिक बयान नहीं है, बल्कि यह उस बदलते भारत की तस्वीर है जो अब आंखों में आंखें डालकर बात करता है और दुनिया में तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। बता दें कि इससे पहले अमेरिका पाक समर्थित बयान देता आया है और शुरुआती दशकों में अमेरिका जम्मू-कश्मीर को एक 'विवादित क्षेत्र' और भारत-पाकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय या त्रिपक्षीय राजनीतिक समस्या के रूप में देखता रहा है। अब सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अमेरिकी राजदूत ने कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था की भी तारीफ की। उन्होंने माना कि नई दिल्ली और स्थानीय सरकार ने सुरक्षा के लिए काफी काम किया है। अमेरिका अपने नागरिकों के लिए जारी ट्रैवल एडवाइजरी में इस स्थिति को ध्यान में रखेगा, यह संकेत भी अपने आप में अहम है। कश्मीर की कहानी लंबे समय तक आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा और अशांति के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 1989 के बाद घाटी में शुरू हुई हिंसा ने न केवल स्थानीय जीवन को प्रभावित किया, बल्कि दुनिया के सामने कश्मीर की एक ऐसी छवि बनाई, जिसमें सामान्य जिंदगी और विकास पीछे छूट गए। विदेशी सरकारों ने भी अपने नागरिकों को यहां यात्रा न करने की सलाह दी। अमेरिका की लेवल-4 ट्रैवल एडवाइजरी इसी लंबे सुरक्षा संकट की अंतरराष्ट्रीय अभिव्यक्ति रही है। पिछले कुछ वर्षों में तस्वीर बदलने की कोशिश स्पष्ट दिखाई देती है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ पर्यटन, निवेश, आधारभूत ढांचे और लोकतांत्रिक गतिविधियों पर जोर बढ़ा है। ऐसे में किसी बड़े देश के राजदूत का कश्मीर पहुंचकर स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। यह दौरा भारत की कूटनीतिक सफलता के लिहाज से भी अहम है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न हिस्सा है और यहां की स्थिति को बाहरी नजरिए से नहीं, बल्कि जमीनी वास्तविकताओं के आधार पर समझा जाना चाहिए। कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला का यह कहना कि बातचीत में जम्मू-कश्मीर से जुड़े पुराने मुद्दों पर भी चर्चा हुई, बताता है कि कश्मीर की कहानी केवल केंद्र और विदेशी सरकारों के बीच कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं है। स्थानीय सरकार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। यदि सुरक्षा के साथ राजनीतिक संवाद और विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ती है तो बदलाव अधिक टिकाऊ होगा। अब अमेरिका की ट्रैवल एडवाइजरी में बदलाव इस बदलती तस्वीर की अगली बड़ी परीक्षा हो सकती है। यदि भविष्य में अमेरिका अपने नागरिकों के लिए कश्मीर को लेकर चेतावनी का स्तर कम करता है, तो इससे पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय धारणा दोनों को सकारात्मक बल मिलेगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि सुरक्षा और सामान्य स्थिति को लगातार बनाए रखा जाए। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि बदलते भारत ने दुनिया को नजरिया बदलने का कारण दिया है और गोर का दौरा इसका महत्वपूर्ण संकेत है। भारत के लिए अब चुनौती केवल यह साबित करना नहीं है कि कश्मीर बदल गया है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि यह बदलाव स्थायी, समावेशी और दिखाई देने वाला हो, तभी बदलते भारत की तस्वीर दुनिया की नजरों में पूरी तरह मजबूत होगी।



आत्मनिर्भरता
महेन्द्र तिवारी

# रक्षा क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

> रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3,070 करोड़ रुपये है। इसका लक्ष्य ऐसा मजबूत राष्ट्रीय रक्षा औद्योगिक तंत्र तैयार करना होना चाहिए जो सेना की जरूरतों को समय पर पूरा करे, नई तकनीक विकसित करे, युवाओं को रोजगार दे, उद्योगों को अवसर प्रदान करे और भारत को विश्व के रक्षा बाजार में एक विश्वसनीय निर्माता के रूप में स्थापित करे। यदि नीति, उद्योग, अनुसंधान और सैन्य जरूरतों के बीच प्रभावी तालमेल बना रहा तो आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव केवल रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा।

भारत की रक्षा नीति इन दिनों एक ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, जिसमें लक्ष्य केवल विदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद करना नहीं, बल्कि उनके निर्माण की पूरी व्यवस्था को देश के भीतर विकसित करना है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3,070 करोड़ रुपये है। सूची में भारतीय तटरक्षक बल से संबंधित 16 वस्तुएं और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित 389 वस्तुएं शामिल हैं।

यह निर्णय भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पहली दृष्टि में 405 वस्तुओं की संख्या सामान्य लग सकती है, लेकिन इस सूची का वास्तविक महत्व इसकी संख्या से कहीं अधिक है। इसमें केवल बड़े हथियार या सैन्य वाहन शामिल नहीं हैं, बल्कि उनके लिए आवश्यक उपप्रणालियां, कलपुर्जे, अतिरिक्त पुर्जे, उपसंयोजन और कच्चा माल भी शामिल हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत अब रक्षा आत्मनिर्भरता को केवल लड़ाकू विमान, टैंक, हेलीकॉप्टर या युद्धपोत बनाने तक सीमित नहीं रखना चाहता। उसकी कोशिश उन छोटी से छोटी वस्तुओं को भी देश में बनाने की है, जिनकी उपलब्धता किसी बड़े सैन्य उपकरण के संचालन के लिए अनिवार्य होती है। नई सूची में उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर, हल्के उपयोगिता हेलीकॉप्टर, सुखोई 30 मार्क-I, हल्के लड़ाकू विमान और एएल 31 एफपी इंजन जैसे वायु मंचों से जुड़ी वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा टी-72, टी-90 और बीएमपी-2 जैसे बख्तरबंद सैन्य मंचों से संबंधित सामग्री भी सूची में है। युद्धपोतों, मिसाइल प्रणालियों, रडार, सोनार, अग्नि नियंत्रण प्रणाली और उपग्रह संचार जैसी महत्वपूर्ण रक्षा प्रणालियों से जुड़ी वस्तुओं को भी स्वदेशीकरण के दायरे में लाया गया है। उच्च विस्फोटक टैंक रोधी गोला बारूद तथा अन्य महत्वपूर्ण रक्षा उपकरण भी इसका हिस्सा हैं।

इस निर्णय को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि आधुनिक युद्ध केवल बड़े हथियारों से नहीं लड़ा जाता। किसी लड़ाकू विमान की क्षमता उसके इंजन के साथ साथ उसके रडार, संचार उपकरण, नियंत्रण प्रणाली और अनेक छोटे कलपुर्जों पर निर्भर करती है। इसी तरह टैंक केवल उसके मुख्य हथियार से प्रभावी नहीं होता, बल्कि उसकी दृष्टि प्रणाली, संचार व्यवस्था, इंजन, सुरक्षा उपकरण और अनेक अन्य प्रणालियां उसके युद्धक प्रदर्शन को निर्धारित करती हैं। यदि इन महत्वपूर्ण हिस्सों में से किसी एक की आपूर्ति विदेश से रुक जाए तो पूरा सैन्य मंच प्रभावित हो सकता है। इसलिए वास्तविक रक्षा आत्मनिर्भरता का अर्थ हथियारों के साथ उनकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। यही कारण है कि नई सूची भारत की सामरिक सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। युद्ध जैसी आपात स्थिति में किसी देश की सैन्य शक्ति केवल उसके पास मौजूद हथियारों की संख्या से तय नहीं होती, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह अपने हथियारों को कितने लंबे समय तक सक्रिय रख सकता है। यदि किसी महत्वपूर्ण पुर्जे के लिए विदेशी आपूर्ति पर निर्भरता बनी रहे तो युद्ध की स्थिति में सैन्य



तैयारी प्रभावित हो सकती है। स्वदेशी उत्पादन ऐसी निर्भरता को कम करता है और सेना को आवश्यक सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायता करता है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय उद्योग के लिए खुलने वाला नया बाजार है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार नई सूची में शामिल प्रत्येक वस्तु के स्वदेशीकरण के लिए एक सांकेतिक समयसीमा तय की गई है। स्वदेशी विकास सफल होने के बाद इन वस्तुओं की खरीद भारतीय उद्योग से की जाएगी। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और भारतीय तटरक्षक बल उद्योग की भागीदारी के साथ विभिन्न माध्यमों से इन वस्तुओं के स्वदेशीकरण का कार्य करेंगे। इसमें छोटे और मध्यम उद्योगों की भागीदारी को महत्व दिया गया है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह अवसर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि रक्षा क्षेत्र में प्रवेश करना लंबे समय तक कठिन माना जाता रहा है। रक्षा उपकरणों की जटिल तकनीक, कठोर गुणवत्ता मानक और सीमित बाजार के कारण छोटी कंपनियों के लिए इस क्षेत्र में निवेश करना जोखिमपूर्ण रहा है। यदि सरकार और रक्षा सार्वजनिक उपक्रम पहले से यह स्पष्ट कर दें कि किन वस्तुओं की खरीद देश के भीतर से की जाएगी, तो उद्योगों को उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए अधिक निश्चितता मिलती है। इससे निजी निवेश बढ़ सकता है और नई तकनीक विकसित करने की प्रक्रिया को गति मिल सकती है। इस दिशा में सृजन रक्षा पोर्टल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों और सेवा मुख्यालयों द्वारा आवश्यक रक्षा सामग्री को देश के उद्योगों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों तथा नवोदित कंपनियों के सामने रखना है, ताकि उनका स्वदेशी विकास और उत्पादन किया जा सके। जून 2026 तक इस पोर्टल के माध्यम से 33,000 से अधिक रक्षा वस्तुओं को स्वदेशीकरण के लिए उद्योगों के सामने उपलब्ध कराया जा चुका था। हालांकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की राह चुनौतियों से मुक्त नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती गुणवत्ता की है। सामान्य औद्योगिक उत्पाद और सैन्य उपकरण एक समान नहीं होते। रक्षा क्षेत्र में किसी छोटे पुर्जे की खराबी भी गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। इसलिए भारतीय कंपनियों को केवल कम लागत में वस्तु बनाने की क्षमता विकसित करने के बजाय उच्च विश्वसनीयता और कठोर परिस्थितियों में लगातार काम करने की क्षमता विकसित करनी होगी। दूसरी चुनौती अनुसंधान और विकास की है।

यदि भारत केवल विदेशों में विकसित तकनीक की नकल करके पुर्जे बनाने तक सीमित रहता है तो इसे वास्तविक आत्मनिर्भरता नहीं कहा जा सकता। असली आत्मनिर्भरता तब होगी जब भारतीय वैज्ञानिक, अभियंता, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान और उद्योग मिलकर नई तकनीक विकसित करेंगे। रक्षा क्षेत्र में भविष्य की प्रतिस्पर्धा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित प्रणालियों, उन्नत सामग्री, अंतरिक्ष तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और अत्याधुनिक सेंसर जैसी तकनीकों पर अधिक निर्भर होगी,इसलिए स्वदेशीकरण को अनुसंधान से जोड़ना आवश्यक है। रक्षा आत्मनिर्भरता का अंतिम लक्ष्य आयात के आंकड़े घटाना भर नहीं होना चाहिए। इसका लक्ष्य ऐसा मजबूत राष्ट्रीय रक्षा औद्योगिक तंत्र तैयार करना होना चाहिए जो सेना की जरूरतों को समय पर पूरा करे, नई तकनीक विकसित करे, युवाओं को रोजगार दे, उद्योगों को अवसर प्रदान करे और भारत को विश्व के रक्षा बाजार में एक विश्वसनीय निर्माता के रूप में स्थापित करे। यदि नीति, उद्योग, अनुसंधान और सैन्य जरूरतों के बीच प्रभावी तालमेल बना रहा तो आने वाले वर्षों में इसका प्रभाव केवल रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। यह भारत के औद्योगिक विकास, तकनीकी क्षमता, रोजगार और सामरिक स्वायत्तता को भी नई गति दे सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

डॉ. मोनिका शर्मा



# निलंबित करना काफी नहीं सख्त सजा से रुकेगी रैगिंग

बीते दिनों सूरत मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र ने वरिष्ठ छात्रों द्वारा की जा रही रैगिंग से तंग आकर आत्महत्या कर ली। प्रथम वर्ष के नौ रेजिडेंट डॉक्टरों और आत्महत्या करने वाले छात्र के पिता की शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई के तहत चार रेजिडेंट डॉक्टरों को अनुशासनहीनता और गंभीर लापरवाही के कारण छह महीने के लिए निलंबित किया गया है। छात्रों द्वारा लिखित शिकायत में चारों रेजिडेंट डॉक्टरों पर मानसिक उत्पीड़न, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाने के बाद कॉलेज की एंटी-रैगिंग कमेटी ने यह कार्रवाई की है। सवाल यह है कि किसी परिवार के सपने उजाड़ने और एक युवक को जिंदगी से हारने की मनः स्थिति तक लाने वालों के लिए यह सजा काफी है? क्या गिनती के महीनों के लिए निलंबन भर की सजा से विद्यार्थियों का मनोबल तोड़ने वाली पीड़ादायी घटनाओं की पुनरावृत्ति रुकेगी? अपने जूनियर छात्रों को अपमानित करने की बर्बर सोच और संवेदना शून्य व्यवहार वाले डॉक्टरों पर दंड का क्या ही असर होगा? सच तो यह है कि नाममात्र सजा मिलना ही इन घटनाओं के दोहराव का कारण है। विडम्बना ही है कि नए सत्र में परिचय और वरिष्ठता की हनक दिखाने के नाम पर रैगिंग की भयावह परम्परा हर साल कई विद्यार्थियों का जीवन लील जाती है। पहली बार घर से दूर गए बच्चों के लिए मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न का कारण बनती है। स्कूलों से लेकर व्यावसायिक कॉलेजों तक, रैगिंग की बेहूदा घटनाओं आते रहते हैं। जबकि ऐसे वाकये भावी प्रतिभाओं को ही नहीं पूरे परिवार और समाज को आघात पहुंचाने वाले हैं। आखिर क्यों देश के हर हिस्से में स्कूल-कॉलेज आए नये बच्चे भय और चिंता झेलने को विवश हों? देखा जाए तो ऐसे किसी दस्तूर की जरूरत ही क्या है ? भविष्य बनाने के नये पड़ाव पर संस्थान के अपरिचित परिवेश में पहले ही भय से जूझ रहे का मनोबल तोड़ना कहां तक उचित है?

इन स्थितियों का नये बच्चों को संबल देने, सहज रहने के बजाय संस्थान का माहौल बिगाड़ने में ज्यादा योगदान है।बच्चों को पढ़ाई-लिखाई से ही विमुख करने वाली यह बर्बरता बहुत से बच्चों को आत्महत्या करने की कगार पर ले जाती है। बहुत से बच्चे तो भय के परिवेश में पढ़ाई तक छोड़ देते हैं। वस्तुतः, शारीरिक पीड़ा पहुंचाने वाला यह दुर्व्यवहार बच्चों को मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से भी गहराई से प्रभावित करता है। कहना गलता नहीं होगा कि शोषण की मानसिकता लिए यह बर्ताव पीड़ित बच्चों के मानवाधिकारों का हनन ही है। बावजूद इसके कनिष्ठ विद्यार्थियों को निर्वस्त्र करना, यौन उत्पीड़न, घृणित स्तर का मजाक, अपशब्द कहना और जबरन नशा करवाना तक अब रैगिंग का हिस्सा बन गए हैं। जीवन तक छीन लेने वाले इस बर्बर बर्ताव में सीनियर छात्र अपनी हनक दिखने के नाम पर निम्नतम स्तर की विकृत मानसिकता का परिचय देने लगे हैं। बावजूद इसके कारवाई के नाम पर सस्पेंड भर करने की खाना पूर्ति इनका दुस्साहस बढ़ाती है। उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्ष 2001 से ही रैगिंग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भी कई नियम लागू किए गए हैं। यूजीसी द्वारा कॉलेजों में रैगिंग रोकने के लिए विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को लिखे पत्र में कहा चुका है कि प्रॉस्पेक्टस पर रैगिंग रोकने के नियमों और उससे जुड़े कानूनों को भी प्रकाशित करवाएं। कुछ साल पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी स्कूलों में रैगिंग के बढ़ते मामलों और खतरों को देखते हुए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए थे।ध्यातव्य है कि यूजीसी एंटी-रैगिंग रेगुलेशन-2009 देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू होता है। उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, गोवा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम, केरल जैसे राज्यों ने अलग से कानून बनाया हुआ है। बावजूद इसके शिकायतों के आंकड़े बढ़ रहे हैं। नेशनल एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को देखें तो 2021 के मुकाबले 2025 में रैगिंग से संबन्धित शिकायतें दोगुनी हो गई हैं। संसद में पेश किए गए शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार साल 2022 से लेकर 2025 तक उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं 51.64 प्रतिशत बढ़ी हैं। यह हाल तब है जब बहुत से विद्यार्थी भय के कारण शिकायत करने का साहस भी नहीं जुटा पाते। असल में नियम-क़ानूनों के बावजूद सख्त सजा न मिलने के कारण ही ऐसी बर्बर घटनाओं का होना जारी है। ऐसे मामलों में लिप्त लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी आवश्यक है। रैगिंग की हर घटना में ही दूसरों का भविष्य बिगाड़ती अमानवीय सोच रखने वालों के अपने भविष्य से जुड़ी सहज स्थितियां हर हाल में कायम रहती हैं।यही बात इस दुर्व्यवहार से जुड़े दुस्साहस को बढ़ाती है ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले मानव ही बनते हैं संत



संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## जिसका भी मनोबल जागा



संकलित
प्रेरणा

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उस पर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेरोजगार युवा कीमती समय बर्बाद न करें

शिक्षा का मकसद केवल अफसर या बाबू बनने का सपना ही नहीं होना चाहिए। शिक्षा का मकसद विद्यार्थियों को हर उस काम के लिए तैयार करना भी होना चाहिए जिससे वो किसी भी काम को छोटा समझकर अपने रोजगार के अवसर को ठुकरा न दें और बाबू या अफसर बनने के चक्कर में अपना कीमती समय बर्बाद न कर दें। इसमें कोई बुरी बात नहीं है कि बड़े-बड़े सपने न देखे जाएं। हर मां-बाप और विद्यार्थियों का सपना होता है कि उच्च शिक्षा और इस पर भारी खर्च करके कोई उच्च कोटि की नौकरी मिल जाए, लेकिन जिस तरह हमारे देश में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और बेरोजगारी की लाइन लंबी होती जा रही है, उसके लिए जरूरी हो गया है कि युवा रोजगार का कोई भी मौका हाथ से न जाने दें। *- मदन साहू, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### अंतरिक्ष यात्रियों ने खराब आईएसएस एंटीना हटाया



भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और उनकी फ्रांसीसी साथी सोफी एडेनॉट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का 'स्पेस-टू-ग्राउंड' एंटीना को बदलने का काम निर्धारित समय में पूरा नहीं कर सके। अब यह काम भविष्य में अंतरिक्ष की एक अन्य चहलकदमी के दौरान पूरा किया जाएगा। छह घंटे 23 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी के दौरान दोनों अंतरिक्ष यात्रियों ने खराब हो चुके एंटीना को सफलतापूर्वक हटाकर सुरक्षित स्थान पर रख दिया। भारत में केरल से ताल्लुक रखने वाले मेनन के लिए यह अंतरिक्ष में चहकदमी का दूसरा मौका था। वहीं, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़ी सोफी इस अभियान के तहत अंतरिक्ष में चहलकदमी करने वाली पहली फ्रांसीसी महिला बन गईं। अंतरिक्ष यात्रियों को दो काम करने थे- खराब एंटीना को हटाना और उसकी जगह नया एंटीना लगाना। हालांकि, पावर और डेटा कनेक्टर को निकालने, एंटीना के जिम्बल असेंबली में लॉकिंग पिन लगाने और उसे उसके बूम से अलग करने में अपेक्षा से अधिक समय लग गया। एंटीना को उसके बूम से हटाते समय अंतरिक्ष यात्रियों को 'रैचेट रिंच' से अतिरिक्त प्रयास करते हुए देखा गया।

## ऑफ बीट

### आपकी माफी किस तरह प्रभावशाली हो सकती है



जब आप किसी से माफी मांगते हैं तो कई बार ऐसे सही शब्द खोज पाना मुश्किल हो जाता है, जिससे सामने वाले को लगे कि वाकई आप क्षमा मांग रहे हैं। लेकिन ऐसे कुछ भाषाई तरीके हैं जिनका इस्तेमाल करके आप अपना सटीक संदेश प्रभावशाली तरीके से दे सकते हैं। हम जो शब्द चुनते हैं उनकी लंबाई इस बात को प्रभावित करती है कि माफी कितनी ईमानदार से मांगी जा रही है। क्षमा को अक्सर 'हल्की बात' के रूप में वर्णित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति 'सॉरी' बोल देता है, भले ही वह वास्तव में कैसा भी महसूस करता हो। लेकिन माफी काम भी करती है। शोध से पता चलता है कि अगर कोई व्यक्ति माफी मांगता है तो लोग बेहतर महसूस करते हैं और इस बात की संभावना अधिक होती है कि वे माफी मांगने वाले के साथ फिर से सहयोग करें। माफी को अधिक प्रेरक बनाने का एक तरीका इसे महंगा बनाना है। जब क्षमाप्रार्थी लोग पैसे, प्रयास या समय खर्च करने के रूप में लागत वहन करने को तैयार होते हैं, तो उनकी माफी को बेहतर तरीके से स्वीकार किया जाता है। साल 2009 के एक अध्ययन में पाया गया कि लोग उस तरह की माफी से अधिक आश्वस्त होते हैं जिसके लिए क्षमा मांगने वाले को पैसे खर्च करने पड़ते हैं, न कि उन माफी से जो बिना किसी लागत के दी जा सकती हैं।

## X ट्रेंड

### पदों की संख्या कम



हम आईएएस, आईएफएस और आईपीएस पदों की संख्या कम कर रहे है। योजनाओं को ठीक से लागू करने के लिए जितने की जरूरत होगी, उतने ही रखे जाएँगे। इससे राज्य के लगभग 200 करोड़ रुपये बचेंगे।
-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### रिपोर्ट पर कार्रवाई



हमने सदन मे कैग की 19 रिपोर्ट पेश की, जिनमें से हर एक मे केजरीवाल सरकार के समय हुए किसी न किसी घोटाले का जिक्र था। इन सभी रिपोर्ट पर कार्रवाई चल रही है। सत्येंद्र जैन ने जल बोर्ड मे घोटाला किया था, इसी वजह से वे जेल गए हैं। कार्रवाई जारी है और एजेंसियां अपना काम कर रही है।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अमित शाह का दबाव



गिरफ्तारी तब की जाती है जब पुलिस को किसी व्यक्ति से पूछताछ करनी हो। पुलिस ने सत्येंद्र जैन को हिरासत मे नही लिया। इसका मतलब है कि सत्येंद्र से पूछताछ की कोई जरूरत नही है। उन्हें सिर्फ अमित शाह के दबाव मे गिरफ्तार किया गया है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ऊर्जा का स्रोत



गुस्सा भले ही ऊर्जा का स्रोत लगे, लेकिन यह अंधा होता है। इसके कारण हम अपना संयम खो बैठते है। नकारात्मक भावनाएं, जो अक्सर अचानक उठने वाली इच्छा से पैदा होती हैं, उन्हें तर्क से सही नही ठहराया जा सकता।
- दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

- 📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]
- 📍 Hindi Editorials PDF
- 📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

Click Here